CMYK

तापमान अधिकतम :31°C न्यूनतम: 19°C

सेंसेक्स 75,157.26 निफ्टी 22,828.55

सोना 92,565 चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 14 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 92 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 17 विक्रमी सम्वत् 2082 15 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ईरान के आगे झुका अमेरिका**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वनडे में दो गेंद नियम पर हो सकता है बदलाव**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## एनटीपीसी की तीन यूनिटें ठप

### दिल्ली-उप्र समेत नौ राज्यों में गहराया बिजली संकट

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** एनटीपीसी परियोजना में एक के बाद एक तीन यूनिटें बंद हो गई हैं। यूनिट संख्या तीन में सूट ब्लोअर कपलिंग टूट गई। चार नंबर इकाई के बॉयलर में रिसाव होने से उसे बंद कर दिया गया।

वहीं पांचवीं यूनिट में भी तकनीकी खराबी आने से उसे बंद कर दिया गया है। एक साथ तीन यूनिटें बंद होने से अधिकारियों में खलबली मच हुई है। हालांकि जिम्मेदार यूनिटों को शुरू कराने के प्रयास में लगे हुए हैं। एनटीपीसी परियोजना में छह यूनिटें स्थापित हैं। इसमें पांच यूनिटों से 210-210 व छठवीं से 500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। बताते हैं कि कि शनिवार की रात यूनिट नंबर चार के बॉयलर में रिसाव होने लगा जिसके कारण उसे बंद कर दिया गया। इसी दौरान पहले से बंद तीन नंबर



यूनिट को शुरू किया गया, लेकिन शुरुआत में ही सूट ब्लोअर कपलिंग टूट गई जिसके कारण उसे बंद करना पड़ा। इंजीनियरों की टीम ने दोनों यूनिटों की मरम्मत शुरू की। इसी बीच पांचवीं यूनिट में भी खराबी आ गई और उसे भी बंद करना पड़ा। एक साथ तीन यूनिटों के बंद होने से परियोजना में बिजली उत्पादन पर बुरा असर पड़ा है। सूत्रों की मानें तो इस समय परियोजना की यूनिट एक दो व छह नंबर यूनिट से लगभग 920 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। परियोजना के जनसंपर्क अधिकारी ऋषभ शर्मा ने बताया कि तीन व पांच नंबर यूनिट ग्रिड में अर्थिंग की समस्या के कारण बंद किया गया है। चौथी यूनिट में उत्पादन शुरू हो गया है। बंद दोनों यूनिटें भी जल्द शुरू की जाएंगी। ऊंचाहर विद्युत परियोजना से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली व उत्तर प्रदेश को बिजली आपूर्ति की जा रही है। तीन यूनिटों के अचानक बंद होने से उत्पादन घट गया है। जानकारों का कहना है कि उत्पादन कम होने से सभी राज्यों पर बिजली का संकट बढ़ेगा। हालांकि परियोजना प्रशासन का कहना है कि एक यूनिट को शुरू करा लिया गया है।

## केरल गवर्नर को नहीं पसंद सुप्रीम कोर्ट की दखलंदाजी

### राजेंद्र आर्लेकर बोले: संविधान संशोधन कोर्ट करेगा, तो सदन क्या करेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ज्यूडिशियल ओवररीच बताया है। ज्यूडिशियल ओवररीच का मतलब कोर्ट का सीमा पार कर कार्यपालिका और विधायिका में दखल होता है। उन्होंने आगे कहा कि कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रहेगी।

केरल राज्यपाल ने कहा कि संविधान में गवर्नर के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं है। कोर्ट द्वारा 3 महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन जैसा है। दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते। न्यायपालिका खुद मामलों को वर्षों लंबित रखती है, ऐसे में राज्यपाल के पास भी कारण हो सकते हैं। उन्होंने



**कहा: संविधान में बिल पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं, दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते**

कहा कि केरल राजभवन में कोई बिल लंबित नहीं है। कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए हैं। गौरतलब है कि केरल सरकार भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट गई है, जिस पर 13 मई को सुनवाई है। केरल सरकार ने सीजेआई संजीव खन्ना से अपना केस जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच को भेजने का आग्रह किया है।

अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया।

## राहुल-प्रियंका ने जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री गांधी ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए वीर बलिदानियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यह नरसंहार एक तानाशाही शासन की क्रूरता का प्रतीक है, जिसे यह देश कभी नहीं भूल सकता। इस अन्याय और अत्याचार के खिलाफ हमारे वीर शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध डट कर लड़ने की प्रेरणा देता रहेगा। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि क्रूर और अत्याचारी अंग्रेजी हुकूमत का सामना करते हुए देश के लिए बलिदान देने वाले जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को सादर नमन।

## बुआ मायावती ने भतीजे आकाश को किया माफ

**लखनऊ।** बसपा से निष्कासित किए गए आकाश आनंद द्वारा पार्टी सुप्रीमो मायावती से माफी मांगने के कुछ ही घंटे बाद मायावती ने बड़ा दिल दिखाते हुए उन्हें माफ कर दिया। इस बात की पुष्टि स्वयं बसपा प्रमुख ने अपने ट्विटर हैंडल पर की है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि आकाश आनन्द द्वारा एक्स पर आज अपने चार पोस्ट में सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानने व सीनियर लोगों को पूरा आदर-सम्मान देने के साथ ही अपने ससुर की बातों में आगे नहीं आकर बीएसपी पार्टी व मूवमेन्ट के लिए जीवन समर्पित करने के मद्देनजर इन्हें एक और मौका दिए जाने का निर्णय। मायावती ने आगे लिखा कि वैसे अभी मैं स्वस्थ्य हूं और जब तक पूरी तरह से स्वस्थ्य रहूंगी, मान्यवर श्री कांशीराम जी की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के लिए पूरे जी-जान व तन्मयता से समर्पित रहकर कार्य करती रहूंगी। ऐसे में मेरे उत्तराधिकारी बनाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से आठ श्रमिकों की मौत

**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश में अनकापल्ली जिले के कैलासपट्टनम गांव में रविवार को एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में विस्फोट से आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घटना उस समय हुई, जब श्रमिक पटाखे बना रहे थे। इसी दौरान विस्फोटक पदार्थ में गलती से विस्फोट हो गया। मृतकों की पहचान अप्पिकोंडा ताताबाई (50), संगराती गोविद (45), दादी रामलक्ष्मी (38), देवरा निर्मला (36), पुरम पापा (40), गुम्पिना वेणुबाबू (40), शेनपल्ली बाबू राव (56) और चादलवाड़ा मनोहर (50) के रूप में हुई है। घायलों को नरसीपट्टनम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत बहुत गंभीर बताई गई है। सुरक्षित बचे श्रमिकों ने मीडिया को बताया कि शादी-ब्याह का मौसम शुरू होने के कारण पटाखा बनाने वाली यूनिट को भारी ऑर्डर मिले थे। प्रबंधन ने पटाखे बनाने के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक कच्चा माल स्टॉक किया था।

## तहव्वुर का वॉयस सैम्पल लिया, होगा मिलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा से दिल्ली स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मुख्यालय में पूछताछ की जा रही है।

रविवार को उसका एनआईए हिरासत का तीसरा दिन है। एनआईए उसकी माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम से संपर्क की जांच कर रही है। जांचकर्ता राणा से इस बारे में पूछताछ कर रहे हैं। एनआईए तहव्वुर राणा के फोन पर हुई बातचीत का रिकॉर्ड खंगाल रही है। इनमें से अधिकांश अन्य आरोपी डेविड हेडली के साथ हैं। केंद्रीय जांचकर्ताओं को संदेह है कि इस फोन बातचीत में दाऊद की संलिप्तता के संकेत हो सकते हैं। एनआईए का अनुमान है कि मुंबई हमलों की योजना 2005 से ही बनाई जा रही थी। राणा भी उस योजना का हिस्सा था। हेडली की उसके साथ फोन पर हुई बातचीत को भी खंगाला जा रहा है।। इस जानकारी को एक स्रोत में एकत्रित करने का प्रयास किया



**मुंबई हमले की 2005 से थी तैयारी, राणा के फोन रिकॉर्ड खंगाले जा रहे, एनआईए पूछताछ में खुलासा**

जा रहा है। एनआईए यह स्पष्ट रूप से जानने की कोशिश कर रही है कि मुंबई हमलों की योजना के पीछे कौन था और पर्दे के पीछे से किसने काम किया। राणा से पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को पहले ही एक नया नाम मिल चुका है। जांच में दुबई के एक व्यक्ति का नाम सामने आया है। जिसने हेडली के अनुरोध पर राणा से मुलाकात की थी। जांचकर्ताओं को संदेह है कि इस व्यक्ति को मुंबई हमलों के बारे में पता था। उसके दाऊद या उसकी डी-कंपनी से भी संबंध हो सकते हैं। उस दिशा में जांच की जा रही है। एनआईए लंबे समय से दावा करती रही है कि राणा के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध थे। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या राणा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था? जांच को सुविधाजनक बनाने के लिए राणा आवाज का नमूना एकत्र कर लिया गया है। इसे भी परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। एनआईए राणा की आवाज का मिलान फोन पर हुई बातचीत से करना चाहती है। राणा और उसकी पत्नी मुंबई हमलों से कुछ दिन पहले भारत आए थे। उन्होंने कई स्थानों की यात्रा की थी। राणा से यह भी पूछा जा रहा है कि वह यहां क्यों आए, एनआईए ने अदालत को बताया कि राणा ने भारत के कई शहरों में हमलों की योजना बनाई थी। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा लंबे समय से अमेरिका की जेल में बंद था। उसें गुरुवार को भारत वापस लाया गया। एनआईए ने उसे 18 दिनों की हिरासत में लिया है।

## तमिलनाडु गवर्नर ने कॉलेज में लगवाया जय श्रीराम का नारा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मदुरै में एक कॉलेज इवेंट में छात्रों से 'जय श्री राम' का नारा लगाने को कहकर विवाद खड़ा कर दिया है। मदुरै में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रवि ने अपने संबोधन के आखिर में छात्रों से उनके बाद जयघोष के लिए कहा। तमिलनाडु के गवर्नर के इस वीडियो के सामने आने के बाद सभी पार्टियों ने उनकी आलोचना की है। ये कहा जा रहा है कि तमिलनाडु राज्य समान स्कूल प्रणाली मंच ने उन पर संवैधानिक शपथ का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है तथा उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है। वेलाचेरी से कांग्रेस विधायक जेएमएच हसन मौलाना ने कहा कि आरएन रवि संवैधानिक पद पर हैं। उन्हें ऐसे काम शोभा नहीं देते। रवि किसी धार्मिक नेता की तरह बोल रहे हैं। वे आरएसएस और भाजपा के प्रचार मास्टर बन गए हैं। सीबीआई में काम कर चुके पूर्व आईपीएस आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था। तमिलनाडु राज्य समान स्कूल प्रणाली मंच ने राज्यपाल रवि पर तमिलनाडु के शैक्षणिक ढांचे और सांस्कृतिक संदर्भ के बारे में अनभिज्ञता का भी आरोप लगाया। राज्यपाल रवि तमिलनाडु के स्कूलों और कॉलेजों में अपनाए जा रहे पाठयक्रम व सिलेबस परें अनपढ़ हैं।

### धुलियान से 500 लोगों का पलायन, स्कूल में शरण ली

## वक्फ पर पश्चिम बंगाल में हिंसा जारी

**मुर्शिदाबाद, वार्ता**

**वक्फ कानून** के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नार्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं।

इनमें 300 बीएसएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां की तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएन की धारा 163 भी लागू है। इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ए किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं। वहीं, नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की। वहीं एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कहा कि वक्फ कानून असंवैधानिक है।



**आरोप: घर जलाए, पानी में जहर मिलाया, हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात, , इनमें 300 बीएसएफ जवान**

बीजेपी वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून के लागू किए जाने से देश में किसी की भलाई नहीं होगी।

### त्रिपुरा में वक्फ कानून का विरोध करने वाले आठ प्रदर्शनकारियों को 10 दिनों की जेल

**अगरतला।** त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर की एक अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने वाले, कुबझार गांव में हिंसा भड़काने और पुलिस पर हमला करने वाले आठ आरोपियों को रविवार को 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनोकोटी के एसपी पी सुदाम्बिका आर ने कहा कि पुलिस ने घटना के बाद एक विशेष मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। इस घटना में कथित रूप से शामिल कुछ अन्य लोगों के खिलाफ तलाशी अभियान जारी है। हालांकि, आगे किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए पूरे इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों द्वारा शनिवार को किए गए हिंसक हमले में एक सब डिविजनल पुलिस अधिकारी और कुछ इंस्पेक्टर समेत कम से कम 18 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## 17 राज्यों में आंधी और तूफान का अलर्ट जारी

**राजस्थान में दो की मौत यूपी समेत छह राज्यों में दो दिन बाद हीटवेव की चेतावनी**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित 17 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी की चेतावनी है। असर दिल्ली तक देखने को मिल सकता है।

राजस्थान में शनिवार को बिजली-आंधी से 2 लोगों की मौत हो गई है। बिजली की चपेट में आने से खेत में काम कर रही एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलस गए। वहीं, सिरोही में शुक्रवार देर रात तेज आंधी के चलते पेड़ गिरने से एक महिला की जान चली गई। यूपी में अगले 24 घंटे तक 47 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। बिजली के साथ ओले भी गिरने की आशंका है। बिहार में रविवार को पटना समेत 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। मप्र के 24 जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की सक्रियता घटने के बाद तेज गर्मी का असर शुरू होगा। 15 अप्रैल के बाद राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलने का अनुमान है।

## 52 करोड़ की मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त

**नई दिल्ली, वार्ता**

**राजस्व सूचना निदेशालय** (डीआरआई) ने मिजोरम के आइजोल के बाहरी इलाके में 52.67 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त की। अंतर्राष्ट्रीय दवा बाजार में इनकी कीमत 52.67 करोड़ रुपये है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह जब्ती शुक्रवार को एक अभियान के दौरान की गई। मादक द्रव्य 12 पहियों वाले एक ट्रक में छुपा कर ले जाया जा रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अभियान में तस्करी की गई दवाओं को छिपाने और परिवहन करने का एक नया तरीका सामने आया, ट्रक के तिरपाल कवर के भीतर सावधानीपूर्वक पैक किए गए ईंट के आकार के 53 पैकेट पाए गए। पैकेट पर हीरे के चिन्हों के साथ 3030 एक्सपोर्ट ओनली और 999 जैसे शब्द



लिखे थे और उसमें नारंगी, गुलाबी रंग की गोलियां थी। एनडीपीएस फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करके किए गए परीक्षणों से पुष्टि हुई कि गोलियों में मेथामफेटामाइन था। नागालैंड में पंजीकृत यह ट्रक भारत-म्यांमार सीमा के पास संवेदनशील सीमावर्ती शहर जोखावथर से आया था और त्रिपुरा जा रहा था। डीआरआई ने मिजोरम से निकलने से पहले ही वाहन को रोक लिया।

उल्लेखनीय है कि उस समय ट्रक में कोई घोषित माल नहीं था। इससे पहले, इसने मेघालय से सीमेंट लेकर चंपई तक पहुंचाया था और फिर ज़ोखावथर पहुंचा था, जहां प्रतिबंधित माल लोड किया गया था। ट्रक के चालक और उसके सहायक को स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ड्रग्स को म्यांमार से जोखावथर सेक्टर के माध्यम से मिजोरम में तस्करी कर लाया गया था। डीआरआई ने जनवरी 2025 से आज तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में 148.50 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त की हैं, जो नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## भारत-अमेरिकी सेनाओं ने जल-थल आक्रमण का किया प्रदर्शन

**काकीनाडा, वार्ता**

**आंध्र प्रदेश** में टाइगर ट्रायम्फ 2025 अभ्यास के समुद्री चरण के नाटकीय समापन में भारतीय और अमेरिकी सशस्त्र बलों ने काकीनाडा के तट पर एक उच्च-तीव्रता वाले उभयचर हमले को अंजाम दिया। हमले में आईएनएस जलाश्व और यूएसएस कॉम्स्टॉक की शक्तिशाली संयुक्त तैनाती के माध्यम से नकली दुश्मन की सुरक्षा को सफलतापूर्वक भेद दिया गया।

इस जटिल युद्धाभ्यास में भारतीय सेना के इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स (बीएमपी) और यूएस मरीन कॉर्प्स लाइट आर्मर्ड व्हीकल्स (एलवी) को लैंडिंग क्रॉफ्ट मैकेनाइज्ड (एलसीएम) और लैंडिंग क्रॉफ्ट एयर कुशन (एलसीएसी) के माध्यम से तट पर उतारा गया। वाहन समन्वित तरंगों में आगे बढ़े और समुद्र तटों पर कब्ज़ा कर लिया और एक सुरक्षित परिधि स्थापित की। कार्रवाई में अंतर-संचालन का एक पाठ्य पुस्तक उदाहरण। शत्रुतापूर्ण परिस्थितियों के बीच वास्तविक विश्व मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) आकस्मिकता का अनुकरण करने के लिए तैयार किए गए इस परिदृश्य में भूमि, वायु और समुद्री क्षेत्रों में दोनों सेनाओं के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता थी। इस उभयचर हमले से पहले भारतीय सेना के 4/8 गोरखा राइफल्स इन्फैंट्री बटालियन ग्रुप और अमेरिकी सेना की 1 बटालियन,



**संयुक्त तैनाती के माध्यम से नकली दुश्मन की सुरक्षा को सफलतापूर्वक भेदा**

11वीं आर्कटिक एयरबोर्न डिवीजन की 5वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट द्वारा सामरिक भूमि अभियान चलाए गए थे। सैनिकों ने मोबाइल वाहन चेक पोस्ट, रूम इंटरवेंशन और रोड ओपनिंग पैट्रोल के माध्यम से प्रमुख कुल्हाड़ियों को साफ किया, जिससे मशीनीकृत हमले का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस त्वरित हमले में हेलीबोर्न ऑपरेशनों का एकीकरण भी शामिल था। भारतीय नौसेना, अमेरिकी विशेष अभियान बल और गोरखा राइफल्स की घातक पलटन को नकली दुश्मन रेखाओं के पीछे भेजा गया, जिससे तेज हवाई तैनाती और सटीक लक्ष्यीकरण का प्रदर्शन हुआ।

## अहिंसा के पुजारी गांधी के देश में हिंसक प्रदर्शन

**समीउल्लाह**

**शोभायात्राओं व जुलूसों में बढ़ता जा रहा हथियार लहराने का चलन लोकतांत्रिक व्यवस्था में बुलेट और तलवार की कोई जगह नहीं**

**बिजनौर।** सत्य व अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाने के लिए सत्याग्रह का मार्ग चुना था, लेकिन यह दुर्भाग्य रहा कि अहिंसा के पुजारी भी हिंसा के शिकार हो गए और गोली लगने से उनकी मौत हुई थी।

आज देश में जिस तरह से हिंसक प्रदर्शनों के साथ-साथ शोभायात्राओं व जुलूसों में हथियार लहराने का चलन बढ़ता जा रहा है, वह स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए किसी भी स्थिति में न तो बेहतर है और न ही भविष्य के भारत के लिए शुभ संकेत है। भारत की पहचान पूरी दुनिया में बापू के देश के तौर पर होती है। जिस देश ने अंग्रेजों को भगाने के लिए सत्य व अहिंसा का मार्ग चुना और सत्याग्रह के माध्यम से





अपनी ताकत का अहसास कराया, उसी देश में आज सेना के नाम का इस्तेमाल कर इतने ज्यादा संगठनों का गठन हो गया है कि जो अपने आप में चिंता का विषय है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और उसकी अपनी एक अनुशासित सेना है। पूरी दुनिया में भारत की सेना को सम्मानजनक नजरिए से देखा जाता है। विभिन्न देश व विदेशों में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं में भी भारतीय सेना ने राहत कार्यों में अपना अमूल्य योगदान देकर अलग पहचान बनाई है, लेकिन दुर्भाग्य एवं चिंता का विषय यह है कि उसके अधूरे नाम का इस्तेमाल कर विभिन्न जातीय संगठनों के द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस तरह समूह बनाए जा रहे है, जो अपने प्रदर्शनों में खुलेआम हथियार लहराते हैं। इनके द्वारा सार्वजनिक रूप से हथियारों का प्रदर्शन कर दूसरों को डराने व धमकाने का ऐसा संदेश दिया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश एवं सभ्य समाज को कतई स्वीकार्य नहीं होगा। लोकतंत्र में हथियारों के बल पर दूसरी विचारधारा रखने वालों को डराना न तो कानून सम्मत है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से सही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपने विचार कानून के दायरे में रखने की आजादी है, लेकिन आज जहां इस आजादी का दुरुपयोग किया जा रहा है।

# विपक्ष कमजोर होने से सरकार होती है तानाशाह

## प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी, अपराध लगातार बढ़ रहे: राकेश टिकैत

प्रयागराज, वार्ता

**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने रविवार को कहा कि विपक्ष की कमजोरी के कारण सरकार तानाशाही कर रही हैं। प्रयागराज के रास्ते फतेहपुर में हुई तीन हत्याओं के बाद दुखी परिवार से मिलने जाने के दौरान समय कुछ समय टिकैत का काफिला यहां ठहरा था। उसी दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए फतेहपुर में एक परिवार के तीन लोगों की हत्या, प्रयागराज में युवक की हत्या कर शव जलाने के मामले पर खेद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। अपराध लगातार हो रहे हैं। दिखावे के लिए कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने का राग अलापा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष कमजोर पड़ता है सत्ता पक्ष अपना हनक दिखाता है। विपक्ष की मजबूती ही सत्ता पक्ष को मनमानी करने से रोकती है। विपक्ष की कमजोरी के कारण सरकार तानाशाही कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फतेहपुर में उस परिवार से मिलेंगे और मुआवजे की मांग के साथ उनकी सुरक्षा की भी मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी जघन्य हत्या करने वालों को भी वही सजा सरकार दे जो दूसरों को देती है। किसान नेता ने किसानों समेत कई सामाजिक समस्याओं पर अपनी राय पेश करते हुए कहा कि किसानों की जमीनों की पैमाइश में हेराफेरी और उनके जमीनों को अधिग्रहण करने का कुचक्र चल रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील में जमीन को एक दूसरे के नाम चढ़ाकर भाई को भाई से किसान को आपस में लड़ा दिया जा रहा है। तहसील में पैमाइश के लिए किसान कसे तहसील का चक्कर लगाना पड़ रहा है। किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसान नेता ने कहा कि किसान संगठन हिदू मुस्लिम, वक्फ बोर्ड जैसे शब्दों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिए हैं।



■ किसानों की जमीनों की पैमाइश में हेराफेरी और उनके जमीनों को अधिग्रहण करने का कुचक्र चल रहा

### तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवारों से मुलाकात

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में पांच दिन पहले हुए तिहरे हत्याकांड में मृतकों के परिजनों से रविवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश टिकैत ने मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

श्री टिकैत ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात के बाद मौजूदा प्रशासन को चेताया कि 17 अप्रैल तक यदि मृतक परिवार की मांगे पूर्ण नहीं होतीं तो 18 अप्रैल से पूरे प्रदेश में चक्का जाम किया जाएगा और इसकी आर-पार की लडाई भारतीय किसान यूनियन के लोग करेंगे।

# वक्फ बिल के खिलाफ संघर्ष करें, हिंसा नहीं

नई दिल्ली, वार्ता



■ हम कुर्बानी देने को तैयार, वक्फ संशोधन एक्ट पर बोले उलेमा हिंसा करेगी आंदोलन को कमजोर: महमूद मदनी

**जमीयत** उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख महमूद मदनी ने प्रदर्शन करने वाले लोगों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करें, हर लेवल पर विरोध-प्रदर्शन होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भी वक्फ एक्ट के नाम से हिंसा होगी वो आंदोलन को कमजोर करेगा। मुर्शिदाबाद हो या कहीं भी हो, लेकिन हिंसा गलत है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख महमूद मदनी ने कहा कि यह वक्फ का मुद्दा नहीं, बल्कि राजनीति से जुड़ा है। यह अधिनियम देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए हम कुर्बानी भी देने को तैयार हैं। महमूद मदनी ने वक्फ के खिलाफ अपने प्रदर्शन पर कहा कि हमारी लड़ाई जारी रहेगी और खत्म नहीं होगी। चाहे इसके लिए जो भी कुर्बानी देनी पड़े। अगर सब्र भी करना पड़ा, तो वो भी करेंगे। वक्फ अधि. नियम के खिलाफ कई मुस्लिम संगठन अपनी बात रख रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में इसके खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जमकर बवाल हुआ और कुछ लोगों की मौत भी हो गई। महमूद मदनी ने कहा कि यह अधिनियम या संशोधन देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है।

अब जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने दिल्ली में संगठन की बैठक के बाद कहा कि हम 3 मुख्य बातें कहना चाहते हैं। बीजेपी और उसके सहयोगी लोगों के जरिए यह कहा गया कि पहले के वक्फ कानून में मनमानी चला करती थी, वो जो चाहते थे कर सकते थे। उन्होंने यह भी साफ किया कि पहले भी वक्फ बोर्ड एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत ही बनाए जाते थे। इसे सरकारें ही बनाती थीं, इसमें मुस्लिम समाज का कोई रोल नहीं होता था। सरकारें अपनी मर्जी के लोगों को शामिल किया करती थीं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी ओर से यह भी फैलाया गया कि ये लोग तो कहीं चीन से आए और बोर्ड बना लिया। जो आज कहते हैं कि वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया, जबकि 2009 में वही कहते थे कि वक्फ की जमीन पर कब्जा हुआ। अब इतनी बड़ी तब्दीली हो गई, तो ये मसला राजनीतिक है। उन्होंने हमदर्द बनकर गालियां दीं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है, ये ना देश के लिए अच्छा है ना ही समाज के लिए। कब्जा करने वालों पर एक्शन की बात करते हुए मदनी ने कहा कि कब्जा करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए लिए। जबकि नया वक्फ अधिनियम बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने देश की आजादी की जंग लड़ी और देश में रहना चुना, कुर्बानी दी। देश के संस्थापकों ने कुछ कमिटमेंट किए थे, लेकिन आज उनकी बुनियाद को रौंदा जा रहा है। मदनी ने कहा कि भैंस के आगे बीन बजाने से कुछ नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आनंदीबेन ने अंबेडकर जयंती पर दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भारतीय संविधान के शिल्पी, महान समाज सुधारक एवं विचारक डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि डा. भीमराव आम्बेडकर एक युगद्रष्टा थे, जिन्होंने आजीवन सामा. जिक न्याय, समानता और मानव गरिमा की स्थापना के लिए संघर्ष किया। उन्होंने दलित, वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि शिक्षा, संघर्ष और संयम के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

### अखिलेश ने बैसाखी पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बैसाखी के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को खुशहाली और समृद्धि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वर्ष 1699 में गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा की स्थापना के लिए इस त्योहार को चुना था। यह पर्व सिख नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। यादव ने कहा कि बैसाखी पर्व का किसान और कृषि से भी घनिष्ठ सम्बंध है।

### बोर्ड परिणाम घोषित होने की वायरल हो रही तारीख भ्रामक

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित होने संबंधी आदेश वायरल होने को लेकर बोर्ड सचिव ने इसे खारिज करते हुए भ्रामक बताया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर यह सूचना प्रसारित की जा रही है कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 15 अप्रैल को अपराह्न दो बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। श्री शुक्ल ने पत्र में सूचना को पूर्णत: असत्य एवं भ्रामक बताया है। बोर्ड द्वारा उचित समय पर परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## कांग्रेस-टीएमसी और सपा पर बरसे सीएम योगी

# वक्फ बिल के नाम पर फैला रहे हैं हिंसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश में दलित-वंचित और गरीब हिंदू के साथ हिंसा को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने टीएमसी, कांग्रेस और सपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जो हिंदू प्रताड़ित हो रहा है या पीड़ित है, वो सभी दलित हिंदू हैं। उनके पक्ष में न कांग्रेस, न सपा और न ही ममता बनर्जी ने आवाज उठाई, केवल भाजपा ने ही आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि हमें आश्चर्य होता है कि बंगाल वही राज्य और देश है, जहां वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीनों पर जबरन कब्जा किया गया था। अब जब वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पारित हुआ है और इस पर कार्रवाई की जा रही है, तो इसके खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ राजधानी लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समा. जवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे दल सिर्फ वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं और महापुरुषों के अपमान की एक लंबी श्रृंखला का हिस्सा है। सीएम ने कहा कि सीएए के जरिए उन पीड़ितों को नागरिकता देने की कोशिश की गई, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हुए, लेकिन कांग्रेस और सपा जैसे दल इसका विरोध करके देश में भ्रम फैलाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि जब 2012 में सपा की सरकार बनी थी, तब कांशीराम व अंबेडकर के नाम पर बनी इमारतों को खत्म करने की बात कही थी। ये लोग छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करते हैं और औरंगजेब या जिन्ना जैसे विभाजनकारी लोगों की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी कर रही थी, तब सपा नेता जिन्ना को महान बता रहे थे।



■ दलित हिंदुओं की रक्षा के लिए कोई आगे नहीं आया, ये करते हैं छत्रपति शिवाजी का अपमान, बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल में मारे जा रहे दलित हिंदू

### कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत प्रदेश कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस द्वारा बाबा साहब का अपमान करने की बात कही। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर का अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया था। इस पुरानी पार्टी ने भारतीय संविधान के निर्माता का स्मारक बनाने से मना कर दिया था। इन्हीं लोगों ने बाबा साहब अंबेडकर को चुनाव हारने दिया। उनके श्महा परिनिर्वाणश के बाद स्मारक भी नहीं बनने दिया।

### कांग्रेस सत्ता में आई, तो एक घंटे में वक्फ बिल का कर देंगे इलाज: इमरान मसूद



**हैदराबाद।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि हम जिस दिन आ जाएंगे, एक घंटे में वक्फ बिल का इलाज कर देंगे। इसके लिए हमें केवल एक घंटा लगेगा। वह हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया मुस्लिम मिली काउंसिल के कार्यक्रम में बोल रहे थे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मस्जिद नहीं होगी तो नमाज कहां पढ़ेंगे। कब्रिस्तान नहीं होंगे, तो दफनाए कहां जाएंगे। ईदगाह की तो बात ही छोड़ दीजिए, दुआ कीजिए कि हमलोग आ जाएं। इमरान मसूद ने कहा कि समंदर में तूफान बहुत है और जब तूफान हो तो तूफान का सामना बड़ा जहाज करता है, कश्तियां नहीं कर पाती हैं, इसलिए आपसे कहना चाहता हूं कि कश्तियों की सवारी छोड़कर जहाज की सवारी की तैयारी करिए। एक ही रास्ता है और कोई रास्ता नहीं है। मुर्शिदाबाद हिंसा पर इमरान मसूद ने कहा कि हम हिंसा के पूरी तरह खिलाफ हैं। ये लड़ाई देश के मुसलमानों की नहीं है, ये देश के संविधान की लड़ाई है। जिस तरह से वक्फ कानून लाकर संविधान को रौंदा गया, भाजपा ने आंशिक रूप से संविधान को रौंदा है। मैं सभी से अपील करूंगा कि विरोध करें, लेकिन ऐसा कुछ न करें जो संविधान के खिलाफ हो। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कानूनी सीमाओं में रहकर विरोध करें, कानूनी सीमाओं को न तोड़ें। उन्होंने कहा कि बीजेपी वह पार्टी है जो सबसे ज्यादा कानून व्यवस्था बिगाड़ती है। ये इस देश की खूबसूरती है कि यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सभी भाई-भाई की तरह रहते हैं, लेकिन ये उस भाईचारे को खत्म करना चाहते हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार को हिंसा भड़की थी।

# घर में लगी आग, दम घुटने से तीन की मौत

बस्ती, वार्ता

■ बस्ती में मां-बेटे और उसकी बेटी की दम घुटने से गई जान, पति घायल

**उत्तर** प्रदेश के बस्ती जिले मे हरैंया थानाक्षेत्र के गल्ला मंडी मे रविवार को एक मकान मे शार्ट सर्किट से आग लग जाने से उसमे सो रहे मां-बेटे और उसकी बेटी की दम घुटने से मौत हो गई । आग मे झुलसने से पति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि हरैंया थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी में सुनील केसरवानी के मकान मे सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे सो रहे, उनके दो मासूम बच्चे सौरवी (04),बाबू (03 माह) तथा उनकी पत्नी पूजा (32) की दम घुटने से मौत हो गई है तथा सुनील गम्भीर रूप से घायल हो गया।आग बुझाने गए विजयनाथ भी झुलस गए है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे मे ले लिया है। सूचना पर पहुंची फायरब्रिगेड के जवानों ने उस मकान मे किराए पर रह रहे लोगो को दूसरी मंजिल से रस्सी के सहारे नीचे उतारा तथा आग पर किसी तरीके से काबू पाया गया। लोगों का कहना है कि जब आग लगी, तब बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन किया जा रहा था, लेकिन किसी का फोन नहीं उठा और बिजली दो घंटे बाद काटी गई है। खबर लिखे जाने समय तक सुनील का इलाज चल रहा था जहां पर उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है।

### यूपी में बढ़ती हिंसा पर मायावती ने जताई चिंता

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने प्रयागराज के करछना इलाके में एक दलित युवक की निर्मम हत्या और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अपमान की घटनाओं पर गहरी नाराजगी जताई और राज्य सरकार से इन मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक दो ट्वीट कर प्रदेश में बढ़ती जातीय हिंसा और सामाजिक तनाव को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने लिखा कि यूपी के प्रयागराज जिले के करछना क्षेत्र में सामंती तत्वों द्वारा एक दलित की नृशंस हत्या की घटना अत्यंत दु:खद व चिन्ताजनक है। प्रदेश में बेलगाम आपराधिक, असामाजिक व सामंती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर कानून का राज स्थापित करना सरकार की जिम्मेदारी है।


## अर्थ व्यापार

# महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता

**अमेरिकी** टैरिफ से व्यापार युद्ध गहराने की आशंका में हुई बिकवाली वहीं शुल्क पर तीन महीने की अस्थाई रोक से हुई लिवाली से बीते सप्ताह रिकवरी होने के बावजूद मामूली गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह महंगाई आंकड़े, भारत.अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता एवं कंपनियों के तिमाही नतीजे पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 207.43 अंक अर्थात 0.3 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 75157.26 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.9 अंक यानी 0.33 प्रतिशत फिसलकर 22828.55 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। इससे मिडकैप 234.29 अंक अर्थात 0.6 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 40274.24 अंक और स्मॉलकैप 68.82 अंक यानी 0. 2 प्रतिशत उतरकर 45798.35 अंक पर रहा। अगले सप्ताह 14 अप्रैल सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और 18 अप्रैल शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर अवकाश रहने के कारण बीएसई और एनएसई के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में केवल तीन दिन ही कारोबार होगा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कई दिनों की अस्थिरता और अनिश्चितता के बाद भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। बाजार को अमेरिका की ओर से पारस्परिक शुल्कों पर अप्रत्याशित रोक लगाने से राहत मिली, जिसने निवेशकों को कुछ आश्वासन प्रदान किया और बाजार में सुधार की उम्मीद को बल दिया। सूचना. प्रौद्योगिकी, धातु और पूंजीगत वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में राहत देखी गई, जो कि कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध की दिशा पर नजर रखना अब भी जरूरी होगा, क्योंकि इसके तीव्र होने की स्थिति में अमेरिका द्वारा अन्य उभरते बाजारों पर शुल्क स्थगन का असर सीमित हो सकता है।



### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 676.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.1 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 574.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.6 अरब डॉलर उछलकर 79.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार द्धएसडीआरऋ 18.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 18.4 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्धआईएमएफऋ के पास आरक्षित निधि 4.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# पाम ऑयल व गेहूं सस्ता, दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेशी** बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव के मुकाबले आवक अधिक होने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल के साथ ही गेहूं सस्ता हो गया, जबकि मांग निकलने से दालें महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 243 रिंगिट लुढ़ककर 44.58 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.39 सेंट की तेजी के साथ 46.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपए प्रति क्विंटल,



सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। मांग निकलने से दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 200 रुपए, दाल चना 200, मसूर दाल 150 रुपए, उड़द दाल 50 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गईं। वहीं, मूंग दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 150 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया।

# मारपीट मामले में सपा नेता हरीश मिश्रा पर ही केस दर्ज

**वाराणसी।** पुलिस ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हरीश मिश्रा पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। मिश्रा बनारस वाले मिश्रा जी के नाम से प्रसिद्ध हैं। मारपीट की घटना के बाद हरीश मिश्रा सहित 55 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसे आपसी रंजिश बताया है, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घटना की निंदा की है।

पुलिस ने खुद से जो मुकदमा दर्ज किया है, उसमें हरीश मिश्रा समेत चार लोगों पर नामजद मुकदमा किया गया है। इनके खिलाफ मारपीट करने, सड़क जाम कर यातायात प्रभावित करने और करणी सेना पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में मामला दर्ज किया गया है। बाकी 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ सड़क जाम करने और शांति भंग के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। शनिवार को करणी सेना से जुड़े कुछ लोग दोपहर डेढ़ बजे काशी विद्यापीठ के पास हरीश मिश्रा के घर पहुंचे और अकेला देख उस पर बयान को लेकर बहस करने लगे। बहस के बीच में ही करणी सेना से जुड़े लोगों ने हरीश मिश्रा को मारना शुरू कर दिया। मारपीट होते देख स्थानीय लोग बीच-बचाव में आए और दो लोगों को पकड़कर जमकर पीट दिया। हंगामे की खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हरीश मिश्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया, लेकिन पुलिस इसे आपसी रंजिश का मामला मान रही न कि करणी सेना से जुड़ा कोई मामला। एडीसीपी काशी सरवनन टी के मुताबिक मारपीट करने वाले लोगों में से कोई भी करणी सेना से नही है और ये आपसी रंजिश का मामला था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस मुद्दे को उठाते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के जुझारू और प्रखर वक्ता एवं बनारस वाले मिश्रा जी के नाम से लो. कप्रिय हरीश मिश्रा पर चाकू से किया गया कातिलाना हमला बेहद निंदनीय है। उनके रक्तरंजित वस्त्र उप्र में ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था की निशानी है। सपा का हर कार्यकर्ता ऐसे हमलों को झेलने की शक्ति रखता है। राजनैतिक जीवन की शुरुआत करने वाले हरीश मिश्रा 2022 का विस चुनाव वाराणसी के कैंट विधानसभा सीट से लड़ चुके हैं।

### वाराणसी: पुलिस ने उलट दिया अखिलेश यादव का दावा

# शासकों के लिए आज भी आदर्श हैं विक्रमादित्य: उपराष्ट्रपति

## लाल किला परिसर स्थित माधौदास पार्क में महानाट्य का शुभारंभ किया

नई दिल्ली, वार्ता

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने कहा है कि महाराजा विक्रमादित्य ने अपने शासन काल में कला संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के विकास को संरक्षण और संवर्धन के साथ जो मूल्य स्थापित किए, कालान्तर में वे ही भारत की सांस्कृतिक आदर्श एवं पहचान बने। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ शनिवार शाम यहां लाल किला परिसर स्थित माधौदास पार्क में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति एवं अन्य अतिथियों ने इस तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन आयोजन का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगा। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि हमारी संस्कृति एक मिसाल है कि भारतीय जीवन मूल्यों के साथ जीवन कितना सहज और सरल हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश बदल रहा है। भारत में भूतल की गहराई से आकाश की ऊंचाइयों तक हर तरफ विकास ही विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शिता से भारत की पुरानी प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित और जीवंत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाषा हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे इस महा आयोजन के लिए सीएम डा. मोहन को बधाई और कहा कि केंद्र एवं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए। हमें संस्कृति के संवर्धन के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए और मध्यप्रदेश में यह काम बड़ी ही लगन और कुशलता से किया जा रहा है।



### जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को नमन किया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को नमन किया है। श्री धनखड़ ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जलियांवाला हत्याकांड में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों का भारत सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा, ह 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को मैं समस्त राष्ट्र के साथ नमन करता हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अन्याय के विरुद्ध उनका साहस स्वतंत्रता संग्राम की रीढ़ है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डा.आम्बेडकर स्थल पर कपिल ने जलाए दीप, मंत्री अनिल कुमार ने की सफाई

**मुजफ्फरनगर।** डा.अम्बेडकर जयंती की पूर्ण संध्या पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व पालिकायक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने जहां डा.अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर सफाई अभियान चलाया, वहीं राज्यमंत्री कपिल देव ने भाजपाईयों के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर कोर्ट रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में श्रद्धांजलि एवं दीपोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री कपिल देव ने दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। उपस्थित जनसमूह ने दीप जलाकर दीपोत्सव के रूप में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक एवं समता के अग्रदूत थे। उनका जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय सागर, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, जिला महामंत्री अनुसूचित अमित सुधा, जिलामंत्री सुधीर खटीक, सुनील दर्शन, मण्डल अध्यक्ष दीपक मित्तल, यशवीर सिंह विशाल गर्ग, राज बलराना, अक्षय मुनखिया, सुन्दर सिंह बौद्ध, मुकेश प्रधान, विनय चंदेल, दुर्गेश कुमार, अमित वत्स, नरेन्द्र जैन, ललित, सो. हनपाल, राजकुमार, सोनू मचल, डॉ जे पी सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

वहीं इससे पूर्व रविवार को यूपी सरकार में क़ाबीना मंत्री अनिल कुमार ने कोर्ट रोड स्थित डॉ. अम्बेडकर स्मारक पर विशेष सफाई अभियान चलाकर डॉ. अम्बेडकर व उनके स्मारक स्थल को अपने हाथों से साफ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रालोद शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर



अम्बेडकर जयंती से ही विशेष सदस्यता अभियान शुरू करने जा रहा है। इसमें गांव और शहर जाकर रालोद कार्यकर्ता जनता को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे।

पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में चलाये गये विशेष स्वच्छता अभियान के तहत डा. अम्बेडकर और लाला लाजपत राय की प्रतिमा स्थल पर जाकर साफ सफाई की गई तथा धुलाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के साथ उनके जीवन आदर्शो पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान सभासद कुसुमलता पाल, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, शौकत अंसारी, मोहित मलिक, शलभ गुप्ता, जर्नादन विश्वकर्मा, विवेक चौहान, ई.ओ. डा.प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य डा. अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।



**मुजफ्फरनगर : डा.अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर मौजूद चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप।**

# अब बैंक मैनेजर अंकित शर्मा के घर धरने पर बैठी उनकी पत्नी

**मुजफ्फरनगर।** महिला इंसाफ पाने की चाह में अपनी ससुराल के दर पर धरना देकर बैठ गई। आरोप लगाया कि प्रेम विवाह रचाने वाले बैंक मैनेजर अंकित शर्मा अब उससे पीछां छुडाकर तीसरी शादी करने का ताना-बाना बुन रहा है। महिला का कहना है कि जब तक उसे ससुराल में एंटी नहीं मिलेगी, तब तक वह बाहर ही अपनी बच्ची के साथ धरने पर बैठी रहेगी। नई मंडी के बचन सिंह कॉलोनी निवासी प्राइनेंस कंपनी में बैंक मैनेजर अंकित शर्मा के घर के बाहर रविवार को खूब हंगामा हुआ। दरअसल हंगामा करने वाली बुढाना की शिप्पू नाम की महिला खुद को अंकित शर्मा की बीवी बता रही है। उसका कहना था कि वह अंकित शर्मा के साथ फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। पहली बीवी से तलाक होने के बाद अंकित ने तीन साल पहले उससे कोर्ट मैरिज कर ली थी, जिससे उनकी डेढ साल की बेटी है। शादी के बाद से दोनों किराए का कमरा लेकर रह रहे हैं। बीते कुछ समय से अंकित शर्मा के व्यवहार में अचानक बदलाव आ गया। कई दिन पहले अंकित मारपीट करने के बाद अपने घर आकर रहने लगा है। महिला का आरोप है कि अंकित अब एक अन्य लडकी से तीसरी शादी करना चाहता है, इसलिए मारपीट कर उससे पीछा छुडाना चाहता है।

## बुलेरों पर स्टंट करने वाले युवकों की तलाश

**मुजफ्फरनगर।** बोलेरो पर युवकों के स्टंट करने की एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है, जिसमें युवक गाड़ी की खिड़की पर बैठ कर स्टंट कर रहे है। पुलिस ने प्रसारित वीडियो को संज्ञान में लेते हु बुलेरो की तलाश शुरू कर दी है। रविवार दोपहर को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुई। 12 सेकेंड की वीडियो में काले रंग की बोलेरो की खिड़की पर बैठ कर कुछ युवक स्टंट कर रहे है। इसी दौरान बोलेरो के पीछे चल रही एक अन्य गाड़ी में सवार लोगों ने युवकों के स्टंट के अपने मोबाइल में कैद कर लिया और किसी ने वीडियो को प्रसा. रित कर दिया. वीडियो शाहबुद्दीनपुर रोड की बताई जा रही है। वीडियो छोटी सड़क पर तेजी से दौड़ रही है और खिड़की पर बैठे युवक हो हल्ला भी कर रहे है। गाड़ी की स्पीड को देखकर सामने से आ रहे अन्य वाहन खुद को बचाव कर रहे हैं। खिड़की पर बैठे एक युलक ने सफेद रंग की कुर्ता तो दूसरे युवक ने काले रंग की शर्ट पहन रखी है। परिचालक वाली साइड की खिड़की पर बैठे युवक को गमछा उड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। नगर कोतवाल अक्षय शर्मा नेताया, वीडियो पर संज्ञान ले लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी की तलाश की जा रही है। गाड़ी के नंबर की पहचान होते ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के मैन बाजार में स्थित एक कन्फेक्शनरी की दुकान करने वाले एक युवक को झांसा देकर दो बुलेट सवार बाईको ने नगदी साफ कर दी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकडे गये अभियुद्रो से पुलिस ने 22 हजार रूपये, एक तमन्चा व एक बुलेट बाईक बरामद की है।

कस्बे के मैन चौक बाजार के निकट स्थित वैभव कन्फैक्शनरी की दुकान में दो बुलेट बाईक सवार युवक पहुंचे तथा युवको ने दुकान मालिक अमित डागा को बातो में उलझा लिया और झांसा देकर ढाई हजार रूपये लेकर फरार हो गये थे। इस संबंध में थाना मीरापुर पर अमित डागा पुत्र जितेन्द्र कुमार द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस द्वारा की गई त्वरित जांच व सघन छानबीन के आधार पर रविवार को कस्बा मीरापुर के कमलियान तिराहे से भूम्मा अढा की तरफ आने वाले मार्ग से दोनों अभियुद्रों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से चोरी की गई पूरी रकम 2500 रुपये भी बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुद्रो में शमशेर पुत्र परमजीत सिंह व नरेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम साहदुल्लापुर, थाना किठौर, जनपद मेरठ शामिल हैं। अभियुद्रो से पुलिस ने तलाशी के दौरान 22 हजार रूपये बरामद किये हैं इनके पास से एक देशी तमन्चा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस व एक बुलेट बाईक बरामद की गई है। पुलिस ने पकडे गये आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# बिन वेतन जल निगम की करनी भर रहे वृद्ध जाफर

**बुढ़ाना।** जहां एक और स्थानीय जल निगम के ठेकेदारों ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की शह पर पूरे बुढ़ाना कस्बा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के चक्कर में जगह जगह गड्ढे कर दिए हैं वहीं अब इन गड्ढों को बुढ़ाना कस्बे के वृद्ध मोहम्मद जाफर अपने आप अस्थाई रूप से भरने में लगे हैं। इनको जल निगम कोई भी वेतन नहीं दे रहा है लेकिन रोज़ाना आते जाते हजारों राहगीरों की परेशानी को देखते हुए जाफर इस काम को अंजाम देने में लगे हैं ताकि किसी राहगीर को आने जाने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो। इनका गड्ढे भरने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। जिसमें वे इत्मीनान से इन गड्ढो को भर रहे हैं। उनके इस काम की बहुत तारीफ हो रही है और जल निगम के ठेकेदार, अधिकारी और कर्मचारियों को लोग कोस रहे हैं।

अगर देखा जाए तो सीवेज ट्रीटमेंट प्लान कस्बे में क्या आया बस आफत ही लेकर आया है। जब से इस योजना से जुड़े अधिकारी कस्बे में अपनी लेबर से काम कराने के लिए आए हैं तब से हर आदमी दुखी है क्योंकि इनकी लेबर ने बुढाना कस्बे के गड्ढों में सड़क बनाकर लोगों का आना जाना दुश्वार कर दिया है। ये बात आपको अजीब लग रही है कि गड्ढों में सड़क कैसे बन सकती है लेकिन ये जोखिम भरा काम जल निगम के कर्मचारियों ने करके दिखा दिया है। इनके कर्मचारियों ने लगभग हर वार्ड में अंडर ग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के उद्देश्य से हर गली की सड़कों को तोडकर उसमें गड्ढे कर दिए हैं। तय तो यह था कि जो भी गड्ढा खुदेगा उसमें पाइप लाइन बिछाकर उस गड्ढे को तुरंत भरकर सड़क बनाकर दी जाएगी लेकिन इन भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों ने ऐसा नहीं किया। बस ये कई सालों से गड्ढे खोदकर पाइप लाइन बिछा रहे हैं लेकिन गड्ढों को बंद नही कर रहे हैं। जिसके चलते कस्बे और क्षैत्र के सैंकड़ों लोगों के वाहन बेकार हो गये हैं। कस्बे के सैनी बाजार के लोग इन भ्रष्ट अधिकारियों का विरोध कर रहे हैं। ये गड्ढे कब भरे जाएंगे उसे लेकर कस्बे की पूरी जनता दुखी हैं। इस संबंध में जब चेयरपर्सन उमा त्यागी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि इन सडकों का बुरा हाल जल निगम ने किया है। वे इस घोर लापरवाही के लिए जल निगम के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाएंगी।

# बालाजी चौक पर हुआ भव्य भजन संध्या एवं झांकियों का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में श्री बाला जी जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानो पर भव्य कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस कडी में नगर के बालाजी चौक आर्यपुरी में कल्याण समिति रजि0 एवं रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर सखी द्वारा भव्य भजन संध्या और झांकियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ रोटेरियन नीलम गुप्ता अध्यक्ष, खैराती लाल, रोहताश कर्णवाल एडवोकेट आदि ने भगवान बालाजी की महाआरती कर किया गया। जिसमें श्रद्धालुओ ने बढचढ कर हिस्सा लिया। इस दौरान रमेश केस्टो सांस्कृतिक ग्रुप के कलाकारो द्वारा आकर्षक झांकियो का प्रदर्शन किया गया। जिसमें भगवान बालाजी ने स्वंय भक्तो के बीच पहुंचकर अपना आर्शीवाद प्रदान किया। इसके बाद राधा कृष्ण की झांकियो ने बरसाना वृदावन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसने सभी श्रद्धालुओ को भावविभोर कर दिया। वही दिल्ली से आये प्रसिद्ध गायको ने भगवान बालाजी के सुन्दर भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सैकडो की संख्या में श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया। इस दौरान सचिन ग्रुप के कलाकारो ने फूलो की होली और रसिया के नृत्यो से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर बालाजी मंदिर को भव्य आकर्षक लाईटो से सजाया गया था जिसकी छटा देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम के अंत में रो0 नीलम गुप्ता, रो0 शिवानी अरोडा, रो0 डॉ0 रूचि शर्मा, अम्बिका गुप्ता, गरिमा गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, रोहताश कर्णवाल एडवोकेट एवं खैराती लाल द्वारा सभी कलाकारो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में श्रद्धालुओ को प्रसाद का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन रमेश केस्टो द्वारा किया गया।



**मुजफ्फरनगर : बालाजी चौक पर हुई भजन संध्या में भाग लेते कलाकार।**

# मुस्लिम युवती के हिन्दू मित्र की पिटाई करने वाले 6 युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू युवक के साथ मुस्लिम युवती को देखकर मुस्लिम युवकों ने दोनों की एक दुकान में ले जाकर पिटाई की। , इस घटना की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में मुक. दमा दर्ज कर वीडियो फुटेज के आधार पर छह आरोपित मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया, तकिया कुरैशियान मोहल्ला निवासी मुस्लिम युवती स्मोल फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। इसी कंपनी में शामली जिले के थानाभवन थानाक्षेत्र का इस्माइलपुर गांव निवासी सचिन भी काम करता है। युवती शनिवार शाम को सचिन के साथ बाइक पर सूजडू से शमा नामक महिला से कलेक्शन कर वापस बाइक से लौट रही थी। इसी दौरान खालापार में दर्जी वाली गली में सामने आठ-दस युवकों ने दोनों को रोक लिया और दोनों के नाम पूछने के बाद आरोपित युवक दोनों को एक बैटरी की दुकान में ले गए। आरोपितों ने दोनों के साथ मारपीट की और वीडियो भी बनाई। शोर शराबा होने पर स्थानीय जिम्मेदार लोग वहां पहुंच कर दोनों को बचाया।

शनिवार को ही पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी लेकिन रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। वीडियो में युवकों की पहचान करने के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश देकर रविवार देर शाम छह आरोपित मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के नाम सरताज, शादाब, उमर, अर्श, शोएब व शमी बताए है। पुलिस आरो. पितों से पूछताछ कर रही है। सभी को पुलिस सोमवार को जेल भेजेगी।

# स्विफ्ट कार में लगी आग, सवारियों ने कूदकर बचाई जान

**बुढ़ाना।** कस्बे के कांधला रोड पर अचानक से चलती हुई एक स्विफ्ट कार में आग लग गयी। कार में आग शॉर्ट सर्किट हो जाने के चलते लगी ऐसा बताया जा रहा है। इस दौरान कार के इंजन में लगी भीषण आग को आसपास मौजूद लोगों ने पानी और मिटी डालकर बड़ी मुश्किल से बुझाई। बताया जाता है कि यह कार बुढाना कस्बे से जनपद शामली के कस्बा कांधला ये कुछ सवारियों को लेकर जा रही थी। जब ये कार बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर आई तो अचानक से कार में आग लग गयी और आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब कार में अचानक से आग लगी तब कार में सवार युवकों ने कूदकर अपनी जान बचाई। कार पेट्रोल के अलावा सीएनजी से पास बताई गयी है। इस दौरान आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस संबंध में बुढ़ाना पुलिस ने अनिभिज्ञता जताई।

# गंगा सफाई अभियान में लगे सफाईकर्मियों को किया गया सम्मानित

**मोरना।** शुकतीर्थ में निर्मल गंगा- अविरल गंगा हेतु डॉ राजीव कुमार द्वारा शपथ दिलाई गयी साथ ही गंगा स्वच्छता अभियान गंगा घाट पर चलाया गया।

शुक्रतीर्थ में उप जिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह द्वारा प्रत्येक रविवार को निरन्तर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।। इस अभियान में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपजिलाधिकारी जयेन्द्र सिंह एवम तहसीलदार सतीश चंद बघेल द्वारा मा. सदस्य को पगड़ी एवम पटका भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस के अंतर्गत गंगा के घाटों पर तथा शुक्रतीर्थ आबादी क्षेत्र में साफ सफाई कराई गई।गंगा सफाई अभियान मे लगे सफाईकर्मियों को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार,प्रबन्धक एवम दीपक कृष्णात्रेय व प्रधान द्वारा फूलमाला पहनाकर एवम उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। गंगा सफाई अभियान में ए एन एम ट्रेनिंग सेंटर की ट्रेनीज द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा उपस्थित सभी को निर्मल एवम अविरल गंगा हेतु गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई।इस अभियान में जानसठ तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल, नमामि गंगे के अधिकारी, ग्राम प्रधान, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी और खंड विकास अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अभियान के अंतर्गत शुक्रतीर्थ क्षेत्र एवं घाटों की साफ-सफाई की गई, जिससे आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण संदेश गया। सफाई अभियान प्रत्येक रविवार को निरंतर चल रहा है उप जिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह द्वारा सभी क्षेत्रवासियों , श्रद्धालुओं एवम संत महात्माओं को आश्वस्त किया गया कि अभियान निरंतर रूप से चलता रहेगा।



**मुजफ्फरनगर : स्वच्छता अभियान की शपथ लेते अधिकारी और क्षेत्रवासी।**

# 6 दिन से नहीं लगा सरफराज का कोई भी सुराग

■ **परिजन जता रहे हैं अनहोनी की आशंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज शनिवार को चार दिन हो गये लेकिन बुढाना कस्बे के सरफराज कुरैशी का अब तक भी कोई पता नहीं चल पाया है। सरुराज बुढाना निवासी मेहराज का पुत्र है जो बिहार राज्य में अपने कारोबार के लिए गया हुआ था और वो बिहार राज्य के भागलपुर रेलवे स्टेशन से बुढाना के लिए बीती 8 अप्रैल को चला था। बस तभी से वह गायब है। उसको 9 अप्रैल को बुढाना आना था लेकिन उसका मोबाइल स्विच अफ़ जा रहा है। परि. जनों के अनुसार उसके साथ जनपद शामली के कस्बा कांधला का सलमान भी था। जिसमें सलमान तो बीती 09 अप्रैल को अपने घर आ गया लेकिन सरफराज का कोई भी अता पता नहीं है। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बुढाना पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। बुढ़ाना पुलिस ने मानवता के नाते सरफराज की तलाश अपने स्तर से शुरु कर दी है। मामला बिहार राज्य का होने के कारण बुढाना पुलिस ने इस मामले में बिहार राज्य की पुलिस से भी फोन पर संपर्क साधा है। सरुराज के परिजन सरकराज के गुम होने पर बहुत ही परेशान बताए गये हैं।

# बीएससी विभाग के विद्यार्थियों का एजूकेशनल टूर देहरादून रवाना

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, के बीएससी (माइक्रोबॉयोलाजी) व बीएससी व के छात्र छात्राओं का एजूकेशनल टूर देहरादून गया। महाविद्यालय प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने विज्ञान संकाय के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाओं सहित शिक्षाप्रद टूर के लिए रवाना किया ।

एजूकेशनल टूर के माध्यम से छात्र -छात्राओं ने विभिन्न जीव जन्तुओं एवं वनस्पतियों का मनुष्य जीवन में महत्व तथा उपयोग के बारे में विस्तार से अध्ययन किया एवं विज्ञान संकाय के छात्र -छात्राओं ने अपने पाठड्क्रम को आवश्यकता के अनुरूप वहां पर कई प्राकृतिक दर्शनीय स्थलों को देखा व उनसे सम्बन्धित उपलब्ध संसाधनों के द्वारा अपने शिक्षकों से जानकारियां एकत्रित की।सर्वप्रथम टूर के सभी सदस्य वन अनुसंधान संस्थान गये जहां पर उन्होने विभिन्न प्रकार के पेड-पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की व इसके अतिरिक्त वन अनुसंधान संस्थान द्धथ्त्प्क्ष्ट वानिकी अनुसंधान और शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जो भारत और दुनिया भर में वानिकी क्षेत्र में योगदान करता है। यह संस्थान अपनी वास्तुकला, सुंदरता और वनस्पतियों की विविधता के लिए भी जाना जाता है। देहरादून चिडियाघर में विभिन्न प्रकार पक्षीयों, सरीसृपों, मछलियों एवं जानवरों इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की । सभी छात्र / छात्राओं एवं शिक्षकों ने इस शिक्षाप्रद यात्रा का भरपूर आनंद भी प्राप्त किया। अंत में सभी विद्यार्थी सहस्रधारा गये, यह जगह सल्फर स्प्रिंग्स के लिए प्रसिद्ध है, जिसके



बारे में माना जाता है कि इसके पानी में त्वचा रोगों को ठीक करने के गुण होते हैं.विभागाध्यक्षा डा0 मोनिका रूहेला ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सभी छात्रों ने अपने पाठड्क्रम से सम्बन्धित वैज्ञानिक संसाधनों से भरपूर अनेक स्मरणीय स्थानों पर उपलब्ध पेड, पौधे, जीव-जन्तु एवं वनस्पतियों के बारे में वैज्ञानिक जानकारी हासिल की।

बी0एस0सी0द्धविज्ञान व माइक्रोबायोलोजीॠ के छात्र छात्राओं ने इस एक दिवसीय ज्ञानवर्धक दौरे को अत्यन्त रूचिपूर्ण तरीके से समझा व आनन्द लिया। इस शिक्षाप्रद टूर से एकत्रित जानकारी के आधार पर विज्ञान के विषय से सम्बन्धित प्रोजेक्ट तैयार किये जायेगें ।एजूक. शनल टूर के संचालन में मुख्य रूप से विभागाध्यक्षा डा0 मोनिका रूहेला, डा0 ज्ञानेन्द्र, रजत धारीवाल, मोनिका पंवार, शेखर सिंह, वंशिका गुप्ता, राखी धीमान, कृष्ण कुमार का सहयोग रहा।

# सिलेंडर लीक होने से लगी आग, बड़ा हादसा टला

■ **मौहल्ला देवीदास में फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के मोहल्ला देवदास में उस समय हड़कंप मच गया जब एक घर में गैस सिलेंडर लिकीज होने से आग लग गई। आग लगी देख कॉलोनी वासियों ने मौके पर पहुँच आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही पा पाए जिसके बाद फ़ायर ब्रिगेड गाड़ी ने मौके पर पहुँच आग पर काबू पाया। इस घटना से कॉलोनी वासियों में हड़कंप मचा रहा।

शनिवार की देर शाम उस समय देवीदास में लोगों में अफरातफरी मच गई जब कॉलोनी निवासी सोनू पुत्र कलीराम के घर मे अचानक गैस सिलेंडर लिकीज होने पर भयंकर आग लग गई। अचानक लगी आग लगने से कलीराम आग की चपेट में आने से बाल बाल बच गया।

सोनू के घर मे आग लगी देख कॉलोनी वासियों ने दौड़ कर आग पर पानी आदि डाल कर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन भयंकर आग पर काबू नही पा सके जिसके बाद लोगों ने स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी और फायर ब्रिगेड को बुलाने की मांग की लेकिन घँटों बाद घटना स्थल पर पहुँची फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया। इस आग जनी में सोनू के घर मे रखा हजारों रुपए का कीमती सामान जल कर राख हो चुका था। वही कॉलोनी वासियों का कहना था कि सिलेंडर लिकीज होने के बाद लगी आग से कलीराम के मकान की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी जिससे उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस घटना से लोगों में काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। वही आग लगने से सोनू के पड़ोसी आशु के घर की छत पर रखा कीमती सामान भी जल कर राख हो गया था। पीड़ितों ने प्रशासन से सहयोग की अपील की है।

# स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे काटी जा रही अवैध कॉलोनियां



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में प्रशासन की नाक के नीचे अवैध कॉलोनियों के कटने का सिलसिला जारी है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। भूमाफिया बिना अनुमति के प्लॉट काट रहे हैं और लोगों को बेच रहे हैं, जिससे लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। प्रशासन सिर्फ नोटिस जारी कर अपना बचाव कर रहा है। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। अवैध कॉलोनियों की कटाई एक बड़ी समस्या बन गई है। इन कॉलोनियों में कॉलोनाइजर बिना किसी अनुमति के प्लॉट काटते हैं और लोगों को बेचते हैं।

अवैध कॉलोनियों के काटने पर पाबंदी है। कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ सरकार की तरफ से सख्त कार्रवाई की हिदायत भी दी गई है। इतना ही नहीं, पूर्व में कस्बा में अवैध कॉलोनी काटने वाले लोगों पर कार्रवाई करने का दावा प्रशासन कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद भी कस्बे में प्रॉपर्टी डीलर और भूमाफिया अवैध कालोनी काटने से बाज नहीं आ रहे है। हाल के दिनों में भी जानसठ रॉड चुन्नाभटी पेट्रोल पंप के सामने अवैध कॉलोनी दिन रात काटी जा रही है, प्रोपर्टी डीलर द्वारा प्रशासन और सम्बंधित विभाग से परमिशन नही ली गई है।जिसने बड़े स्तर पर अवैध रूप से मिटी का खनन कर जमीन की चारदीवारी करने के अलावा मकान निर्माण व नींव तक भरने का काम हो रहा है, लेकिन एमडीए विभाग की तरफ से ऐसी कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बजाय सिर्फ नींव ढहाने के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है। यहीं कारण है कि प्रॉपर्टी डीलर नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से कॉलोनी काटने में लगे है। नई नई कटने वाली अवैध कॉलोनियों में प्लाट भले ही सस्ते दाम में मिल जाते हो, लेकिन वहां मूलभूत सुविधाओं व अन्य काम को लेकर दिक्कत होती है। अवैध कॉलोनियों में न तो विकास हो पाता है और न ही वहां बनने वाले मकानों के नक्शे पास हो पाते है। कस्बे में दर्जन भर से ज्यादा अवैध कालोनी है। जहां हजारों परिवार रहते है, लेकिन अवैध के कारण वहां के लोगों को विकास के लिए तरसना पड़ रहा है। ऐसी ही खतौली इस्लामाबाद भूड़ बाग में एक प्रोपर्टी डीलर द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही है जिसमे सबसे बड़ी हैरत की बात तो यह कि प्रोपर्टी डीलर ने कॉलोनी तो काट दी है लेकिन इस कॉलोनी में बिजली आपूर्ति की कोई व्यवस्था नही की गई है प्लाट खरीदने वाले लोगों को सौरऊर्जा लगाकर बिजली की व्यवस्था की गई है। यही नही इस कॉलोनी में आने जाने के लिए सड़कों को भी नही बनाया गया है जिस कारण वहां रह रहे सैकड़ों परिवार वालों को मूलभूत सुविधाएं बिजली पानी और आने जाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन

कॉलोनाइजरों को जमीन पर प्लॉट काटने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होती है, लेकिन अधिकांश कॉलोनाइजर बिना अनुमति के काम करते हैं, जिससे कानून का उल्लंघन होता है।

## अवैध कालोनियां काटने से हो रहा बड़े स्तर पर मिट्टी खनन

कस्बे में स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे दिन रात प्रोपर्टी डीलरों द्वारा अवैध कालोनियां काटने से बड़े स्तर पर मिट्टी खनन किया जा रहा है कस्बे में शाम होते ही प्रशासन से आँख मिचौली खेलते हुय मिट्टी से भरी ट्रालिया सड़कों पर दौड़ती दिखाई देती है लेकिन प्रशासन के आला अधिकारी अपने घरों में कुम्भकर्णी नींद में सोए पड़े रहते है।

# भोजाहेडी में डे-नाईट शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**पुरकाजी।** ब्लॉक के गांव भौजाहेडी में डे नाइट शूटिंग बॉल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जयवीर सिंह थाना अध्यक्ष पुरकाजी ने विधिवत रूप से प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया उन्होंने कहा की जीवन में अपने शरीर के लिए खेलना भी स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है प्रतियोगिता के संरक्षक बृजेश कुमार ने बताया की डे नाइट प्रतियोगिता में काफी दूर-दूर की टीमों ने हिस्सा लियाजिसमे सहारनपुर जिले की दूधली दहिरपुर हरिद्वार से रुड़की हरचंदपुर रजौली मुजफ्फरनगर से स्टेडियम मुजफ्फरनगर बसेड़ा रुड़कली लखनौती अब्दुलपुर शेरपुर बुदिना कला मेरठ से महल आदि दर्जनों टीम पहुंची बताया कि यह देर रात तक टूर्नामेंट चलेगा रात को खाना चाय पानी और लेटने का उचित इंतजाम किया गया है टूर्नामेंट देर रात तक चलेगा जितने व हारने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा मैच के लिए रेफरी भी बाहर से बुलाए गएइस मौके पर मोहम्मद इरशाद मनोज पाल टीटूपाल शिवकुमार पाल रोहित कुमार अतुल टोनी सचिन पाल पप्पू सैनी शुभम कुमार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे

# चैंपियन ट्रॉफी टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन



**बुढ़ाना।** कस्बे में खेल प्रेमियों के लिए रविवार का दिन बेहद खास रहा। कांधला रोड पर स्थित एमआई एकेडमी मैदान पर चौंपियन ट्रॉफी टूर्नामेंट का शानदार आगाज़ हुआ। उद्घाटन मुकाबला बुढ़ाना की दो प्रतिष्ठित टीमों मैक्स क्लब और किंग्स 11 क्लब के बीच खेला गया जो 20-20 ओवर का रोमांचक मैच रहा। टॉस जीतकर मैक्स क्लब के कप्तान मुजम्मिल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

मैक्स टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 208 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के स्टार बल्लेबाज कासिम कुरैशी ने 49 गेंदों में ताबड़तोड़ 81 रनों की पारी खेली। यही नहीं उन्होंने अपनी गेंदबाजी से भी कमाल दिखाया और 4 ओवर में मात्र 18 रन देकर 5 विकेट झटके जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स 11 क्लब की टीम के कप्तान गौतम जाटव ने अपने बल्ले का शानदार प्रदर्शन दिखाया लेकिन दबाव में नजर आई टीम 17 ओवर में ही 125 रन पर ऑल आउट हो गई। इस एक महीने चलने वाले टूर्नामेंट का उद्घाटन सफीपुर पटी से प्रधान पद के उम्मीदवार व भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष मोहम्मद इसरार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और खेलप्रेमी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एमआई एकेडमी के ओनर राहिल जावेद पिछले 30 वर्षों से बुढ़ाना में खेल को बढ़ावा देने के लिए ऐसे टूर्नामेंट्स का आयोजन करते आ रहे हैं जिससे युवाओं को एक बेहतर मंच मिल सके। टूर्नामेंट के आगाज़ ने खेल प्रेमियों में नई ऊर्जा का संचार किया है और आने वाले मैचों को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। एमआई एकेडमी बुढ़ाना पर कोच राहिल जावेद के नेतृत्व में 3 दर्जन से ज्यादा बच्चे यहां रोज क्रिकेट की प्रैक्टिस करते हैं और अपना भविष्य खेल जगत में सुधार रहे हैं। एमआई एकेडमी के कई खिलाड़ी अपने बल्ले और बोल से शानदार प्रदर्शन करने में पिछले टूर्नामेंट में नंबर वन रहे हैं।

## दबंग पर लगाया भूमि कब्जाने का आरोप

**मोरना।** शुक्रताल मे गंगा घाट किनारे स्थित आवासीय भूमि पर ग्रामीणों ने दबंग पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से भूमि को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुक्रताल निवासी राजू व राजपाल तथा मुन्नी देवी ने बताया कि शुक्रताल खादर में खसरा नंबर 73 मे उनकी आवासीय भूमि है जिस पर मेरठ निवासी एक दबंग अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। आरोपी को ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने गाली गलौज कर दबंगता दिखाते देख लेने की धमकी दे रहा है।पीड़ितों ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी से अपनी जमीन कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

## कानून के लंबे हाथों से कैसे बच रहा अनेकों घरों को बर्बाद करने वाला सट्टा किंग

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा निवासी नोमान लम्बे समय से खुद व अपने ऐजंटो द्वारा सटटे की खाई वाडी करा कर गरीब मजदूर की कमाई को खुलेआम हडप रहा है। दंबग सटा किंग का यह कोई नया कारनामा नही है कई वर्षो से इस गोरख धंधे को बिना किसी खोफ के अंजाम देते चले आ रहा है। यह चर्चित सटा किंग सटटे तक ही सीमित नही बताया जाता है। बल्कि डोडा पोस्त के कारोबार मे भी लिप्त पाया गया है। जिसके चलते पूर्व में चरथावल कोतवाली पुलिस ने इस चर्चित को डोडे की

तस्करी करने में रंगे हाथो पकड़ कर जेल की हवा खिलायी थी। लेकिन जमानत पर जेल से रिहा होने के पश्चात ही इसने खुद व अपने एजेंटो द्वारा सटटे की खाई वाडी को बिना किसी कानून के खोफ के आगे बढाया। सूत्र बताते हैं कि शाम के समय इस सटा किंग के आवास पर अपने आप व एजेंटो द्वारा खुलेआम सटटे की खाईवाडी होती नजर आती है। लेकिन जब पुलिस ने इस सटा किंग पर कानूनी शिकंजा कसा तो तब यह एक दो सप्ताह के लिए भूमिगत हो गए था।एक सप्ताह बीतने के बाद फिर सटटे की खाईवाडी बडे पैमाने पर कर बादशाही नवाबो वाले शोक करने लग जाता है। जो आज तक पुलिस को पकड़ से दूरी बनाए हुए हैं। क्योंकि बडे ही शातिराना अंदाज से यह अपनी दंबगता के बल पर गरीब मजदूर को मोह माया जाल में फसा कर उन्हे रातों रात अमीर बनाने का खवाब दिखाकर ओर गरीब मजदूर को एक रुपए के नब्बे रुपए देने का लालच देकर उनके खून पसीने की कमाई को हडप कर जाता है। गरीब मजदूर की कमाई को हडप कर नवाबो वाले शोक करके बादशाही जिंदगी जीता है यह चर्चित सटा किंग। ओर गरीब को ओर गरीब बना कर न जाने कितने परिवारो को घर से बेघर कर दिया है। दंबग सटा किंग के होसले इतने बुलंद है कि अगर उनकी शिकायत कोई किसी अधिकारी से करता है तो उसके खिलाफ कोई भी झूठा षडयंत्र रच देते हैं।

जिस कारण कोई इस सटा किंग के खिलाफ आवाज नहीं उठाता। कोतवाली पुलिस ने दंबता को खत्म करने के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी एमपी सिंह द्वारा कड़ी कानूनी कार्यवाही की इस चर्चित सटा किंग के खिलाफ की गई थी। लेकिन कुछ समय कस्बे से बहार बिता कर मोबाईल के माध्यम से इस सटा किंग फिर भी सटटे की खाईवाडी बराबर करता रहा। सूत्रो का कहना है कि यह सटा किंग नोमान चरथावल पुलिस को चकमा देते हुऐ बेखोफ आज भी सटटे की खाई वाडी करने मे लगा है। जागरूक नागरिको ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सटा किंग की दंबगता के आगे कोई आवाज उठाने वाला कोई नही है। बल्कि अनेको बार तो इस सटा किंग नोमान की हरकतों के कारण गांव कुटेसरा में झगड़ा भी हो चुका है लेकिन भाजपा सरकार में भी इस चर्चित सटा किंग की खाईबाड़ी बादस्तूर जारी है और अनेको बार गांववासी आलाधिकारियों से भी इस सटा किंग के गोरखधंधे पर रोक लगाने की मांग कर चुके है।और अनेको परिवार इस सटा किंग के कारण बर्बाद हो चुके है। और अनेको ने इसके सटे के मायाजाल में फंसकर अपनी महिलाओं के गहने तक बेच दिए है।लेकिन इस सटा किंग के इस काले धंधे पर रोक लगनी नामुकिन नजर आ रही है।

## भाजपाइयों ने डोर टू डोर बांटे योगी सरकार की उपलब्धियों के पत्रक

**बुढ़ाना।** रविवार को भी गांव नगवा में योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर ठाकुर रामनाथ सिंह ने भाजपाइयों के साथ गांव में रात्रि प्रवास किया। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों से छपे पत्रक भी बांटे। नुक्कड़ सभा में जिला सहकारी बैंकों के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने भाजपा सरकार की आठ वर्ष की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा ध्वज और पत्रक के साथ ही गांव की गलियों में भी एक पैदल यात्रा का सफल आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला सहकारी बैंकों के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह के नेतृत्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू कुर्थल, राम नरेश, बलराम राजपूत, अमित समेत अन्य कई कार्यकर्ताओं की मौजूदगी देखने को मिली।

## प्रवक्ता नीरज जैन को याद करते सबकी हुई आँखे नम

**खतौली।**भारतीय जैन मिलन छेत्र संख्या 4 के 43 वाँ वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन 13 अप्रैल 2025 को अर्पण बैंक्वेट हॉल में सम्मिलित हुआ। सब कार्यक्रम सम्मान समारोह आदि होते रहे, लेकिन अगर इस कार्यक्रम में किसी की कमी खल रही थी तो वे थे खतौली निवासी नीरज जैन प्रवक्ता जिन्हें याद करते ही उनके परिवार के ही नही बल्कि समस्त समाज की आँखे नम हो गई। स्व नीरज जैन प्रवक्ता की कार्यक्रम में जब प्रथम अनुपस्थिति में उनके बेटे को सम्मान मिल रहा था तब पूरे हॉल की आंखे नम थी। जहां जैन समाज बोल रहा था कि वाकई एक अच्छे व्यक्तित्व थे स्व नीरज जैन जी प्रवक्ता। बता दे कि स्व प्रवक्ता नीरज जैन स्थानीय मीडिया के भी सबसे बड़े सहयोगी थे जी की समय समय पर समाज और स्कूल कॉलिज द्वारा कार्यक्रमों की विज्ञप्ति को मीडिया तक पहुँचाने में हमेशा तैयार रहते थे। उनकी मौत से मीडिया जगत में भी शोक व्याप्त है।

## नेताओं ने की प्रतिमा की सफाई

**बुढ़ाना।** एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी, ईओ आलोक रंजन व नायब तहसीलदार अमन सिंह ने रविवार के दिन सबसे पहले बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला चमारान मे पहुंचकर वहां पर स्थापित बाबा साहेब डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई अपने अपने कर कमलों द्वारा कर उनको पानी से नहलाया और माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद गांव उमरपुर में पहुंचकर वहां पर भी स्थापित डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया। एसडीएम ने बताया कि कस्बा बुढ़ाना और क्षेत्र में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती राजकीय सम्मान के साथ मनाई जाएगी। इसकी तैयारियों के तहत ही सभी ने यहां पर श्रमदान किया है। सीओ ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों से जयंती को भव्य रूप से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को सब अधिकारी कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यहां पूर्व प्रधान सत्यपाल सहरावत, संयम पंवार, जितेंद्र मलिक, सभासद सलीम कुरैशी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बढ़ती मंहगाई से निपटने की लड़ाई लड़ेंगी क्रांति सेना की महिलाएं




**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना कार्यालय प्रकाश चौक स्थित पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई जिसमें अध्यक्षता की जिला प्रभारी रानी चौधरी जी ने और संचालन किया जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने आज मीटिंग का एजेंडा था कि संगठन को कैसे मजबूती लाई जाए संगठन को कैसे आगे बढ़ाया जाए और आगामी आने वाले प्रोग्राम पर भी विचार विमर्श किया गया।

मीटिंग में सविता गौतम जिला उपाध्यक्ष ने बोलते हुए कहा कि महिलाओं को एकजुट होकर रहना चाहिए और महिलाओं को अपने संगठन में धन से भी मजबूती करनी चाहिए। अंजू त्यागी जिलामंत्री ने बोलते हुए कहा कि हर महिला को कम से कम अपने वार्ड मे 5-5 सदस्य बनाने चाहिए और संगठन को आगे की तरफ ले जाना चाहिए। पूनम राजपूत ने कहा कि महिलाओ को आपसी भेदभाव भूलाकर एक परिवार की तरह संगठन में काम करना चाहिए। आज मीटिंग में संध्या गुप्ता जी ने पीएम सूर्य घर (मुफ्त बिजली योजनाद्ध के बारे में बताया जिससे कि महिलाओं को बिजली में बचत होगी घ1,08000 तक की सब्सिडी सरकार द्वारा दी जाएगी अगर कोई दो तीन किलो वाट से लेकर 7 किलो वाट तक का अपने घर में पीएम सूर्य घर रू मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाना चाहता है तो उसे पर 1,08,000 की छूट है और बिजली का बिल ना के बराबर ही आता है, जिससे की महिलाओं को अपने घर चलाने में काफी सुविधा मिलेगी क्योंकि बिजली का बिल इतना आता है महिलाओं को समझ में नहीं आता कि वह करें तो करें क्या और महिलाओं को जब बिजली का बिल नहीं भरना पड़ेगा तो उन्हें पैसों की बचत होगी और घर चलाने में आसानी होगी। सरकार ने गैस सिलेंडर के भी रेट बढ़ा दिए हैं सरकार को कुछ पड़ी नहीं है गरीबों की, और जो महिलाओं को सबसे ज्यादा जरूरत होती है गैस की बिजली की उन्हीं के दाम इतने बढ़ गए हैं इसलिए सबको मुफ्त बिजली योजना के बारे में सोचना चाहिए और सबको पीएम सूर्य घर लगवाना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, रानी चौधरी जिला प्रभारी, पूनम चाहल जिला उपाध्यक्ष, पूनम राजपूत जिला महामंत्री, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, मिथिलेश गिरी जिला सचिव, सविता गौतम जिला उपाध्यक्ष, राखी प्रजापति नगर अध्यक्ष, अनीता प्रजापति नगर उपाध्यक्ष, ओमवती नगर सचिव कंचन बाटला संगठन मंत्री,आज संगठन मे 3 महिलाओ ने सदस्ता ग्रहण की उषा यादव, संध्या गुप्ता, राखी मित्तल आदि सैकड़ो महिलाओ ने भाग लिया।

## चार मुस्लिम छात्राओं ने मोलवियत का कोर्स पूरा किया

**बुढ़ाना।** रविवार को बुढाना ब्लाक क्षेत्र के भसाना शुगर मिल मार्ग पर स्थित शिक्षण संस्था जामिया अल हुमैरा लिलबनात सफीपुर पटी में पढ़ रही 4 छात्राओं को मोलवियत का कोर्स पूरा करने पर सम्मानित किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक, बुढ़ाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा, पुलिस सब इंस्पेक्टर शेरदिल खान, ईदगाह कमेटी बुढ़ाना के प्रबंधक तोसीफ राही, जमियत उलेमा हिंद के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आसिफ कुरैशी व जमियत उलेमा हिंद खतौली के कन्वीनर मु"ती अब्दुल कादिर आदि ने इन चारों छात्राओं को संयुक्त रूप से सम्मानित किया और छात्राओं को दीनी तालीम के साथ दुनियावीं तालीम भी पढ़ने को कहा। यहां पर छात्रा हफशां फुरकान, मंतशा इनाम, शाहीन रिजवान और सानिया ने मोलवियत पूरी कराने में कार्यक्रम आयोजक एचएम रिजवानुल हक का आभार जताया और अंग्रेजी में स्पीच दी। महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने छात्राओं को शक्ति मिशन के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। जामिया अल हुमैरा लिलबनात के प्रबंधक एचएम रिजवानुल हक ने महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा, ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक सहित सभी अतिथियों को सम्मानित किया। उन्होंने बुढाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के बारे में कहा कि उन्होंने कई ऐसे बदमाशों को भी जेल भेजा जिन्होनें समय समय पर युवतियों के साथ बदसलूकी की और यही वजह है कि आज हमारी मां बहनें सड़कों पर बैखोफ होकर चलती हैं। इसके लिए कोतवाल आनंद देव मिश्र बधाई के पात्र हैं। यहां पर हजरत मौलाना मुनीरुद्दीन नक्शबंदी ने भी छात्राओं को खिताब किया।

# नगीना क्षेत्र में मिला अवैध खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि जनपद बिजनौर में उपखनिजों के अवैध खनन/परिवहन की शिकायतों के सम्बन्ध में तहसील नगीना क्षेत्रान्तर्गत उपजिलाधिकारी नगीना, तहसीलदार नगीना, नायब तहसीलदार नगीना, खान निरीक्षक बिजनौर व क्षेत्रीय लेखपाल/राजस्व निरीक्षक ग्राम शाहअलीपुर गूदड/अब्दुलफजलपुर पहाडा द्वारा ग्राम शाहअलीपुर गूदड व ग्राम अब्दुल्लापुर पहाडा में संचालित परमिटों की जाँच परमिटधारक व उनके प्रतिनिधि की मौजूदगी में **21 मार्च, 2025** को संयुक्त रूप से की गयी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के अनुसार नगीना तहसील के ग्राम शाहअलीपुर गूदड में परमिटधारक मैसर्स आरके कन्सट्रक्शन प्रोपराईटर माया देवी पत्नी राकेश्वर सिंह पुत्री गनेश सिंह निवासी अमखेडा शंजरपुर तहसील धामपुर जिला बिजनौर द्वारा अपने पक्ष में स्वीकृत तहसील नगीना के ग्राम शाहअलीपुर गूदड के गाटा सं. **45** कुल रकबई **1.500** हे. भूमि से बाहर कुल **380** घनमीटर आरबीएम एवं परमिटधारक मैसर्स एमपीएस एन्टरप्राइजेज प्रोपराईटर सतीश कुमार पुत्र मुरारी सिंह निवासी ग्राम चांदपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा अपने पक्ष में स्वीकृत तहसील नगीना के ग्राम अब्दुलफजलपुर पहाडा के गाटा सं. **70** मि कुल रकबई **1.265** हे. भूमि से बाहर कुल **1355** घनमीटर आरबीएम का अवैध खनन पाये जाने पर उनके विरूद्ध अवैध खनन किये गये उपखनिजों की रायल्टी, खनिज मूल्य व अर्थदण्ड की कुल धनराशि श्मश: रू. **7,61,775**/- व रू. **37,66,905**/- अधिरोपित की गयी है, जिसको खनिज विभाग के निर्धारित लेखाशीर्षक में जमा कराये जाने के लिए उनके विरूद्ध आदेश किये गये हैं।

## आरोपियों से लाखों रुपए की वसूली के आदेश

## दबंगों ने दंपति को मारपीट कर किया घायल

**मोरना।** गाव किशनपुर में दबंगों ने द्वारा रंजिशन हमला करते हुए पति-पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया घटना से गांव में हड़कंप मच गया घायल दंपति को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया पीड़ित ने अपनी जान को खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी मोहम्मद अहमद ने बताया कि गांव के ही कुछ व्यक्ति उनसे अकारण ही रंजिश रखते हैं। रविवार की सुबह दबंगों ने गाली गलौज देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके व पत्नी को ऊपर लात घूसों व लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया सरेआम मारपीट की घटना से गांव में हड़कंप मच गया पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया पीड़ित दंपति ने आरोपी दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पूर्णिमा पर रुहअफजा शर्बत का हुआ वितरण

**बुढाना।** कस्बे के नदी मंदिर रोड पर स्थित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के आवास के बाहर एक पंडाल लगाकर आते जाते सैंकड़ों राहगीरों को भयंकर गर्मी में राहत देने के उद्देश्य से मीठी ठंडी रूह अफजा शरबत का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम चौत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि हर महीने पूर्णिमा आती है। वे हर पूर्णिमा पर अपने आवास नदी मन्दिर रोड पर प्रसाद वितरण करते हैं। भगवान के मन्दिर में पहले भोग भगवान को लगाते है।

**आवश्यक सूचना**

A2Z में ब्यूटी पार्लर में काम करने हेतु एक सुशील लड़की की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें:- 8650295000

## हमलावरों ने बाइक सवार को मारपीट कर किया घायल

**मोरना।** बहन का लगन देकर लौट रहे बाईक सवार युवकों को भोकरहेड़ी --लकसर मार्ग पर दर्जनों आरोपियों ने घेर कर मारपीट की गंभीर रूप से घायल हुए मिथुन सैनी को अस्पताल ले जाया गया। थाने पहुंचे सैनी समाज के व्यक्तियों ने घटना पर रोष प्रकट करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी मिथुन सैनी व उसके परिवार के अवनीश सैनी रविवार को धंधेड़ा गांव में बहन का लगन देने गए थे वापस लौटते समय जैसे ही वह भोकरहेड़ी -लक्सर मार्ग पर सोलानी नदी के ढलान के पास पहुंचे तभी वहां घात लगाये चार बाइको पर सवार दर्जनों व्यक्तियों ने उन्हें घेर लिया।आरोपियों ने लाठी डंडे व लोहे की रोड से हमला कर मिथुन सैनी को घायल कर दिया। घटना की सूचना गांव पहुंची तो सेंकड़ो ग्रामीण मौके पर इकठा हो गये। घायल मिथुन को भोपा सी एच सी पर उपचार के लिए भेजा गया। अवनीश सैनी ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया की होली के त्यौहार के दौरान दूसरी जाति के लोगो से विवाद हो गया था जिसकी रंजिश मे आरोपियों ने समूहबद्ध होकर मिथुन की हत्या का प्रयास किया है।

**Name Change**

I MAU NADEEM S/O NASEEM AHAMAD R/O 1119/1 LADDHAWALA MUZAFFARNAGAR CHANGE MY NAME TO MOHD NADEEM.

**Name Change**

I FAIMIDA BEGUM W/O NASEEM AHMAD R/O 1119/1, LADDHAWALA NORTH. MUZAFFARNAGAR CHANGE MY NAME TO FAHMIDA BEGUM.

**Name Change**

I NASEEM AHAMAD S/O SHAFIQ AHMAD R/O 1119/1, LADDHAWALA NORTH. MUZAFFARNAGAR CHANGE MY NAMETO NASEEM AHMAD.

# निधिषराज के अधूरे कार्यों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि: कपिलदेव



**मुजफ्फरनगर।** सरकुलर रोड स्थित रोटरी भवन में डा. एमएल गर्ग ने अपने दिवंगत पुत्र स्व. श्री निधिषराज गर्ग की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में 102 टीबी मरीजों को खाद्य पदार्थ के पैकेट वितरित किये। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश कपिलदेव अग्रवाल, तत्कालीन जेल अधीक्षक मुजफ्फरनगर एवं वर्तमान में जेल अधीक्षक गाजियाबाद सीताराम शर्मा ने भी स्व. निधिषराज गर्ग के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि निधिषराज गर्ग ने छोटी उम्र में ही समाज सेवा के रूप में बहुत कार्य किये। उन्होंने उदय वैलफेयर सोसायटी के माध्यम से वर्ष में कई-कई बार गरीब वर्ग के लोगों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रीयों का वितरण किया। कोरोना काल में उन्होंने लगातार एक माह तक निर्धनों को भोजन वितरित कराया। ऐसे समाजसेवी का छोटी उम्र में ही चले जाना कष्टनीय है। उनके समाजसेवा के छोडे हुए कार्यो को उनके पिता डा. एमएल गर्ग पूरा कर रहे है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं स्व. निधिषराज गर्ग के पिता वरिष्ठ चिकित्सक एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डा. एमएल गर्ग ने दुखी मन से कहा कि उनके पुत्र ने छोटी उम्र से समाजसेवा को अपना लिया था अब उनके द्वारा जो भी कार्य अधूरे रह गये है उन्हे वे हर हालत में पूरा करने का प्रयास करेंगे इसी कड़ी में आज उन्होंने और उनके परिजनों उषा गर्ग, स्व. निधिषराज गर्ग की पत्नी सपना गर्ग, उनकी बहन पूजा अग्रवाल एवं उनके बहनोई पंकज अग्रवाल आदि ने कहा कि वे सभी स्व. निधिषराज द्वारा समाजहित में जो कार्य किये जा रहे थे वे उन्हे लगातार पूरा करते रहेंगे। कार्यक्रम में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने निर्धन वर्ग के 102 टीबी से ग्रसित मरीजों को खाद्यान्न की पोटली वितरित की। इस दौरान जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील तेवतिया एवं उनकी टीम जिला क्षय अधिकारी डा. लोकेश गुप्ता, अतुल भारद्वाज, विपिन शर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी डा. गीताजंलि वर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष डा. एमएल गर्ग के अलावा मंत्री अरविंद गर्ग, डा. रश्मिकांत, डा. विनोद कुशवाहा, डा. एससी भारद्वाज, कीमती लाल, अनिल बंसल, नीरज बंसल, मेरठ से आये पीडीजी ब्रजभूषण, अशोक शर्मा, मुरादाबाद से आये अनिल खन्ना, अभिषेक अग्रवाल, विनय अरोरा, डा. लोकेश गुप्ता, समाजसेवी नादिर राणा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद गर्ग ने किया।

# भगवान महावीर स्वामी जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



**बुढ़ाना।** भगवान महावीर घ्स्वामी के जन्म उत्सव पर आज रविवार को बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विर्घधि विधान के साथ पूजन सम्पन्न हुआ। प्रात: 06 बजे प्रभात फेरी के बाद ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद सुबह लगभग 11 बजे भगवान महावीर की रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस शोभायात्रा में बैंड-बाजे, घोडा-बग्गी, जिनवाणी-बग्गी और पौराणिक झांकियां भी शामिल की गयी। इस भव्य शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से जमकर स्वागत हुआ। इस भव्य शोभायात्रा में सुंदर सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। यहां भगवान महावीर के भक्ति गीतों पर महिला एवं पुरूष श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए। कई श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर प्रसाद वितरण के लिए अपने-अपने स्टाल लगाए हुए थे। रथ यात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई पैंठ बाजार, बडौत रोड तथा कांधला रोड से होती हुई वापस मंदिर परिसर में पहुंची। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से महेश चंद जैन, ममलेश जैन, रमेश जैन, अमित जैन, वरूण जैन, राजपाल, मंजू जैन, मोनिका जैन, अंकिता जैन और खुशबू जैन सहित सकल जैन समाज के सभी पदाघधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान यहां पर पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# बालाजी शोभायात्रा का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** कस्बे में रविवार को धूमधाम से बालाजी शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया।जिसमें सुन्दर झांकियों को निकाला गया। ग्रामीणों ने जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर थिरक कर जमकर गुलाल उड़ाया।सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

सेवार्थ क्लब भोपा के सौजन्य से आयोजित बालाजी शोभायात्रा का शुभारम्भ भूमिया मंदिर से हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, विधायक मिथलेश पाल हरीश राठी, समाजसेवी ;षिराज वालिया और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तरुण कुमार ने फीता काटकर यात्रा का विधिवत शुभारम्भ किया। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित किया गया व आरती तथा पूजन कर मूर्तीयां रथो पर स्थापित की गयी। इस अवसर पर सेवार्थ क्लब के सदस्यों ने सभी अतिथियो का माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। शोभायात्रा में सेवार्थ क्लब के सदस्यों सहित सैकड़ों ग्रामीण और व्यापारीगण मौजूद रहे। शोभायात्रा भूमिया मंदिर प्रांगण से होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई मंदिर प्रांगण में आकर समाप्त हुई।

शोभायात्रा में भक्तों द्वारा डीजे की धुन पर नृत्य कर जमकर गुलाल उड़ाया गया। शोभायात्रा जिस मार्ग से भी गुजरी वही मार्ग जयकारों से गूंज उठा और सारा माहौल भक्तिमय हो गया। डीजे की धुन पर नाचते गाते युवाओ ने ग्रामीणों के मन मे जोश भर



दिया ग्रामीणों ने अनेक स्थानों पर भंडारा कर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा शर्बत की छबील लगाई तो कहीं भक्तों को प्रसाद में हलवे का वितरण किया शोभायात्रा के स्वागत को लेकर युवाओं में जोश दिखाई दिया युवाओं ने सुबह से ही शोभायात्रा के स्वागत के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी थी युवाओं ने छबील वाले स्थानों पर सफाई कर अच्छे से व्यवस्था बनाने में सहयोग करते हुए भक्तजनों का स्वागत किया। भोपा पुलिस सुरक्षा को लेकर तैनात रही।

# सनातन धर्म रक्षक सम्मेलन में जुटे साधु संत, गोपालदास बने प्रदेश अध्यक्ष

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित मां पूर्णागिरि आश्रम मे अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा द्वारा प्रथम सनातन धर्म रक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें आश्रम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। साथ ही साधु संतो द्वारा सनातन धर्म रक्षा व सनातन के बिश्व प्रचार की शपथ सनातन जयघोष के बीच ली गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक आचार्य मदन महाराज ने कहा की आज का दिन बड़ा पवित्र है। आज के ही दिन 1915 मे पंडित मदन मोहन मालवीय व स्वामी श्रद्धानन्द महाराज द्वारा पूरे भारत के हिन्दुओ के एक संगठन की स्थापना की गयी थी। अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा राष्ट्र के लिए हिंदुत्व के लिए जो भी संभव होगा वह सब कार्य करेगी। पूरे विश्व में हिंदुओं का एकमात्र देश हिंदुस्तान है देश के सभी तीर्थ सुरक्षित रहें।जिनकी आस्था उनमें नहीं है उन लोगों को वहां से हटाया जाए तथा ऐसी सारी गतिविधियां जो सनातन के विरुद्ध उन्हें रोकने का काम संत महासभा करेगी। महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज ने कहा की सनातन रक्षा व तीर्थो के जीरणोंद्धार के लिए वह पूर्व मे भी कार्य करते रहे हैं। आगे भी यह कार्य खृढ़ता,और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा।

महामंत्री कथा व्यास अजय कृष्ण शास्त्री व कार्यकारी अध्यक्ष योगेन्द्र वर्मा ने सनातन रक्षा व सनातन के बिश्व प्रचार की शपथ उपस्थित साधु संतो को दिलाते हुए कहा की सनातन अहिंसा व शान्ति का संदेश विश्व को देता है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। साधू संतो के आशीर्वाद और परिश्रम से सनातन का प्रचार प्रसार संगठन के द्वारा लगातार हो रहा है। वहीं राधा माता को राष्ट्रीय सनातन धर्म प्रचारक व



देवयानी शर्मा को राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साक्षी वर्मा, स्वामी हरदास मनोज गुरु जी कल्कि वाले,बिन्नू राठी, सतीश सहरावत, संत बिजेंद्र आर्य,नरेश बरफ़ानी महाराज, सतेन्द्रनाथ, स्वामी अनंतदेव,मानु, बाबूराम, अतुल कुमार शर्मा, अखिल भारतीय जाट महासभा के अनुज तोमर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित भंडारे मे साधु संतो ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर चलाया सफाई अभियान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से पहले खतौली में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशानिक अधिकारियों और राजनीतिक और गैर-राजनीतिक संगठनों ने बाबा साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई की।

खतौली कोतवाली के सामने जीटी रोड पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा की साफ सफाई अभियान चलाया गया।

रविवार को खतौली एसडीएम मोनालिसा जौहरी के साथ पालिका ईओ राजीव कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल और सफाई कर्मचारियों ने जीटी रोड स्तिथ कोतवाली के सामने एसडीएम ने खुद अपने हाथों से अंबेडकर



प्रतिमा पर सफाई अभियान चलाते हुय प्रतिमा को पानी से साफ किया। एसडीएम ने कहा कि बाबा साहब की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उनके समता और भाईचारे के विचार समाज को प्रेरित करते हैं। स्थानीय निवासियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाबा साहब के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए यह आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एकता का संदेश दिया गया।

# बीपी मंडल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे बाबू बिंश्वेरी प्रसाद द्धबीपी मंडलत्र को याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व प्रदेश सचिव समा. जवादी पार्टी विनय पाल सिंह पाल ने उनको नमन करते हुए कहा कि बीपी मंडल की अध्यक्षता में गठित आयोग के चलते ही अन्य पिछड़ा वर्ग समूह को उनकी संख्या के आधार पर आरक्षण व भागीदारी को देश में नई बहस को जन्म दिया गया।बीपी मंडल द्वारा देश के पिछड़ों वंचितों के लिए संघर्ष को हमेशा याद किया जाएगा। समाजवादी पार्टी उनकी नीतियों विचारों को हमेशा आगे बढ़ाती रहेगी। समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष आमिर कासिम एडवोकेट जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन,प्रदेश सचिव समाजवादी पिछड़ा वर्ग सुमित पंवार बारी, समा. जवादी छात्र सभा महानगर अध्यक्ष नदीम मलिक,पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा डॉ इसरार अल्वी,सोशल मीडिया प्रभारी नावेद रंगरेज, समाजवादी अनुसूचित जाति जनजाति महानगर अध्यक्ष तरूण सौदे एडवोकेट, फैसल राणा एडवोकेट, हुसैन राणा, बाबा श्यामवीर आदि पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा बीपी मंडल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### लाखों के गबन में दो कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

**मोरना।** मोरना स्थित फईनेन्स कम्पनी के शाखा प्रबंधक ने क्षेत्र मे पैसे को इकट्ठा करने वाले दो कर्मचारियों पर उन्नीस लाख से अधिक की रकम को गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में स्थित भारत फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक सचिन देशवाल ने बताया कि कंपनी महिलाओं को सुलभ आसान ;ण उपलब्ध कराती है। रकम को किस्तों के रूप में वसूल किया जाता है। रकम वसूलने के लिए दो कर्मचारी मोहित मोरल व कार्तिक वर्मा क्षेत्र में कार्यरत थे। जो महिलाओं से राशि को इकठा कर लाते थे। मोहित मोरल व कार्तिक वर्मा द्वारा 773606 व 1173621कुल 1947227 रूपये की रकम को अनेक महिलाओ से लेकर कम्पनी मे नहीं जमा कराई गयी। शातिर आरोपियों ने कम्पनी की नकली मोहर आदि बना रखी है। शाखा प्रबंधक की तहरीर के आधार पुलिस ने मोहित मोरल निवासी दयालपुर मवाना हस्तिनापुर मेरठ वह कार्तिक वर्मा निवासी गांव तुलसीपुर थाना कोतवाली खतौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### शिवचरण दास बने परोपकारी समिति अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** परोपकारी सेवा समिति (रजिस्टर्ड) शहर मुजफ्फरनगर का त्रिवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न। शिवचरण दास गर्ग अध्यक्ष, अजय तायल मंत्री, सुशील गोयल उपाध्यक्ष,शंकर स्वरूप बंसल कोषाध्यक्षतथा सुखदेव कुमार मित्तल वरिष्ठ अधिवक्ता उपमंत्री सर्व सहमति से चुने गए । साथ ही 25 सदस्य कार्यकारणी के चुने गए।

### जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर परिवार से मारपीट

**भोपा।** गांव अलमावाला में जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर आरोपियों ने खेत मे कार्य करने गये किसान परिवार के साथ मारपीट की महिलाओं ने अपने साथ अभद्रता करने की शिकायत करते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव अलमावाला निवासी कौशल ने बताया कि बीते शनिवार की सुबह वह अपने खेतो पर कृषि कार्यों के लिये गये थे तभी गांव का ही एक व्यक्ति उसके व उसके पुत्र दीपक के साथ गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने पर उतारू हो गया था। झगड़े की आशंका को देखते हुए वह घर लौट आये कुछ देर बाद गांव के ही चार व्यक्ति घर में घुस आए और पति साधुराम सहित पुत्री ;तिका पुत्र दीपक के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### तहसीन को नेशनल उर्दू व ओसाफ को लाईफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड

**मुज़फ्फरनगर।** देश भर के अलग- अलग राज्यों मे उर्दू भाषा का प्रचार प्रसार करने, उर्दू साहित्य को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों एवम कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चौधरी वासिल अली गुज्जर रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो सेफ अली चौधरी, प्रो जियाउरहमान सिद्दीकी व राशिद अन्वर सिद्दीकी रहे।



दिल्ली में नेशनल उर्दू शिक्षक संघ भारत द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुजफ्फरनगर जिले से एस एस पी कार्यालय में नियुक्त उर्दू अनुवादक तहसीन अली असारवी को उर्दू भाषा के विकास में विशेष योगदान पर नेशनल उर्दू अवार्ड तथा ओसाफ अहमद अन्सारी को लाईफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अवार्ड के लिए उनका चयन संगठन के अध्यक्ष वाली चयन समिति द्वारा किया गया। तहसीन अली एवं ओसाफ अहमद अन्सारी को नेशनल उर्दू अवार्ड मिलने पर मुजफ्फरनगर के उर्दू दा तबके में खुशी की लहर है। उर्दू डवलपमेंट आर्गे.के सदर कलीम त्यागी,असद फारूकी, सलीम अहमद सलमानी, मा.इरशाद, शहजाद सलमानी, गुलफाम अहमद, डा.शमीमुल हसन, मास्टर इसरार, साजिद चौधरी, आशु चौधरी मौजूद रहे।

# कवि सम्मेलन में कवियों शायर ने श्रोताओं को गुदगुदाया...

**बुढ़ाना।** कस्बे के शंकर पैलेस मे हुए कवि सम्मेलन में कवि शायरों ने मौजूद श्रोताओं की वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि अर्बन प्रभारी डाक्टर सोनू कश्यप थे। आयोजन श्री दुर्गा मेला चांदनी वाला मंदिर के बैनर तले सभासद अजय संगल व उनकी टीम द्वारा किया गया। यहां कवि प्रवीण शुक्ल ने कहा कि जाने कितने अनुभवों का है यही प्रसार अंतिम, तोड़ना मत मन के रिश्तों का कभी भी तार अंतिम, जिंदगी की उलझनों से जूझकर ये मैंने जाना, ना कोई जीत अंतिम ना कोई हारा अंतिम सुनाकर श्रोताओं की दाद बटोरी। कस्बे के युवा शायर तारिक उस्मानी ने कहा कि तेरे लेहजे मे ये जो शिद्दत है, ये कोई अनकही शिकायत है, तू मेरा है तो मेरे दर्द समझ, मुस्कुराना तो मेरी आदत है सुनकर सबकी वाहवाही लूटी। कवि गौरव चौहान ने फिल्म आज का अर्जुन के सांग गोरी हैं कलाइयां पर पैरोडी सुनाते हुए कहा कि राशन का फैशन है, बिजली का बिल भरुं, क्या करुं, समझ में ना आए, सैलरी का आधा खर्चा तुम्हारे पेडिक्योर मेनीक्योर में चला जाए, फेशियल कराईयां, हेयर हाई लाइटिंग कराइयां, खर्चा घंटा ले मेरी जाने जां, बड़ी महंगाईयां सुनाकर सबको हंसाकर लोटपोट कर दिया। प्रयागराज से आए हास्य कवि ने कहा हम अपना दर्द बांटे या ना बांटें पर हंसी बांटे, भुलाकर सारे गम अपने सभी के संग खुशी बांटे, ह"यारी मौत से अपनी वो एक दिन आके मानेगी, उसके आने के पहले क्यों ना सबको जिंदगी बांटे सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। प्रतापगढ़ से आई कवियत्री प्रीती पांडेय ने कहा कि हार कर भी जीत में जीवित रहेंगे, सांस बनकर प्रीत में जीवित रहेंगे, प्राण तो बैकुंठ कब के जा चुके पर हम हमारे गीत में जीवित रहेंगे सुनाकर सब मौजूद श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज होंगे टी-20 क्रिकेट लीग के सेमीफाईनल

**मुजफ्फरनगर।** आरपीएल राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। विवेक 25 निशांत 27 के अलावा कोई भी बल्लेबाज भाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका । गौरव ने 4 विकेट और प्रशांत सूर्या ने 3 विकेट लेकर आईपीएल राइडर्स को 93 रनों पर ऑल आउट कर दिया। सिल्वरटोन ने अपना पहला विकेट पहले ओवर में ही आदित्य के रूप में जल्दी खो दिया। लेकिन हर्षित ने शानदार 63 रन बनाकर मैच को अपनी और मोड दिया। सिल्वर टोन ने 13 ओवर में ही आसान सा लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

मैच शुरू होने से पहले मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी विकास राठी के पिताजी को श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन रखा गया। नवाब सिंह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मैच के समापन समारोह में मुज़फ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन उपाध्यक्ष कुशल पाल, बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर रविंद्र चौहान,मुज़फ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे । मैन ऑफ़ द मैच 4 विकेट लेने वाले वाले गौरव तोमर को दिया गया। फाइटर ऑफ मैच हर्षित राठी, बेस्ट फील्डर अर्पण को दिया गया। इस मैच में निर्णायक की भूमिका मो आदिल मोहम्मद शाहिद



ने निभाई थर्ड अंपायर के रूप में रवि कौशिक और फोर्थ अंपायर शादाब रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग पलक शर्मा ने निभाई। मुज़फ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, सीए अजय जैन, उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद, आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# सैंट जेवियर्स स्कूल में बैसाखी का उल्लासपूर्वक आयोजन

**भोपा।**शनिवार को सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में बैसाखी का पर्व अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल परिसर में एक पारंपरिक और सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला, जहां छात्रों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक सिख वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया और बैसाखी पर्व की गरिमा को और भी अधिक बढ़ा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरबाणी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और सांस्कृतिक समरसता की अनुभूति हुई। इसके बाद छात्रों ने एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें गिद्धा, भंगड़ा और अन्य लोकनृत्यों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।बैसाखी की पारंपरिक परंपराओं को जीवंत करते हुए छात्रों ने नई फसल के आटे से चपातियाँ बनाईं। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को हमारी कृषि संस्कृति और बैसाखी के मूल महत्व से जोड़ना था। उन्होंने यह सीखा कि यह पर्व केवल फसल की कटाई का उत्सव नहीं है, बल्कि यह मेहनतकश किसानों के परिश्रम और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का दिन भी है।विद्यालय की प्रधानाचार्या ने छात्रों को बैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बैसाखी केवल एक कृषि पर्व नहीं है, बल्कि यह सिख धर्म में भी एक महत्वपूर्ण धार्मिक दिवस है, जिस दिन सन् 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने सभी छात्रों को बैसाखी की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं




को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने मिलकर इस पर्व को सांप्रदायिक सौहार्द, एकता और परंपरागत मूल्यों के साथ मनाया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों में उत्साह भरा, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने की सीख भी दी

# बाला जी शोभा यात्रा में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम, मीरापुर हुआ भक्तिमय

**मीरापुर।** कस्बे के प्रमुख मार्ग आस्था व भक्ति के रंग में पूरी तरह रंगे नजर आये जब श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारो लोग शामिल हुए। यात्रा का शुभारम्भ मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने पूजा अर्चना के बाद किया।

शोभा यात्रा का नगर में दर्जनो स्थानो पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा विभिन्न प्रकार के प्रसाद भद्रो को बाटे गये।बालाजी धाम मुकल्लमपुरा के तत्वाधान में गतवर्षो की भांति बालाजी महाराज की भव्य शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारम्भ मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने पूजा अर्चना व भगवान बालाजी की आरती के बाद किया। शोभा यात्रा में बडी संख्या दो दर्जन से अधिक झांकिया, बैंड बाजे, ढोल, डी.जे. व विभिन्न प्रकार की म्यूजिक पार्टी शामिल रही। नगर के प्रमुख चौराहो व सडको पर आकर्षक झांकिया फूलो की सजावट व दर्जनो स्थानो पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। नगर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्रीहरि संकीर्तन मंडल ने भगवान बाला जी की आरती उतार कर लोगो को प्रसाद वितरण किया। बाला जी महाराज के रथ के आगे आगे कुछ श्रद्धालुगण सफाई कर पुष्प बिछा रहे थे। एक रथ में मंदिर के महंत व हनुमान जी के उपासक राजपाल सुकरालिया भद्रो को प्रसाद वितरण कर आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। इस दौरान विनोद कुमार, जगमोहन, कपिल, सचिन पाल, सुभाष चंद व्यापारी, शशि रस्तौगी, मोहित गर्ग, विनित भटनागर, अश्विनी अग्रवाल, विकास कौशिक, अतुल अग्रवाल, अमित डागा, नितिन शर्मा, कमल गोयल, विकास गोयल उर्फ डब्बू, मोहित लखोटिया, चिराग तरिका आदि लोग सक्रिय रहे।

# विजय वर्मा की जोड़ी रही उपविजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जयपुर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में विजय वर्मा एवं अवनीश रस्तोगी की टीम उपविजेता रही । राजस्थान के जयपुर में जय क्लब में 400 पॉइंट का अंतरराष्ट्रीय मास्टर टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश से लगभग 187 पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। 50 आयु वर्ग में विजय वर्मा एवं उनके जोड़ीदार अवनीश रस्तोगी ने बहुत ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और उनका फाइनल में इंडिया नंबर 1 जगदीश तवर एवं दीपक भगोरा से रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें विजय वर्मा 3-6 4-6 से अपना मैच हार गए और उन्हें उप विजेता की ट्रॉफी से ही संतुष्ट होना पड़ा ।

विजय वर्मा ने पहले भी इंडिया



की टीम को रिप्रेजेंट किया हुआ है वह 2014 में भारत की टीम की तरफ से अमेरिका खेलने गए थे एवं 2019 में इटली में मास्टर्स गेम में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया था।

# श्री गुरु सिंह सभा मुज़फ्फरनगर की नई कार्यकारणी का गठन

**मुजफ्फरनगर।** श्री गुरु सिँह सभ की वर्ष 2025- 2027 की नई कार्यकारणी की घोषणा चुनाव अधिकारी सरदार अमरजीत सिँह सडाना एवं सरदार त्रिलोचन सिँह मान ने 5 सर्वसम्मति से प्रधान सरदार सतपाल सिँह मान महासचिव सरदार अजीत सिँह मलिक स्कुल मैंनेजर सरदार जगदीप सिँह एवं कुल कमेटी 21सदस्यों सहित चुनी गई।

जिसका विधिवत घोषणा आज 13अप्रैल 2025 खालसा सर्जना दिवस (बैशाखी) पर श्री गुरु सिँह सभा के स्टेज सचिव सरदार अवतार सिँह झझ द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी मे समस्त साध संगत की मौजूदगी मे निम्न प्रकार की प्रधान सरदार सतपाल सिँह मान महासि. चव सरदार अजीत सिँह मलिक स्कुल मैंनेजर सरदार जगदीप सिँह एवं सदस्य सरदार हरजीत सिँह गुराया, सरदार धनप्रीत सिँह बेदी,सरदार गुरुचरण सिंह बराड, सरदार रविंद्र सिँह गंभीर, सरदार



रणजीत सिँह राजपाल, सरदार कश्मीर सिँह चाहल, सरदार गुरचरण सिँह झझ, सरदार हरजीत सिँह चावला, सरदार जसविंदर सिँह बग्गा, सरदार जगप्रीत सिँह नागपाल, सरदार जसबीर सिँह गिल, सरदार मोहन सिँह खालसा, सरदार सुखदर्शन सिँह, सरदार प्रभजोत सिँह रिंकू, सरदार वजीर सिँह राजा, सरदार इक़बाल सिँह,सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार देविंदर सिँह, सरदार सुरेंदर दीप सिँह सिड़ाना की घोषणा की गई। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान सरदार सतपाल सिँह मान ने सभी संगतो का आभार प्रकट करते हुये कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं हमेशा पंथ एवं समाज के लिये 24घंटे उपलब्ध होकर सभी के सहयोग से सेवा करता रहूंगा और जल्द ही सब कमेटीयो की घोषणा कर दी जायेगी।

# खालसा साजना दिवस परधूमधाम से मनाई गई बैसाखी

**मुजफ्फरनगर।** गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गांधी कालोनी मे खालसा साजना दिवस वैसाखी पुरब बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कविशर जत्था भाई गुरजीत सिंह ने सिख इतिहास का सुन्दर वर्णन किया इसके उपरन्त ज्ञानी जोगा सिंह व ज्ञानी हरजीत सिंह ने सिख इतिहास पर प्रकाश डाला।

इसके उपरंन्त गुरू के अतुट वरताए गए । हर दो वर्ष की भाति हीं इसी वर्ष श्री गुरू सिंह सभा द्धरजिद्दत्र मुजफ्फरनगर की वर्ष 2025 से 2027 तक के लिए नई कार्यकारिणी के गठन की भी घोषणा स. अमरजीत सिंह सिडाना व सद्द त्रिलोचन सिंह मान ने दिनांक 05 अप्रैल 2025 को सर्व सम्मति से सद्द सतपाल सिंह मान प्रधान, सद्द अजीत सिंह मलिक महासचिव, सद्द जगदीप सिंह स्कूल मैनेजर एंव कुल कमेटी 21 सदस्यो की चुनी गयी थी। जिसकी विधिवत घोषणा आज 13 अप्रैल में श्री गुरू सिंह सभा के स्टेज सचिव स अवतार सिंह जझ के द्वारा गुरू साहिब की हजूरी में श्री गुरू सिंह सभा की कमेटी का समूह साध संगत की मौजूदगी में की। जो इस प्रकार से है । स. सतपाल सिंह मान प्रधान, स. अजीत सिंह मलिक महासि. चव, स. जगदीप सिंह स्कूल मैनेजर एंव सदस्य स. हरजीत सिंह गुराया, सधनप्रीत सिंह बेदी, स. गुरूचरण सिंह बराड, सरविन्द्र सिंह गम्भीर, स रणजीत सिंह राजपाल, स.कश्मीर सिंह चाहल, स. गुरूचरण सिंह जझ, स. हरजीत सिंह चावला, स.जसविन्दर सिंह बग्गा, स. जगप्रीत सिंह नागपाल, सजसबीर सिंह गिल, स. मोहन सिंह खालसा, स सुखदर्शन सिंह बेदी, स. प्रभजोत सिंह रिंकु, स.वजीर सिंह राजा, स. इकबाल सिंह नारंग, स. हरप्रीत सिंह, स देवेन्द्र सिंह स सुरेन्द्र दीप सिंह सिडाना की घोषणा की गयी। इस अवसर पर पर नियुक्त प्रधान स. सतपाल सिंह मान ने सभी आयी हुई संगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मदारी मुझे दी गयी है मैं उसे हमेशा पंथ व समाज के लिए दिन रात हर समय उपलब्ध होकर सभी के सहयोग से सेवा करता रहूंगा और जल्द ही सब कमेटियों की घोषणा कर दी जाएगी ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बालाजी यात्रा देखने गए दो युवकों की हादसे में मौत




मृतकों के फाइल फोटो।



शोक में बैठी महिलाएं।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में बालाजी शोभायात्रा देखने जा रहे शामली निवासी दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनांक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को बघरा सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हे मृतक घोषित कर दिया। रविवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे युवकों के शवों को देख परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में युवकों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांतिनगर निवासी दो दोस्तों 19 वर्षीय तुषार पुत्र अमित व 18 वर्षीय तुषार पुत्र मनोज पडौसी युवक की बाईक लेकर जनपद मुजफ्फरनगर में बालाजी शोभा यात्रा देखने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि गत शनिवार देर शाम करीब साढे 7 बजे जब वह लालूखेड़ी पुलिस चौकी से आगे धोलरा के निकट पहुंचे तो इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस और एम्बुलेंस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन करीब एक घंटे बाद भी एम्बुलेंस के न पहुंचने पर डायल 112 पुलिस ने घायल युवकों को अपने वाहन से बघरा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनों दोस्त युवकों को मृतक घोषित कर दिया। युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात में ही पुलिस ने युवकों के शवों का पंचनाका भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार दोपहर बाद दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक आवास पर पहुंचे, जहां शवों को देख परिजनों में कोहराम मच गया।

एक ही मौहल्लों से दो दोस्तों की अर्थी एक साथ उठती देख हर किसी की आंखे नम थी। गमगीन माहौल में दोनों युवकों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही बताया जाता है कि पुलिस द्वारा आरोपी ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया, जो विपरीत दिशा में अपना ट्रेक्टर लेकर जा रहा था।

### घंटे भर तक नहीं मिली मदद

जनपद मुजफ्फरनगर में बालाजी शोभायात्रा देखने जा रहे दो दोस्तों तुषार पुत्र मनोज कुमार व तुषार पुत्र अमित उपाध्याय के साथ दूसरी बाईक पर सवार तुषार पुत्र मनोज कुमार का सगा भाई अमन कुमार व मौसी का लडका चिराग भी साथ था। दोनों बाईके आगे पीछे चल रही थी। हादसे के समय तुषार की बाईक आगे होने के कारण व ट्रेक्टर से टकरा गई। पीछे से आ रहे अमन व चिराग ने मामले की सूचना परिजनों और एम्बुलेंस को दी।
लेकिन आरोप है कि करीब एक घंटे तक भी उनको कोई मदद नही मिली और वह घायल अवस्था में तडपते रहे। मृतक के पिता मनोज कुमार ने बताया कि यदि उनको समय से उपचार मिलता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। उन्होने स्वास्थ्य सेवाओं पर सवालियां निशान लगाया है।



शामली। रोते बिलखते परिजन।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** शनिवार रात करीब 9 बजे कादरगढ़ गांव के पास सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से थाना भवन स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शानू (30 वर्ष), पुत्र शकूर, निवासी थाना भवन, पेशे से गाने-बजाने का कार्य करता है। शनिवार रात वह अपने साथियों के साथ मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। थाना भवन में चरथावल बस स्टैंड पर वाहन न मिलने पर शानू ने बाइक सवार एक अज्ञात व्यक्ति से लिफ्ट ली और मुजफ्फरनगर की ओर रवाना हो गया। रास्ते में कादरगढ़ गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे शानू गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल शानू को तुरंत एंबुलेंस से थाना भवन साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## अभिषेक राणा बने थानाभवन विधायक अशरफ अली खान के प्रतिनिधि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जनता के जनहित और विकास कार्यों में भागीदारी को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए थानाभवन के विधायक अशरफ अली खान ने अभिषेक राणा पुत्र स्वर्गीय रमेश सिंह को अपना प्रति. निधि नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति आज दिनांक 13 अप्रैल 2025 को की गई।युवा चेहरे को आगे बढ़ाकर विधायक अशरफ अली खान ने एक साथ कई सियासी समीकरण साधने की कोशिश की है। इससे एक ओर जहां हिन्दू मतदाताओं के बीच उनकी पकड़ मजबूत होगी, वहीं दूसरी ओर युवा वर्ग को भी पार्टी से जोड़ने में मदद मिलेगी। नियुक्ति के बाद अभिषेक राणा ने विधायक अशरफ अली खान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ष्यह मेरे लिए गर्व की बात है कि विधायक जी ने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए तत्पर रहूंगा। विधायक अशरफ अली खान का यह निर्णय क्षेत्र में युवाओं के बीच नया उत्साह भरने वाला कदम माना जा रहा है।

# गुंडाराजः बंधक बनाकर सरेआम लाठी-डंडों से पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में खुलेआम गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां चार दबंगों ने एक युवक को सरेराह पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और फिर उसे जबरन गाड़ी में डालकर अपने घर ले जाकर बंधक बनाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। हमलावरों ने युवक को धारदार हथियारों से गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कच्ची गढ़ी गांव निवासी आकाश नामक युवक किसी कार्य से लव्वादाउदपुर स्थित बिजलीघर जा रहा था। जैसे ही वह चौसाना-थानाभवन मार्ग से होकर लव्वादाउदपुर की ओर बढ़ा, पहले से घात लगाए चार हमलावरों ने उसे रोक लिया और बिना किसी पूर्व विवाद के लाठी-डंडों से हमला कर दिया। युवक को बीच सड़क पर ही बुरी तरह पीटा गया।

इतना ही नहीं, हमलावरों ने आकाश को जबरन एक गाड़ी में डालकर अपने घर ले गए, जहां उसे एक कमरे में बंद करके धारदार हथियारों से घायल कर दिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर किसी ग्रामीण ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर आकाश को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया। गंभीर हालत में उसे पहले ऊन स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी हालत नाजुक होने के चलते डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल आकाश जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। पीड़ित के पिता सतीश कुमार निवासी कच्ची गढ़ी की तहरीर पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। चौसाना थाना प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब सड़क पर इस तरह की दबंगई हो सकती है, तो आम आदमी कैसे सुरक्षित रहेगा? पुलिस प्रशासन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि ऐसे तत्वों पर पहले से कोई निगरानी क्यों नहीं रखी जा रही थी।

## ऑर्डर की गलत डिलीवरी से गुस्साए युवक ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**






**शामली।** देर रात्रि एक निजी कंपनी के माध्यम से बुक कराए गए ऑर्डर में गलत डिलीवरी करने से गुस्साऐं युवक ने अपने अन्य दोस्तों के साथ किचन पाईंट पर पहुंचकर हंगामा किया गया। हंगामे के दौरान युवक के हाथ में गंभीर चोट लगने से उसके हाथ की नस कट गई और युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने देर रात्रि में युवक के शव को कोतवाली ले जाकर हंगामा किया, लेकिन बाद में पुलिस के समझाने के बाद मामला शांत हो गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुडाना निवासी 38 वर्षीय अनुज उर्फ रोकी पुत्र रोहताश ने जोमेटों के माध्यम से शहर के फव्वारा चौक स्थित वीएन चिकिन पाईंट से किचन और पनीर का ऑर्डर दिया था। ऑर्डर लेकर जब डिलीवरी बॉय पहुंचा तो उसमें सिर्फ पनीर देख युवक नाराज हो गया। बताया जाता है कि डिलीवरी बॉय के साथ कहासुनी हुई तो उसने चिकन पॉईंट की गलती होना बताया। जिसके बाद युवक अपने अन्य दोस्तों के साथ शहर के फव्वारा चौक स्थित चिकन पॉईंट पर पहुंचा। जहां गलत डिलीवरी करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामे के दौरान युवक के हाथ में गंभीर चोट लग गई, जिसमें युवक के हाथ की नस कट गई। युवक को गंभीर अवस्था में उसके दोस्तों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसको हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि देर रात्रि युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। गुस्साऐं परिजनों ने रात्रि में ही युवक के शव को कोतवाली ले जाकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने चिकन पाईंट पर जाकर फारेंसिक टीम के साथ जांच की और सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जिसमें युवक द्वारा कांच में स्वयं हाथ मारना आया है। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। जिसके बाद परिजन शव को अपने साथ लेकर चले गए और गमगीन माहौल में युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## प्रसिद्ध शायर प्रदीप टांक 16 अप्रैल को दूरदर्शन पर करेंगे काव्य पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के प्रसिद्ध शायर प्रदीप टांक मायूस आगामी 16 अप्रैल को दिल्ली दूरदर्शन पर काव्यपाठ करेगे। नगर के प्रतिष्ठित रचनाकार प्रदीप मायूस को दिल्ली दूरदर्शन पर गीत गजल काव्यपाठ रिकॉर्डिंग के लिए आमंत्रित किया गया। इस से पहले भी प्रदीप मायूस आकाशवाणी एवं दूरदर्शन सहित अनेक टीवी चौनलों पर प्रसारित हो चुके हैं। प्रदीप मायूस के अनेक गीत गजल एल्बम उपलब्ध है एवं अनेक आंचलिक फिल्मों में गीत शामिल हो चुके है। कवि सम्मेलन एवं मुशायरों में लगातार काव्यपाठ कर नगर का नाम रोशन कर रहे हैं। अनेक साहित्यिक संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं। हाल ही में पार्थ साहित्यिक संस्था नागल सहारनपुर द्वारा फिराक गोरखपुरी अवार्ड से नवाजा गया। नारायण कुटुंब सेवा समिति शामली द्वारा आचार्य बाणभट्ट काव्य रत्न सम्मान दिया गया। इससे पहले समाज रत्न सम्मान, धर्म रत्न सम्मान, शेन उर्दू अवॉर्ड के अलावा मुजफ्फर रजमी अवॉर्ड आदि अनेक सम्मान से अलंकृत है।

### एक नजर

## महिला आयोग की सदस्य 16 अप्रैल को सुनेंगी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डा. हिमानी अग्रवाल आगामी 16 अप्रैल को शामली कलक्ट्रेट सभागार में जन सुनवाई करेगी। जनपद शामली में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए सवेरे 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोग की सदस्य डा। हिमानी अग्रवाल महिला जनसुनवाई करेगी और मौके पर संबंधित अधिकारियों से शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर सदस्य राज्य महिला आयोग को महिलाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। जिसका मौके पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उक्त बैठक के आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया को नामित किया गया है।

## शनिदेव की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को बाबरी क्षेत्र के गांव कैडी में भगवान शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व परिक्रमा की गई। जिसमे मुख्य अतिथि नगर पालि. का शामली चेयरमैन अरविन्द संगल उपस्थित रहे। चेयरमैन अरविन्द संगल ने द्वीप प्रज्वलित कर शनि देवता की नगर परिक्रमा व शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ करते हुए उन्होने बताया कि कलयुग के न्यायकर्ता के रूप में शनि देवता की मान्यता है। आप अपने न्याय से कलयुग में सजा और शुभ दोनों प्रदान करते हैं। शनिवार को सरसों का तेल चढ़ाकर भक्त अपनी मनोकामनाओं को पूरी करते हैं। आज कैंडी गांव में शनि शीला की स्थापना इस बात का प्रतीक है कि भक्तों को शनि देवता का पूजन अब आसान होगा और वह शनिवार के दिन अपने आराध्य देव की पूजा कर अपनी मनोकामनाएं पूरी कर सकेंगे। विश्व हिन्दू परिषद जिला सह सुरक्षा प्रमुख आकाश शर्मा, डा. अनिल शर्मा, सुशील कुमार टांक, अनुभव शर्मा, विवेक शर्मा, आकाश शास्त्री, जनार्दन नामदेव आदि मौजूद रहे।

## गो सेवा के लिए विस्तार से चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** रविवार को गौसेवक बृजेश सिंह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की और गौ सेवा के लिए विस्तार से चर्चा की। कर्मण्य सर्वहित संस्था के सदस्य तथा कर्मण्य गौशाला हाथरस के संस्थापक एवं प्रबंधक गौसेवक बृजेश सिंह ने गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता एवं सदस्यों रमाकांत उपाध्याय एवं योगेंद्र उपाध्याय के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भेंट की। इस अवसर पर दिल्ली में गौ माता की समुचित देखभाल, संरक्षण, और विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बृजेश सिंह जो वर्षों से गौ सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं, न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी गौ सेवा के प्रतिनिधि स्वरूप कार्य कर रहे हैं। वे कर्मण्य गौशाला के माध्यम से आवारा गौ माताओं के संरक्षण, पुनर्वास तथा उनके लिए हरित चारे की सतत व्यवस्था हेतु मल्टी-लेयर ग्रीन फॉडर मॉडल को सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर चुके हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में एंब्रियो ट्रांसप्लांटेशन के माध्यम से श्रेष्ठ नस्ल की गौ माताओं का संवर्धन शामिल है, जिससे गौवंश की गुणवत्ता में आशातीत वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही वे इंटीग्रेटेड फार्मिंग, प्राकृतिक जीवन शैली, वेस्ट मैनेजमेंट, कार्बन क्रेडिट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन कार्य कर रहे हैं।बृजेश सिंह के नेतृत्व में विक. सित यह समर्पित मॉडल देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में चर्चा का विषय बन चुका है।

## शम्शुद्दीन बने जिला महासचिव

**बिजनौर।** भारतीय युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ठाकुर गौतम सिसौदिया ने बिजनौर के मौहल्ला काजीपाड़ा में जुलाहान निवासी युवा नेता शम्शुद्दीन सिद्दीकी को जिला महासचिव नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में शम्शुद्दीन सिद्दीकी से उम्मीद की गई है कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निष्ठा व लगन से कार्य करेंगे।

## संजय कुमार बने चांदपुर थानाध्यक्ष

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिले में कानून व्यवस्था को और दुरुस्त बनाने के लिए कुछ थानाध्यक्ष के कार्य क्षेत्रों में परिवर्तन किया है। अपने आदेश में पुलिस कप्तान ने चांदपुर थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा को हल्दौर थाने की कमान सौंपी है।

# बालाजी जयंती पर नौ कुंडीय महायज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बालाजी जयंती के मौके पर झिंझाना रोड स्थित बालाजी धाम पर नौ कुंडीय महायज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में आहूति देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

शहर के झिंझाना रोड स्थित बालाजी धाम पर बालाजी जयंती धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। मंदिर में नौ कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसके यजमान राहुल तायल, हरिश्याम, सतीश चंद गर्ग, संजय जैन-अक्षय जैन, सचिन कुमार, दीपक गर्ग, आशीष गर्ग, राघव गर्ग-पीयूष संगल, तेजपाल संगल-वैभव संगल रहे। कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा बाहर से मंगवाए गए विशेष तरह के फूलों व फलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल रहे। इस अवसर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने बालाजी के भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बाद छोटी कन्याओं के साथ केक भी काटा गया जो प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने सामग्री से भरे गोले की महायज्ञ में आहूति देकर परिवर की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस मौके पर मुकेश संगल, विपिन संगल, आकाश गुप्ता, अमन गर्ग, अमित नारंग, अनिता, अंकुश, दीपक गर्ग, मुकेश गर्ग, मुकुल सिंघल, नीरज तायल, नीटू बंसल, नितिन गोयल सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आंबेडकर जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी संविधान के निर्माता विश्व रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्मोत्सव पर 14 अप्रैल को शहर के अंबेडकर चौक निकट रोडवेज बस स्टैंड के पास अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विशाल भंडारा के बाद भव्य शोभायात्रा अंबेडकर प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर विजय चौक, नौकुआ, बरखंडी, नंदू प्रसाद, छात्रावास, बड़ी माता मंदिर, बीच की आल, बड़ीआल, बेंड मार्केट, भिक्की मोड, शिव चौक, गांधी चौक, बड़ा बाजार, कबाडी बाजार, वीवी इंटर कॉलेज रोड, हनुमान रोड, बुढ़ाना रोड से होते हुए अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर समापन होगी। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान, वशिष्ठ अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल, विजय कौशिक शामिल रहेगे। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से झांकी डॉ भीमराव अंबेडकर , भगवान वाल्मीकि, भगवान रविदास, मीराबाई रविदास, कबीर दास, अंबेडकर के माता-पिता, अंबेडकर और रमाबाई, बौद्ध भिक्षु, एक प्रमुख रथ, बैंड बाजे ढोल नगाड़ों के साथ भव्य रूप से शहर में निकाली जाएगी।

**शामली।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा सोमवार को संविधान निर्माता डा. बीआर अंबेडकर जयंती दिल्ली रोड स्थित बीआर अंबेडकर चौक से धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष सुनील जाटव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर एक संगोष्ठी होगी। मुख्य रूप से खेडीकरमू, बुटराडा, कांधला, झाल, कुडाना, सिंभालका, थानाभवन, रशीदगढ, जलालाबाद आदि में दौरान कर जानकारी दी गई।

## गांव-गांव जाकर गेहूं खरीद संबंधी जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गेहूं विपणन वर्ष के दौरान सभी सरकारी एजेंसियों के केन्द्र प्रभारी गेहूं खरीदने की कवायत में लगे है। वहीं रविवार को एफसीआई द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र मंडी शामली प्रभारी द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद सम्बंधित सभी जानकारी दी गई। ताकि अधिक से अधिक गेहूं की खरीद कर सरकारी योजनों की पूर्ति होने के साथ-साथ किसानों को एमएसपी का लाभ भी मिल सके। केन्द्र प्रभारी शक्ति कुमार द्वारा रोजाना गेहूं के खेतों में जाकर किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर खरीद बढ़ाने की कोशिश की गई। उनके द्वारा गांव बंतीखेड़ा में गेहूं के खेतों में जाकर किसानों से व्यक्तिगत संपर्क किया गया तथा किसानों को सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बिक्री करने पर होने वाले लाभों के विषय में बताया गया। जिससे किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य का लाभ अधिक से अधिक मिल सके।

# सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने अब युवाओं को राजनीति में आगे बढाने के लिए सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया है, जिसमें माध्यम से तीन युवाओं को जोडकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और संसद से लेकर विधानसभा तथा जमीनी स्तर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा किए जाने वाले कार्यो की ट्रेनिंग दी जा है।

रविवार को सदर विधायक प्रसन्न चौधरी के कैंप कार्यालय पर रालोद के सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेने वाले तीन युवा इदुल खान बुलंदशहर, अश्वनी आर्य शामली और विश्वेन्द्र सिंह बडौत ने मीडियाकर्मियों से वार्ता की। जिसमें उन्होने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिंह द्वारा युवाओं को राजनीति में आगे बढाने के लिए सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया है। जिसके माध्यम से युवाओं को राजनीति में हिस्सेदारी दी जाएगी। उनको तीन महीने की ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसमें संसद से लेकर विधासनभा में होने वाले कामों व मुददों को उठाने तथा उनके सवाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रोग्राम के तहत वह शामली आए है। जिसमें उनको रालोद कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कराई गई तो संगठन कैसे बनता है। संगठन बनाने में क्या समस्या आती है और नया संगठन कैसे बनाए आदि की जानकारी दी गई। साथ ही सदर विधायक प्रसन्न चौधरी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में कैसे कार्य किया गया और क्या कार्य कराए गए आदि की भी जानकारी ली गई। उक्त प्रोग्राम में जानकारी प्राप्त करने के बाद वह युवाओं को जागरूक करेगे और बताएगे कि राजनीति में कैसे वह अपना कैरियर बना सकते है।

## भाजपा की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन विधानसभा के शक्तिकेंद्र जलालपुर बूथ पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन जैन भगत जी द्वारा गांव चलो अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से नागरिकों को अवगत कराया। ग्राम के मंदिर मे स्वछता अभियान किया गया। इस प्रवास में बड़ी संख्या में ग्रामीणों से मुलाकात की। मौके पर ग्राम प्रधान अरविन्द शर्मा, अंकित शर्मा, विनोद शर्मा, डॉक्टर रवि, पिंकापाल, अनिल कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर निवासी शाहजहांपुर मार्ग पर हैदरपुर के निकट सड़क हादसे में घायल हुए कार सवार युवक की देर रात पीजीआई पीलखनी से रेफर किये जाने के बाद हायर सैंटर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई, युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि विगत 5 अप्रैल शनिवार को नगर के मोहल्ला मजहर हसन निवासी अलीशेर पुत्र महमूद, वसीम पुत्र महफूज व महफूज पुत्र गफूर अपनी कार में सवार होकर जिला कूल्लू हिमाचल प्रदेश से वापस अपने घर चिलकाना आ रहे थे। रात्रि के समय 8:30 बजे जैसे ही वह सरसावा थाना क्षेत्र के गांव हैदरपुर के निकट पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन द्वारा उन्हें साईड मारे जाने पर उनकी कार सामने से आ रही एक बाईक से



टकराने के बाद पेड से टकरा गयी थी। जिसमें शाहजहांपुर निवासी बाईक सवार युवक मिथुन पुत्र रामपाल की मौके पर ही मौत हो गयी थी तथा सुनील पुत्र रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था।

वहीं कार सवार उपरोक्त तीनों लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हे सरसावा पुलिस द्वारा उपचार हेतू पीजीआई पिलखनी में भर्ती कराया गया था। हादसे के एक सप्ताह बाद शनिवार की देर रात को पीजीआई पीलखनी में भर्ती घायल वसीम 25 वर्ष की हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सको ने उसे हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया जहां ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ले में चर्चा है कि चिकित्सको ने वसीम के उपचार में लापरवाही बरती है, अगर समय रहते वह वसीम को हायर सेंटर के लिए रेफर कर देते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। वसीम की मौत से परिजनो पर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा है।

मृतक वसीम अपने पीछे बीमार मां बाप, पांच बहनों, दो भाईयो सहित एक वर्षीय नन्ही बेटी को रोते बिलखते छोड गया है। बताया जा रहा है कि मृतक की मां शुगर व हृदय से सम्बंधित गंभीर बीमारी से जूंझ रही है जो वसीम की मौत की खबर सुनते ही बेहोश होकर गिर गयी थी जिससे उसकी कुल्हे की हड्डी भी टूट गयी है। मृतक का बाप भी इसी हादसे में गंभीर रूप से चोटिल हो गया था। वहीं बडे भाई नदीम के दोनो गुर्दे खराब हो गए थे। जिसका गुर्दा प्रत्यारोपण के बाद उपचार चल रहा है, जो कि काम धन्धा करने लायक नही है। मृतक वसीम की पत्नी भी काफी दिन पहले उससे नाराज होकर अपने मायके में चली गयी थी। जो कि हादसे की खबर सुनने के बाद भी उसे देखने तक नही आई थी और न ही किसी ससुरालजन ने वसीम की कोई सुध ली। अब बहनों की शादी से लेकर पूरे परिवार की जिम्मेदारी मृतक के सबसे छोटे भाई कलीम के कंधों पर आ गई है।

## शिविर में स्वेच्छा से लोगों का रक्तदान

**तीतरों।** कस्बे में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें अनेक लोगों ने रक्तदान किया।

आशीर्वाद ट्रस्ट भारत की ओर से लगाए गए शिविर का उद्घाटन फीता काटकर प्रशांत चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां पुण्य मिलता है वहीं पर रक्तदान करने वाले को भी लाभ मिलता है। इस दौरान हर्षित सैनी, मधु देवी, दीपक कुमार, मोहित, लहरी सिंह, अरविंद, अशोक, अतुल, भूरा, मोहित कश्यप, अर्चना देवी आदि सहित अनेकों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र भी विपरीत किए गए। डॉ अरविंद, डॉ सजल, डॉ अंकित, मास्टर बलराज सिंह चौधरी ब्रजवीर सिंह, सतीश सैनी, मिंकु, मोहित, मनीष वर्मा, संदीप सैनी, गुलशन, सुधीर सिंह देशवाल, विनीत देशवाल, प्रणव देशवाल, दीपक देशवाल आदि का सहयोग रहा।

# पुण्यतिथि पर निकाली प्रभात फेरी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्वामी दिव्यानंद ट्रस्ट नागल के तत्वावधान में ट्रस्ट परिसर में हनुमान जयंती के उपलक्ष में सुंदरकांड एवं भजन संध्या के अगले दिन ब्रह्मलीन स्वामी दिव्यानंद सरस्वती महाराज की पुण्यतिथि पर कस्बे में 51 दंडी स्वामियों की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गई।

बाद में यज्ञ पूजन कर ब्रह्मलीन स्वामी दिव्यानंद सरस्वती महाराज द्वारा बताए गए आदर्श पर चलने का संकल्प दिलाते हुए दंडी स्वामी धुर्वानन तीर्थ महाराज व आचार्य बृजभूषण ने कहा कि मनुष्य ईश्वर भक्ति मे लीन रहकर ही सुखी रह सकता है। परमात्मा का कोई आकार नही है वह कण कण मे विराजमान है। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री संजय गर्ग राजेंद्र बंसल, राजकुमार बंसल, नवीन बंसल उर्फ बिन्नी बंसल, राजेंद्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजीव त्यागी, मुकेश बंसल, आदेश बंसल, मुकेश माहेश्वरी, श्रीपाल धीमान, नीटू त्यागी, राकेश धीमान आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के ऋषभ मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्कूल टॉपर छात्रा शरीफा सहित अन्य मेधावी छात्रों को अंक तालिका व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।

सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला स्थित ऋषभ मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने देश रंगीला, नय्यो नय्यो, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य एवं संस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। स्कूल प्रबंधक सुनील कुमार सैनी व उप प्रधानाचार्य दिलशाना मलिक ने आने वाले सभी अतिथियों का अभिनन्दन एवं स्वागत कर आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता निशांक जैन, पत्रकार एम एस सोनू कुरैश, समाजसेवी आशू सैनी, सुमित कुमार सैनी, लेखराज, शिवकुमार सैनी व शिक्षकगण बेबी भटनागर, रानी धीमान, खुशी सैनी, दिव्यांशु सैनी, मानवी काम्बोज, शिवानी सैनी, राहुल कुमार, शिवानी बर्मन, निशात, अहाना मलिक, नीलम मौजूद रहे। संचालन आकाश काशी ने किया।

# बेवजह दिया जा रहा हिन्दू मुस्लिम मुद्दों को बढ़ावा: हरिनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा ने कहा कि देश के अंदर हिंसा का माहौल तैयार किया जा रहा है। हिंदू-मुसलमान के मुद्दों को बेवजह बढ़ावा दिया जा रहा है जो ठीक नहीं है। इससे न केवल प्रदेश के मुख्यमंत्री और सत्ताधारी भाजपा को नुकसान होगा, बल्कि यूपी की आम जनता भी इसकी चपेट में आ सकती है।



हरिनाम सिंह वर्मा रामपुर मनिहारान में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी जगपाल सिंह के भाई तेजपाल सिंह के स्वर्गवास के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने शिवपुरी कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भाईचारे का माहौल बिगड़ता है और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता है, तो उसका सीधा असर देश और प्रदेश की शांति पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों के हित में काम करने के लिए बना है। यदि कोई भी व्यक्ति संगठन के नाम पर किसानों का शोषण करता पाया गया, तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। संगठन ने पहले भी ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि संगठन में ष्माफीष नाम की कोई चीज नहीं है। हरिनाम सिंह वर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की रीति नीति के अनुसार ही कार्य करें और किसानों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ें। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में किसानों और गरीबों के कई गंभीर मुद्दे है जिन पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

वर्मा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रदेश में वर्तमान समय में बन रहे तनावपूर्ण माहौल को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में यदि कोई व्यक्ति जुबान से कुछ बोल देता है, तो उस पर बड़ा बखेड़ा खड़ा कर दिया जाता है। सरकार को इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि छोटी-छोटी बातों को बेवजह बडा मुद्दा न बनाया जाए। इससे प्रदेश का वातावरण खराब होता है।

इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी जगपाल सिंह, रविन्द्र चौधरी, शेरपाल सिंह, रईस चौधरी, मुकुल चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**चिलकाना।** गांव निवासी एक युवती ने मरवा गांव निवासी एक युवक द्वारा पिछले 2 साल से नाबालिग अवस्था में उसे फोन वार्ता पर बहला फुसलाकर अपने चंगुल में फंसाने व शादी का झांसा देते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर यह भी आरोप लगाया है कि तहरीर दिए जाने से लगभग 6 दिन पहले भी उक्त युवक उसके घर से उसका अपहरण करके कहीं ले गया था। जहां पर युवक ने उसके साथ फिर से दुष्कर्म किया है। युवती ने बताया है कि थाना कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव मारवा निवासी एक युवक आवारा व गुंडा किस्म का व्यक्ति है। जिसने पिछले 2 साल से उससे बातें करके उसे बहला फुसलाकर अपने चंगुल में फंसा लिया था तथा शादी का झांसा देकर पिछले 2 साल नाबालिग अवस्था से उसके साथ दुष्कर्म करता आ रहा है। यदि पीड़िता ने उसे शादी करने के लिए कहा तो उसने शादी करने से भी साफ इनकार कर दिया है। पीड़िता का आरोप है कि 06 अप्रैल 2025 को जब वह अपने घर पर अकेली थी, उसके माता पिता कहीं बाहर गए हुए थे। तभी आरोपी युवक उसके घर में घुस आया तथा घर से जबरदस्ती उसका अपहरण करके उसे कहीं ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर उसे मार कर टुकड़े टुकड़े करने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव ने बताया कि पीड़ित युवती की ओर से तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# शराब ठेके के विरोध में महिलाओं के साथ आई भाकियू तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव नौरंगपुर की महिलाओं ने आबादी के समीप खुले देशी व अंग्रेजी शराब के ठेके के विरोध में कल शनिवार को जोरदार धरना-प्रदर्शन शुरू किया था। प्रदर्शनकारी महिलाओं की मांग पूरी नहीं होने पर आज रविवार को दूसरे दिन शुरू हुए धरना प्रदर्शन में भाकियू भी शामिल हो गई और महिलाओं को समर्थन देने का ऐलान करते ही दूकान संचालक बैकफुट पर आ गए। और 45 दिनों में दूकान पीछे शिफ्ट करने का लिखित आश्वासन देकर धरना समाप्त करवा दिया।

धरनारत महिलाओं को समर्थन देने नौरंगपुर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के प्रदेश प्रवक्ता मास्टर देवेन्द्र काम्बोज ने शराब की दुकान के खिलाफ चल रहे महिलाओं के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने का




ऐलान करते हुए कहा कि जब तक इन महिलाओं की प्रशासन मांगे पूरी नहीं करता तब तक भारतीय किसान यूनियन पीछे नहीं हटेगी। बताया जा रहा है कि थोड़ी ही देर बाद दूकान संचालक पूरण सिंह व भानु प्रताप सिंह प्रर्दशनकारी महिलाओं के बीच पहुंच गए और आपसी समझौते का प्रस्ताव रखते हुए धरना स्थगित करवा दिया।

भाकियू तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) पारित उपाध्याय की मौजूदगी में तय हुआ कि शराब की दुकान 45 दिनों की समयावधि में मौजूदा स्थान से डेढ़ सौ मीटर पीछे हटा ली जाएगी, इस अवधि में दुकान पर पर्दा डालकर शराब बिक्री करेंगे, 21 साल से कम आयु वाले किसी भी खरीददार को शराब बिक्री नहीं की जाएगी। स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की उचित व्यवस्था रहेगी। इस दौरान धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष पारित उपाध्याय, प्रवीण काम्बोज, जसबीर सिंह राणा, बबला, मास्टर देवेन्द्र काम्बोज (प्रदेश प्रवक्ता), अशोक काम्बोज, कुलदीप राणा, बिजेंद्र काम्बोज, संदीप काम्बोज, सुलेमान, देवेन्द्र काम्बोज, मांगेराम, हेमंत राणा, ममता सैनी, छवि सैनी, सविता काम्बोज, प्रेरणा सैनी, रूबी सैनी, रजनी काम्बोज, बबीता सैनी, मंजू सैनी, कुसुम काम्बोज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# बकरियां चराने गए पशु पालक पर दबंगों का लाठी डंडों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बकरियां चराने गए एक पशुपालक को दबंगों ने लाठी डंडों से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांचकर कार्यवाही मे लग गई है।

मिली जानकारी के अनुसार इंतजार पुत्र शकील निवासी जसमोर पठानपुरा ने कोतवाली बेहट पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह अपनी पशुओं (बकरियों) को गांव से बाहर जंगलों में चारा चराने के लिए ले जाते है पीड़ित का कहना है कि बकरिया अचानक गांव पाजराणा निवासी एक किसान के खेत मे घुस गई।तो मैने अपनी बकरियों को खेत से बाहर निकाल ली थी। आरोप है कि खेत मालिक मेरे पास आया और मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगा मैने उस से हाथ जोड़कर माफी भी मांग ली। आरोप है कि उसने और उस के एक अन्य साथी ने मेरे ऊपर लाठी डंडों से जान लेवा हमला कर दिया जिस से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के संबन्ध मे पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल में मेडिकल के लिए भर्ती किया है। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस कार्यवाही मे लग गई है। कोतवाली इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस को तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जायगी।

## प्राथमिकता सूची में शामिल रोड निर्माण

**गंगोह।** मंगलौर से वाया नानौता, गंगोह, लखनौती करनाल मार्ग से कुंडा कलां तक मार्ग कोड डबल रोड का निर्माण कराये जाने को शीर्ष प्राथमिकता सूची में शामिल कर लिया गया है।

प्रदेश सरकार के अनुसचिव द्वारा प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह के आदेश पर उक्त कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्रामोदय फाउण्डेशन के सचिव विजेन्द्र विश्वकर्मा ने मंगलौर से वाया नानौता, गंगोह, लखनौती करनाल मार्ग से कुंडा कलां तक ग्राम जानपुर उर्फ माजरी शाहपुर रोड बेग्गी होते हुए लगभग दस किमी मार्ग को डबल रोड बनवाने, गांव में नालों के निर्माण व इण्टरलाक से कवर कराने की मांग की थी।

# प्रतिभाशाली बच्चे मेडल व शील्ड से सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** कस्बा बिहारीगढ़ के ग्राम मनोहरपुर में स्थित श्री प्रभु लाल आर्य अकादमी में 13 वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव में होनहार व प्रतिभाशाली छात्रों को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वार्षिकोत्सव मे मुख्य अतिथि ब्रिजेन्द्र कश्यप व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नाथी राम काम्बोज ने माँ सरस्वती के चित्रण पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्हे बच्चो ने गीतों पर जमकर डांस किया जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के प्रबंधक विवेक काम्बोज ने बताया कि श्री प्रभुलाल आर्यन एकेडमी अपना 13वाँ वार्षिकोत्सव मना रहा है स्कूल का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष राजकुमार बत्रा, व्यापारी नेता अन्वेष काम्बोज, मंडल अध्यक्ष भाजपा अश्वनी काम्बोज, अरविन्द काम्बोज, दिलशाद मलिक ओमप्रकाश रविदासी, पत्रकार कुलदीप सिंह, जनक राठौर, राजकुमार राणा ,अजय काम्बोज वरिष्ठ जिला महासचिव भाकियू,पंकज कांबोज, जनक सिंह राठौर , प्रवेश कंबोज , मोहन सिंह, हनी कांबोज , राजकुमार राणा, बबली कांबोज, अनिल कंबोज, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# युवा नेता अभय ने बताई भाजपा की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारतीय जनता पार्टी के जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार की 8 साल की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा के नेतृत्व में अभियान चलाकर जनता को उपलब्धियों के बारे मे बताकर जोड़ने का काम किया जा रहा है।

रविवार को अभय राणा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बेहट मंडल और शाकंभरी मंडल के गांव में सरकार की उपलब्धियां के बारे मे लोगों को जानकारी दी और बताया कि प्रदेश सरकार ने 8 वर्ष में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराए हैं। कार्यकर्ताओं ने ग्राम जसमौर,हरिपुर, फतेहपुर सहित कई गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को भाजपा सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों



और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी,जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, व्यापारी नेता राकेश गाबा, जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम, पूर्व सभासद मोहित जैन, तेजवीर सिंह राणा, सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू, अमन कौशिक, व्यापारी नेता वशिष्ठ गुप्ता,पूर्व सभासद फजलूर्रहमान, अंशुल सिंघल, अनमोल अग्रवाल, सत्यप्रकाश रोहेला, फरहान, मोंटी अरोडा आदि मौजूद रहे।

# अनस मलिक को बनाया तहसील महामंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और किसानों की समस्याओं को हल कराना सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

क्षेत्र के कालाहेड़ी गाँव में आयोजित भाकियू तोमर की बैठक में काला हेड़ी निवासी अनस मलिक को तहसील महामंत्री बनाया गया। आमिर, मुस्तफा, तनवीर, आलिम, अल्तमश, इस्तेखार मलिक को सदस्यता ग्रहण कराई गई।युवा जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने कहा कि संगठन में जितनी एकता होती है संगठन उतना मजबूत होता है।सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि संगठन को मजबूत कर किसानों की समस्याओं का समाधान कराएं।व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मोहित गोयल ने कहा कि भाकियू तोमर किसानों को समर्पित संगठन है। जब भी जहाँ भी किसानों को कोई समस्या होगी संगठन वहाँ खड़ा मिलेगा।तहसील अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान इदरीसी ने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी सभी हमारे अपने हैं।

नवनियुक्त तहसील महामंत्री अनस मलिक ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उस पर खरे साबित होंगे और रात दिन कड़ी मेहनत कर संगठन और अधिक मजबूत किया जाएगा।

इस दौरान नीरज राणा, मुंतियाज, कादिर चौहान, वकील, असलम, ईनाम, तय्यब, तसमीम, वसीम, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# पति समेत ससुरालियों के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंपा है। शबनम, निवासी गेल्हेवाला प्रथम, ने बताया कि 12 साल पहले मेहरान से उनकी शादी धूमधाम से हुई थी, जिसमें उनके परिवार ने लाखों रुपये खर्च किए और ढेर सारा दहेज दिया। लेकिन शादी के बाद से ही पति मेहरान, सास मन्नो और अन्य रिश्तेदार नसरीन, नसीम, गुलशन व नईम ने दहेज को कम बताकर ताने देने शुरू कर दिए।

शबनम का आरोप है कि पति ने कई बार दवाइयों के जरिए उनका गर्भपात कराया और मारपीट की। साल 2018 में मेहरान ने तीन तलाक देकर उन्हें घर से निकाल दिया था, लेकिन बाद में माफी मांगकर दोबारा निकाह किया। इसके बावजूद मारपीट, अप्राकृतिक संबंध बनाने और भूखा-प्यासा रखने का सिलसिला जारी रहा। 22 मार्च 2024 को ससुराल वालों ने फिर मारपीट की और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

शबनम ने बताया कि पुलिस में शिकायत के बाद समझौता हुआ, लेकिन मेहरान ने फिर वादा तोड़ा और जनवरी 2025 में एक बार फिर तीन तलाक देकर उन्हें बेघर कर दिया। अब मेहरान दूसरा निकाह करने की बात कह रहा है। शबनम ने थानाध्यक्ष से विपक्षियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त होने की पुष्टि की है।

# भरत मिलाप का किया भावपूर्ण मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्री रामलीला महोत्सव के आठवें दिन भरत मिलाप के भावपूर्ण मंचन ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस मार्मिक दृश्य को देखकर उपस्थित जनसमूह की आँखें नम हो गई। तथा सम्पूर्ण वातावरण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

महोत्सव का शुभारंभ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आलोक जैन, नगर महामंत्री राकेश गुप्ता, शिवचरण वर्मा, संदीप चौधरी, रविन्द्र धीमान एवं मलखान सिंह सैनी द्वारा गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा भरत मिलाप का अत्यंत मनोहारी एवं हृदय को स्पर्श करने वाला मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावनाओं से अभिभूत हो उठे।

इस पावन अवसर पर रामलीला समिति के संरक्षक श्री मनोज गोयल, प्रधान श्री हरीश गर्ग, उपाध्यक्ष श्री पंकज जैन, श्री वरुण मित्तल, श्री बिजेन्द्र नारायण, श्री राजेश जैन श्राजूश, श्री संजीव जैन श्सर्राफश, श्री वर्धन जैन, श्री संयम जैन, श्री आकर्ष सिंघल, श्री नरेश गोयल, श्री राजन शर्मा, श्री नवीन धीमान, श्री शरद जैन, श्री सोहित मित्तल, श्री राकेश कुमार भारद्वाज, श्री ऋषिपाल शर्मा, श्री श्रवण त्यागी, श्रीमती बाला देवी, श्री अनुज मित्तल, श्री अनिल गोयल आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बैसाखी पर्व पर गुरुवाणी के साथ संगत हुई निहाल, मेले में उमड़ा जनसैलाब

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** रविवार को कौंथलपुर स्थित गुरुद्वारा में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व की शुरुआत अखंड पाठ साहिब की पूर्णता के साथ हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने शबद कीर्तन का आनंद लिया। गुरुवाणी की मधुर धुनों में डूबकर संगत भावविभोर हो गई और गुरुद्वारा परिसर में अध्यात्मिक वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैसाखी पर्व पर विशेष मेले का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गुरुद्वारे को फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। नगर




कीर्तन का आयोजन भी धूमधाम से हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और गुरुवाणी के मधुर स्वरों के साथ नगर भ्रमण किया।

पंजाब के अमृतसर से आए विशेष जत्थे ने गुरुद्वारे में संगत को सिख इतिहास से अवगत कराया और मधुर वचनों के माध्यम से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जत्थे के सदस्यों ने गुरुओं की शिक्षाओं को सरल और भावनात्मक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे सभी भाव-विभोर हो उठे।

पूरे दिन गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन चलता रहा, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी सत्ता सिंह सरदार, गुरजंट, सोनू, भगेल सिंह, जोगिंदर सिंह, नवाब सिंह, प्रगट सिंह, लखविंदर सिंह, गुरपेज सिंह, विक्रम सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग आयोजन में उपस्थित रहे। मेले में महिलाओं और बच्चों ने भी खूब आनंद लिया। महिलाओं ने घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की, वहीं बच्चों ने चाट, पकौड़ी, गोलगप्पों और अन्य व्यंजनों का स्वाद लेकर मेले का खूब लुत्फ उठाया। सजीव सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक खेलों ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया।

## बजरंग बली जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**स्योहारा।** नगर भर में हनुमान जयंती शोभायात्रा धूमधाम से निकली, जिसमें नगर के ठाकुर मंदिर पर सुबह हवन का कार्यक्रम एवं भंडारा संपन्न हुआ। ठाकुर मंदिर से शोभायात्रा हिंदू चौधरियान, आरएसपी रोड, रियासत, सब्जी मंडी, शिव मूर्ति, जुमेरात का बाजार, स्टेशन, मुरादाबाद रोड से होते हुए ठाकुर मंदिर पर समापन हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र प्रियंकर राणा ने किया। मौके पर डा. विनीत देवरा, मनोज कुमार भटनागर, राजपाल सिंह प्रजापति, सोनू रस्तोगी, डॉ. यज्ञदत्त गोड़, डॉ. राजबहादुर शर्मा, डॉ. राजवीर सिंह त्यागी, पीयूष रस्तोगी, अमित कुमार शर्मा, थाना अध्यक्ष अमित कुमार पुलिस प्रशासन के साथ मौजूद रहे।

# यमुना नदी पुल दो महीने के लिए बंद, नए पुल से रहेगा आवागमन जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** बिडोली से करनाल की ओर-जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। प्रशासन ने बिडौली गांव स्थित पुराने यमुना नदी पुल पर अगले दो महीनों तक आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। पुल की खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिडौली चौकी इंचार्ज अजय पाल ने बताया कि पुराने पुल की हालत काफी जर्जर हो चुकी है उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार पुल को फिलहाल बंद कर इसकी मरम्मत का कार्य शुरू किया जा रहा है। राहत की बात यह है कि बगल में बने नए यमुना पुल से वाहनों का आवागमन सामान्य रूप से जारी




रहेगा। प्रशासन ने मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए डाइवर्जन के संकेतक मार्गों पर लगा दिए हैं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों और राहगीरों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिकोण से लिए गए इस निर्णय में सभी लोग सहयोग करें और निर्देशित मार्गों का ही उपयोग करें। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद पुराने पुल को पुनः यातायात के लिए खोले जाने की जानकारी समय पर दी जाएगी।

# बाबा साहेब की जयंती पर चलाया गया सफाई अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में तथा जिलाधिकारी महोदय के नेतृत्व में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ। भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर जनपद के सभी नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित अम्बेडकर पार्कों तथा अम्बेडकर जी की प्रतिमाओं पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर 14 से 28 अप्रैल 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है, जनपद में धूमधाम से उत्सव के रूप में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ।भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर प्रार्थना सभा आदि कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। शनिवार की देर शाम करीब सात बजे नगर के मुख्य बाजार में स्थित वैश्य कटरा धर्मशाला में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में पंडित द्वारा पूजा-अर्चना के पश्चात सुंदरकांड पाठ का आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान हनुमान सेवा समिति के पदाधिकारी द्वारा नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। सुंदरकांड पाठ में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात कोतवाल ने समिति के पदाधिकारी से आगामी मंगलवार को आयोजित होने वाली शोभायात्रा के मार्गो को लेकर जानकारी हासिल की। समिति के अध्यक्ष विनोद गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान जन्मोत्सव



की तैयारी पूरी जोरों पर हैं। विगत कई वर्षों से कैराना में हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है स जनपद शामली में सबसे भव्य शोभायात्रा कस्बा कैराना में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली जाती हैं। जिसमें प्रशासन अपनी पूरी तैयारी में मुस्तैद रहता हैं। शोभायात्रा को लेकर नगर पालिका प्रशासन की ओर से विशेष तैयारी करते हुए सभी



प्रकाश लाइटों को दुरुस्त करते हुए सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं,साथ ही नगरवासियों की ओर से भी पूरी तैयारी जोरों पर हैं और उत्साह के साथ उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही हैं।सुंदरकांड पाठ में मुख्य रूप से कमल राज मित्तल, अभिषेक गोयल,संजू वर्मा,आशु गर्ग, आलोक गर्ग, शगुन मित्तल एडवोकेट, अंकित जिंदल,सोनू बंसल, राकेश, दीपांशु,गौरव,जयपाल कश्यप सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सीओ व थानाध्यक्ष ने ली हिस्ट्रीशीटरों की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** अंडर ट्रेनिंग सीओ व थानाध्यक्ष ने सभी हिस्ट्रीशीटर की एक मीटिंग ली और हाजिरी लगवाई गई। इसके बाद सभी को किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधि में लिप्त न रहने की शपथ दिलाई।


रविवार को कैराना कोतवाली परिसर में जनपद में शान्ति व्यवस्था को कायम रखने एवं अपराध की रोकथाम को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा की गई नई पहल को लेकर अंडर ट्रेनिंग सीओ जितेंद्र सिंह व थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने दो दर्जन से अधिक हिस्ट्रीशीटर श्रेणी एवं गौकशी के अपराधियों को कोतवाली में बुलाकर अपराध से तौबा करने की शपथ दिलाई है,साथ ही किसी भी आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी है। हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध न करने की शपथ दिलाए जाने की नई पहल की सराहना की जा रही है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शमली के आदेशानुसार अपराध की रोकथाम को लेकर गैंगस्टर,हिस्ट्रीशीटर श्रेणी व गौकशी के अपराधियों को कोतवाली बुलाकर उनकी बैठक ली गई हैं और उन्हें अपराध से तौबा करने की शपथ दिलाई गई है। इसके बावजूद भी अगर कोई किसी भी तरह के अपराधिक कृत्य में लिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# हज यात्रियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** हज यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए मुस्लिम फंड ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ आगामी 18 अप्रैल से किया जाएगा। इसमें उलमा मॉडल्स के माध्यम से हज यात्रियों को हज अदा करने का सही तरीका सिखाएंगे।

रविवार को मुस्लिम फंड ट्रस्ट के प्रबंधक सुहैल सिद्दीकी ने बताया कि शेखुल हिंद हाल में 18 से 20 अप्रैल तक आयोजित होने वाले शिविर में हज ट्रेनिंग के साथ ही यात्रियों के लिए ठहरने और खाने पीने की मुफ्त व्यवस्था भी की गई है। शिविर



आयोजक फैजी सिद्दीकी और फहीम सिद्दीकी ने बताया कि शिविर में महिला हज यात्रियों के लिए पर्दे का विशेष प्रबंध रहेगा और उनको महिलाओं द्वारा ही ट्रेनिंग दी जाएगी। उलेमा हज यात्रियों को हज के मुख्य अरकान (कार्य) अहराम बांधना, तवाफ करना, कुर्बानी करना, कंकरिया मारना आदि की जानकारी देंगे। कहा कि शिविर में भाग लेने के लिए आने वाले लोग अपना कवर नंबर और आधार कार्ड जरूर साथ लाएं। शिविर में हिस्सा लेने के लिए व्हाट्सएप नंबर 9997357886 पर मैसेज भेजकर या 18 अप्रैल की सुबह नौ बजे तक शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराना जरूरी है।

# देश में दंगे कराने की हो रही साजिश: त्यागी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा के दौरान हिंदुओं की हत्या की घटना पर बजरंग दल ने रोष जताया है। साथ ही ममता सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है।

रविवार को जारी बयान में बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून को लेकर देश में हिंसा एवं दंगों की बड़ी योजना बनाई जा रही है। मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के जिम्मेदार जमीयत उलमा हिंद, ओवैसी और वह सभी लोग हैं जो वक्फ कानून संशोधन का विरोध कर रहे हैं। कहा कि इस समय बंगाल के हालात बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी बदतर होते जा रहे हैं। मुर्शिदाबाद में की गई हिंदुओं की निर्मम हत्या इसका जीता जागता प्रमाण है। विकास त्यागी ने कहा कि केंद्र सरकार को वक्फ संशोधन कानून का विरोध करने वाले देश विरोधी संगठनों के खिलाफ सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बंगाल की ममता सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

# दुकान के गल्ले से नकदी चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार, 1700 की नकदी बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** पुलिस ने तीन दिन पूर्व इलेक्ट्रिशियन की दुकान के गल्ले से 20 हजार रूपए की नगदी चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया हैं। कब्जे से 1700 रूपए की शेष नगदी हुई बरामद। रविवार को कैराना कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चेकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के कुशल पर्यवेक्षण में तीन दिन पूर्व नगर के मुख्य मार्ग पानीपत-शामली रोड पर स्थित फरीद पुत्र फहीमुद्दीन निवासी मोहल्ला पीरजादगान की कार म्यूजिक एवं इलेक्ट्रीशियन की दुकान के गल्ले से दिनदहाड़े बीस हजार रूपए की नगदी चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के कब्जे से 1700 रूपए की शेष नगदी बरामद की हैं। पकड़े गए युवक ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम रोहित शर्मा पुत्र सतपाल शर्मा निवासी ग्राम पंजीठ बताया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए युवक का चालान कर दिया है।

# कार की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** तेज़ गति से आ रही कार की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों दारुल उलूम के छात्र बताए गए हैं।

थाना जनकपुरी क्षेत्र के सिंभालकी गांव निवासी महबूब का 16 वर्षीय बेटा काशिफ अपने साथी 15 वर्षीय उमामा पुत्र मसरुर रविवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर एक साथी को छोड़ने के लिए हाईवे पर गए थे। वापस लौटते समय जब वह दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित राणा गैस एजेंसी के समीप पहुंचे तो सामने से आ रही तेज गति कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने काशिफ को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर उनके परिजन भी देवबंद सीएचसी पहुंच गए थे। बताया गया है कि दोनों किशोर दारुल उलूम देवबंद में कुरआन-ए-करीम की पढ़ाई कर रहे हैं। एक दोस्त उनके पास आया था। जिसे छोड़ने के लिए वह हाईवे पर गए थे। वहीं, मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्होंने काशिफ का पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है। वहीं, रविवार की शाम देवबंद-मंगलौर मार्ग पर मानकी मंदिर के पास सडक दुर्घटना में बाइक सवार नसरूल्लापुर गांव निवासी अमीर आलम घायल हो गया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# भव्य शोभायात्रा में बैंड बाजे व झांकिया रहीं आकर्षण का केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन पर भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जिसमें बैंड बाजे व झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। आजाद समाज पार्टी कार्यकमर्ताओं ने सबील लगाकर ठंडा शर्बत वितरित किया।

भारत रतन बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का 134वां जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा रविदास मार्ग से मकबरा रोड, मैन बाजार, एमबीडी चौक, सुभाष चौक से होते हुए रेलवे रोड पर समाप्त हुई। डा. ओमप्रकाश ने शोभायात्रा का उद्धघाटन किया। शोभायात्रा में दिपक बौद्ध, रामलाल, राजपाल, डा. सुरेश चंद्रा, रामकरण बौद्ध, अमित, शुभम, प्रवीण, राजू,



रवी, उमैश, आदि समाज के लोग शामिल रहे। इस अवसर पर एचएवी इण्टर कॉलेज के निकट आजाद समाज पार्टी की स्थानय समिति ने सबील लगाकर ठंडा शर्बत वितरित किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष डा. असलम, साईम सिद्दीकी, अजमल खां, अबरार कुरैशी, इस्लाम मलिक, शुऐब मलिक आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंबेडकर पार्क व प्रतिमाओं पर चलाया साफ-सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** (सू०वि०) मंडलायुक्त अटल कुमार राय द्वारा तीनों जनपदों में तथा जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में जनपद में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में आज उनकी जयंती से पूर्व जनपद के सभी तहसीलों, नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित आंबेडकर पार्कों तथा आंबेडकर जी की प्रतिमाओं की विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती



पर 14 से 28 अप्रैल 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है, जनपद में धूमधाम से उत्सव के रूप में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर प्रार्थना सभा, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# शरबत को मजहबी रंग देने की कोशिश: गोरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने योगगुरु बाबा रामदेव के बयान की निंदा की है। उन्होंने इसे नफरत फैलाना वाला बताया और सभी से बाबा रामदेव के माफी मांगने तक पतंजलि का पूर्ण बहिष्कार किए जाने का आह्वान किया।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि बाबा रामदेव ने अपने एक शरबत का प्रचार करते हुए बिना नाम लिए दूसरी कंपनी की प्रसिद्ध शरबत को निशाना बनाया और उसे मजहबी रंग देने की कोशिश की। उन्होंने बयान को गैर जिम्मेदाराना, बेहूदा और नफरत फैलाने वाला करार देते हुए कहा कि हम बाबा रामदेव को अब तक एक योगगुरु और बुद्धिजीवि मानते थे। लेकिन उनके इस बयान ने साबित कर दिया कि वह केवल एक कारोबारी हैं जो अपने व्यापार को मजहब के सहारे आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस शरबत के नाम से बाबा नफरत का माहौल बनाना चाह रहे हैं वो कोई मजहबी पेय नहीं बल्कि देश की गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक है। जिसे हर धर्म, हर जात और हर क्षेत्र के लोग बरसों से पसंद करते आ रहे हैं। इसे जिहाद जैसे



नफरत भरे शब्द से जोड़ना साजिश है और लोगों को धार्मिक आधार पर भड़काने की कोशिश है। कारी इस्काह ने कहा कि भारत में व्यापार की तरक्की धर्म की बुनियाद पर नहीं बल्कि गुणवत्ता, भरोसे और इंसाफ पर होती है। बता दें, कि बाबा रामदेव ने पतंजलि के शरबत का प्रचार करते हुए कहा कि जिस तरह लव जिहाद, लैंड जिहाद और वोट जिहाद होता है, उसी तरह अब शरबत जिहाद भी चल रहा है। अगर आप दूसरी कंपनी का शरबत पीते हैं, तो उससे मस्जिदों और मदरसों का निर्माण होता है।

## गांव चलो अभियान चलाया

**नगीना।** भाजपा ने गांव चलो, बस्ती चलो अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने मंदिरों की सफाई की और चौपालों का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नगरवासियों को दी।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने नगर में कई जगह चौपाल लगाई और लोगों को जानकारी दी। अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री हरमीत सिंह ने सय्यदाबाड़ा क्षेत्र में घर-घर संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने मंदिर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। बूथ समिति की बैठक में उन्होंने मोदी सरकार के 11 वर्ष और योगी सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया।



**देवबन्द।** बाबा साहेब के जन्मदिन पर निकाली शोभायात्रा का उद्घाटन करते अतिथि। छाया: शाह टाइम्स

# अल्काराज मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब जीता



● **अल्काराज ने इटली के मुसेट्टी को हराकर अपना छठा मास्टर्स का खिताब हासिल किया**

**स्पेन, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार को चोटिल लोरेंजो मुसेटी को हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में अल्काराज ने इटली के मुसेट्टी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर अपना छठा मास्टर्स 1000 कैरियर खिताब हासिल किया। तीसरे सेट में मुसेट्टी के दाहिने पैर में चोट के लक्षण दिखने लगे और 3-0 से पिछड़ने के बाद उन्हें उपचार दिया गया। अपने पहले मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी को मैच के अंत में अल्काराज के साथ चलने और तालमेल बनाया।



# आरसीबी ने राजस्थान रायल्स को 9 विकेट से रौंदा

● **विराट कोहली ने 100वीं टी-20 फिफ्टी लगाई, साल्ट ने 65 और यशस्वी ने 75 रन बनाए**

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल के 28वें मुकाबले में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रायल्स को 9 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बेंगलुरु ने बालिंग चुनी। राजस्थान ने 4 विकेट खोकर 173 रन बनाए। बेंगलुरु ने एक ही विकेट के नुकसान पर 18वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

आरसीबी से विराट कोहली ने अपने टी-20 करियर की 100वीं फिफ्टी लगाई, उन्होंने 62 रन बनाए। पिफल साल्ट ने 33 गेंद पर 65 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल 40 रन बनाकर नाटआउट रहे। राजस्थान से यशस्वी जायसवाल ने 75 रन की पारी खेली। बेंगलुरु की चौथी जीत 18वें आईपीएल सीजन में आरसीबी ने 6 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। टीम की चारों जीत घर से बाहर ही मिली। वहीं दोनों हार होमग्राउंड पर मिली। दूसरी ओर राजस्थान की 6 मैचों में चौथी हार रही। टीम ने 2 ही मैच जीते हैं। देवदत्त पडिक्कल ने 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर संदीप शर्मा के खिलापफ चैंका लगाया। इसी के साथ उन्होंने टीम को 9 विकेट से जीत दिला दी। पडिक्कल 40 रन बनाकर नाटआउट रहे। विराट कोहली ने 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वनिंदू हसरंगा के खिलाफ छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टी-20 में अपनी 100वीं हापफ संेचुरी पूरी कर ली। विराट ने आईपीएल में 66वां 50 से ज्यादा का स्कोर भी बनाया। इस मामले में उन्होंने डेविड वार्नर की बराबरी की। दोनों ने 66 बार आईपीएल में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाए हैं। आरसीबी ने 10वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। देवदत्त पडिक्कल ने तीसरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। पिफल साल्ट ने 8वें ओवर में वनिंदू हसरंगा के खिलापफ चैंका लगाकर अपनी पिफफ्टी पूरी की। उन्होंने 28 गेंद पर हॉफ संेचुरी लगाई। वे अगले ही ओवर में छक्का लगाने की कोशिश में कैच भी हो गए।

उन्हें कुमार कार्तिकेय ने पवेलियन भेजा। साल्ट ने 65 रन बनाए। 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी रही। टीम ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 65 रन बनाए। आरसीबी के 50 रन पूरे हो चुके हैं। 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर महीश तीक्षणा के खिलापफ विराट कोहली ने सिंगल लेकर टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। इस दौरान फिल साल्ट भी क्रीज पर मौजूद रहे। 174 रन के टारगेट का पीछा करन उतरी बेंगलुरु के ओपनर पिफल साल्ट ने पहले ओवर में 10 रन बनाए। राजस्थान के लिए पहला ओवर पेसर जोफ्रा आर्चर ने कराया। सुयश शर्मा की गेंद पर ध्रुव जुरेल को जीवनदान मिला। 17वें ओवर की आखिरी बाल सुयश ने मिडिल स्टंप पर पफुल लेंथ की पफेंकी। ध्रुव जुरेल आगे बढ़े और हवा में शाट खेला, लेकिन ठीक से टाइम नहीं हुआ और गेंद ऊपर चली गई। यहां कोहली ने लान्ग-आपफ पर कैच छोड़ दिया। गेंद सीधा उनके पास आई, लेकिन पिफर भी वो कैच नहीं पकड़ सके। वो खुद भी इस पर नाराज दिखे और गुस्से में बाल वापस थ्रो किया। 16वें ओवर की पहली बाल पर यशस्वी जायसवाल ने स्कूप शाट खेलकर जोश हेजलवुड को सिक्स लगा दिया।

ओवरपिच बाल पर जायसवाल ऑफ साइड की तरपफ थोड़ा हटे, गेंद बैट के बीच में लगाई और जायसवाल ने शानदार टाइमिंग से पफाइन लेग के ऊपर से छक्का लगा दिया। राजस्थान का दूसरा विकेट 14वें ओवर की दूसरी बाल पर गिरा। यश दयाल की बाल पर विराट कोहली ने रियान पराग का कैच पकड़ा। पराग 30 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल ने क्रुणाल पंड्या की बाल पर सिंगल लेकर फिफ्टी पूरी की। उनकी आईपीएल करियर की 11वीं और सीजन की दूसरी फिफ्टी है। क्रुणाल पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में राजस्थान के कैप्टन संजू सैमसन का विकेट लिया। बेंगलुरु की ओर से सातवां ओवर क्रुणाल पंडड़ा ने किया। ओवर की पांचवीं गेंद को सैमसन आगे बढ़ कर खेलना चाह रहे थे। वह क्रीज से कापफी आगे आ गए थे। वह गेंद मिस कर गए और विकेटकीपर जितेश शर्मा ने बिना कोई गलती किए स्टंप कर दिया। संजू ने 19 गेंद का सामना कर 15 रन बनाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### स्कॉटलैंड की महिला टीम ने थाईलैंड को हराया

**लाहौर, वार्ता।** कप्तान कैथरीन ब्राइस (60), मेगन मैककॉल (58) की अर्धशतकीय पारियों के बाद राचेल स्लेटर, अब्ताहा मकसूद और कैथरीन फ्रेजर (तीन-तीन) विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर रविवार को स्कॉटलैंड की महिला टीम ने वूमेंस विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में थाईलैंड की टीम को 58 रनों से हरा दिया। स्कॉटलैंड के 206 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड के लिए नटाया बूचाथम और चानिदा सुथिरुआंग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करने का प्रयास किया। नौवें ओवर में राचेल स्लेटर ने नटाया बूचाथम (20) को पगबाधा कर थाईलैंड को 41 के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे थाईलैंड की बल्लेबाजी अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सकी। नत्थकन चंथम एक मात्र ऐसी बल्लेबाजी थी जिन्होंने 58 गेंदों में (63) रनों की पारी खेली। चानिदा सुथिरुआंग (18) रन बनाकर आउट हुई। कैथरीन फेजर, अबताहा मकसूद और राचेल स्लेटर ने तीन-तीन विकेट झटकते हुए स्कॉटलैंड की पूरी टीम को 31-3 ओवर में 148 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 58 रनों से जीत लिया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की महिला टीम ने कैथरीन ब्राइस (60), मेगन मैककॉल (58), ऐल्सा लिस्टर (38), एब्बी ऐटकेन-ड्रमंड (22) रनों की पारी खेली। थाईलैंड के गेदबाजों ने स्कॉटलैंड की पूरी टीम को 41 ओवर में 206 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

### यूपी ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में राजस्थान को हराया

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश ने कांटे के संघर्ष में आक्रामकता और बेहतर रणनीति की बदौलत 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्णिम सफलता हासिल कर इतिहास रच दिया। केओंझर में आठ से 12 अप्रैल तक आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को कड़ी टक्कर देते हुए 31-30 के स्कोर से मात दी। पहले हॉफ में दोनों टीमें 14-14 से बराबरी पर रहीं, जबकि दूसरे हॉफ में गोलों की होड़ लग गई। इस दौरान दोनों टीमें एक-एक गोल के लिए संघर्ष करती दिखी जिसके चलते अंत तक यह कहना मुश्किल रहा कि कौन विजेता बनेगा। इसी बीच अंतिम क्षणों से कुछ पहले उत्तर प्रदेश ने निर्णायक गोल करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश की ओर से कृष ने सर्वाधिक 11 गोल दागे। उनका साथ देते हुए विकास ने 6, अभिषेक व प्रवेश ने 4-4 जबकि हर्षित ने दो गोल किए। राजस्थान से प्रवीण ने सर्वाधिक 16 गोल, अजयराज यादव ने 8 व दुष्यंत ने 3 गोल किए।उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा आनन्देश्वर पाण्डेय ने यूपी टीम की इस स्वर्णिम सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश ने पिछले संस्करण में रजत पदक जीता था।

# वनडे में दो गेंद नियम पर हो सकता है बदलाव



■ **पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने की है सिफारिश**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) वनडे क्रिकेट में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाजों के दबदबे को देखते हुए क्रिकेट की वैश्विक संस्था दो गेंद के इस्तेमाल के नियम पर बदलाव कर सकती है। दरअसल, आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। इस समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली हैं। वनडे में लंबे समय से दो नई गेंद का नियम लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड रविवार को जिम्बाब्वे के हरारे में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा। अभी वनडे में दो नई सफेद कूकाबुरा गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाजों द्वारा प्रत्येक छोर से अलग-अलग नई गेंदों का इस्तेमाल करने के कारण गेंद सख्त बनी रहती है जिससे बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का फायदा मिलता है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया, आईसीसी क्रिकेट समिति ने तीन नियमों में बदलाव की सिफारिश की है। वनडे क्रिकेट में एक सफेद गेंद का उपयोग, टेस्ट मैच में ओवर रेट की जांच के लिए क्लाक टाइमर का उपयोग और अंडर 19 पुरुष विश्व कप को 50 ओवर से टी20 में बदलना।

## मप्र, मणिपुर और पंजाब सेमीफाइनल में

**झांसी, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 में हुए क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में मध्य प्रदेश, मणिपुर और पंजाब ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। आज यहां दिन के पहले मैच में, चार क्वार्टर में 1-1 की बराबरी के बाद मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को शूटआउट में 4-2 से हराया। प्रताप लाकड़ा ने (छठे) मिनट पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर खेल की शुरुआत में मध्य प्रदेश को बढ़त दिलाई। तीन मिनट बाद महाराष्ट्र ने आकिब रहीम ने (नौंवे) मिनट में मैदानी गोल कर स्कोर एक-एक से बराबर कर दिया। इसके बाद हुए शूटआउट में सुंदरम सिंह राजावत, श्रेयस धूपे, अली अहमद और प्रताप लाकड़ा ने मध्य प्रदेश के लिए गोल किए। महाराष्ट्र के लिए देविन्दर वाल्मीकि और वेंकटेश केंचे ही एकमात्र स्कोरर रहे, जबकि मध्य प्रदेश के गोलकीपर संजय बी ने महत्वपूर्ण बचाव करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई।

# मुंबई इंडियंस ने 206 रनों को दिया लक्ष्य

## तिलक वर्मा ने 26 गेंद पर फिफ्टी लगाई



**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के 29वें मैच में 206 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। तिलक वर्मा ने फिफ्टी लगाई। दिल्ली के लिए स्पिनर कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। टीम से तिलक वर्मा ने 59, रायन रिकेलटन ने 41, सूर्यकुमार यादव ने 40 और नमन धीर ने 38 रन बनाए। मुंबई ने 20वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। मुकेश कुमार ने तिलक वर्मा को ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्र पर कैच कराया। तिलक वर्मा ने 17वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने मोहित शर्मा के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के सथ तिलक ने 26 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। वे इसी ओवर की आखिरी गेंद पर स्टॅ भी हो गए थे। हालांकि, रिव्यू लेने के कारण नॉटआउट रहे। तिलक ने 59 रन बनाए।

# गुयाना के पर्माउल और एंडरसन पर गेंद की स्थिति बदलने के लिए लगा जुर्माना

■ **एंडरसन ने भी जुर्माने की सजा को स्वीकार कर लिया है**

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता।** गुयाना हार्पी ईगल्स के खिलाड़ियों वीरासामी पर्माउल और केवलन एंडरसन पर त्रिनिदाद एवं टोबैगो रेड फोर्स के खिलाफ वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप के सातवें और अंतिम राउंड के मैच के दौरान 'गेंद की स्थिति बदलने' पर भारी जुर्माना लगाया गया है।

क्वींस पार्क ओवल में वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप के सातवें मैच के दौरान पर्माउल और एंडरसन पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस्टोफर टेलर और लेस्ली रीफर जूनियर ने लगाया था। क्रिकेट वेस्टइंडीज के बयान के अनुसार मैच के पहले दिन सीडब्ल्यूआई की आचार संहिता के लेवल 2 उल्लंघन के लिए पर्माउल पर मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि उन्होंने अपराध और मैच रेफरी माइकल रागुनाथ की सजा को स्वीकार कर लिया है। वहीं एंडरसन पर तीसरे दिन त्रिनिदाद और टोबैगो की दूसरी पारी के दौरान इसी तरह के अपराध के लिए मैच फीस का 90 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एंडरसन ने भी जुर्माने की सजा को स्वीकार कर लिया। सीडब्ल्यूआई ने कहा कि प्रत्येक मामले में गेंद बदल दी गई थी और बल्लेबाजी करने वाली टीम को गेंद चुनने का विकल्प दिया गया था। इसके अतिरिक्त, गुयाना के रोनाल्डो अलीमोहम्मद पर आचार संहिता के अनुच्छेद 2-1-2-5 - अनुचित और/या खतरनाक तरीके से खिलाड़ी या अधिकारी पर या उसके निकट गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान जैसे पानी की बोतल) फेंकनाह के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 65 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इनमें से पर्माउल एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

# फिटनेस और नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए तीन हजार लोगों ने लिया 'वैसाखी मैराथन' में भाग

● **मैराथन युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का एक जन आंदोलन है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिटनेस और नशा मुक्ति के प्रति जागरुकता को लेकर रविवार को तीन हजार से अधिक लोगों ने 'वैसाखी सुप. रसिख 5के मैराथन' के तीसरे संस्करण में भाग लिया। विश्व पंजाबी संगठन और सन फाउंडेशन ने राज्यसभा सांसद डॉ-विक्रमजीत सिंह साहनी के संरक्षण में रविवार को कनॉट प्लेस में इस मैराथन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। नशे को न कहें और फिट इंडियाह थीम वाली इस मैराथन में सभी आयु समूहों के तीन हजार से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वैसाखी के त्योहार को मनाया। इस अवसर पर डॉ. साहनी ने कहा कि फिट इंडिया के संदेश को अपनाने में नागरिकों का इतना जबरदस्त उत्साह देखना बहुत आनंदवर्धक है। वैसाखी के पवित्र अवसर पर, हम अपने समाज की शारीरिक और मानसिक भलाई के लिए खुद को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का एक जनांदोलन है। आज के समय में, जब नशीले पदार्थों का सेवन युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा है । ऐसे हमें सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए। बच्चों को इस बाबाद सजग व शिक्षित करना और समाज को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना नशा मुक्त भारत बनाने का सबसे प्रभावी तरीका है। प्रतिभागियों के असाधारण प्रयासों को मान्यता देने के लिए, विभिन्न श्रेणियों के तहत कई प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए।

● **अभिषेक का शतक, हैदराबाद ने रचा इतिहास**

# आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज

■ **अभिषेक ने 141 और ट्रैविस हेड ने 67 रनों की पारी खेली**



**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज कर दिखाया। दूसरे मैच में टीम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 246 रन का टारगेट 18 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम से ओपनर अभिषेक शर्मा ने अपना पहला शतक लगाया, उन्होंने 141 रन की पारी खेली। हैदराबाद से ट्रैविस हेड ने भी 67 रन बनाए, उन्होंने अभिषेक के साथ 171 रन की पार्टनरशिप की। हर्षल पटेल ने 4 विकेट लिए। पंजाब किंग्स से कप्तान श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाकर टीम को 245 रन तक पहुंचाया था। राजीव गांधी स्टेडियम में पंजाब ने ही बैटिंग भी चुनी थी। एसआरएच ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज किया। इससे पहले 2024 में पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन चेज किए थे। कमाल की बात यह है कि तब कोलकाता के कप्तान भी श्रेयस अय्यर ही थे। यानी आईपीएल इतिहास के 2 सबसे सफल रन चेज श्रेयस की कप्तानी वाली टीमों के खिलाफ ही हुए। 246 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी एसआरएच को अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। पावरप्ले में वे यश ठाकुर के खिलाफ नो बाल पर कैच हुए। यहां से उन्होंने बड़े-बड़े शाट्स खेले और पंजाब किंग्स को बैकफुट पर धकेल दिया। अभिषेक ने 40 गेंद पर अपने आईपीएल करियर का पहला शतक लगाया। वे 141 रन बनाकर आउट हुए। आईपीएल डेब्यू कर रहे मलिंगा ने मिडिल ओवर्स में बालिंग की। उन्होंने 2 विकेट लिए। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह और नेहल वाधेरा को पवेलियन भेजा। मिडिल ओवर्स में बालिंग करते हुए हर्षल ने 4 विकेट लिए। उन्होंने श्रेयस अय्यर, ग्लेन मैक्सवेल, प्रियांश आर्या और शशांक सिंह को पवेलियन भेजा। उन्हीं की बालिंग ने पंजाब को कम स्कोर पर रोका। अभिषेक के साथ ओपनिंग करने उतरे हेड ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 67 रन बनाए और टीम का स्कोरिंग रेट तेज बनाए रखा। पंजाब किंग्स से कप्तान श्रेयस अय्यर ही फाइट दिखाते नजर आए। उन्होंने 36 गेंद पर 82 रन की पारी खेली और टीम को 245 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। हालांकि, उन्हें गेंदबाजों का साथ नहीं मिला और टीम 19वें ओवर में ही हार गई।

# 8 वर्षों में यूपी ने लिखी विकास की गाथा: मनोज

## प्लाईवुड मैन्यूफेक्चर्स वैलफेयर एसोसिएशन के संवाद व समाधान कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास की एक गाथा लिखी है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आज आईआईटी रूड़की कैंपस में प्लाइवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संवाद व समाधान कार्यक्रम में उद्यमी, किसान, निर्यातक एवं प्रबुद्धजन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवस रपर मण्डलायुक्त अटल कुमार राय, जिलाधिकारी मनीष बसंल एवं अशोक अग्रवाल ने मुख्य सचिव को ओडीओपी उत्पाद काष्ठ प्रतिमा भेंट की। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने विभिन्न उद्यमियों, प्रबुद्धजनों की समस्याओं का अनुश्रवण कर संबोधन करते हुए




कहा कि विगत 8 वर्षों के शासनकाल में उत्तर प्रदेश की जीडीपी एवं प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। अब यूपी में पर कैपिटा इनकम 1.25 लाख है। उत्तर प्रदेश के औद्योगीकरण को बढ़ाने के लिए 25 प्रकार की नीतियों का निर्माण किया गया है। इन नीतियों के निर्माण के दृष्टिगत अन्य प्रदेशों को भी ध्यान में रखा गया है। सरकार द्वारा उद्यमियों को बढावा देने के लिए एफडीआई, एफसीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 एवं फॉर्च्यून इंडिया 500 कम्पनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति 2023 बनाई गयी है। इसके तहत कम्पनियों को भूमि खरीद में 75 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की गयी। मुख्य सचिव श्री सिंह ने किसानों से अपील की कि अपने उत्पादों को अमीर देशों को बेचें जिससे अधिक आय अर्जित की जा सके। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट में उपलब्ध तकनीकि सुविधाओं तथा प्रशिक्षण का भी उल्लेख किया। मुख्य सचिव ने समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए तकनीकि समृद्धि हेतु रिसर्च एवं डवलपमेंट के लिए सैन्टर ऑफ ऐक्सिलेंस स्थापित करने हेतु 10 करोड़ रूपये देने की बात कही। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए संवाद बनाएं तथा शोध के माध्यम से तकनीकि विकास करें। उन्होंने उत्तर प्रदेश में बढ़ते एक्सप्रेस का भी उल्लेख करते हुए कहा कि देश के 45 प्रतिशत एक्सप्रेस वे तथा 12 एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में है। 90 लाख एमएसएमई यूपी के पास है। ओडीओपी में जनपद के अन्य प्रमुख उत्पादों को भी शामिल किया जा रहा है। मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि सहारनपुर मण्डल कृषि प्रधान मण्डल है। यहां के कृषक बंधु प्रगतिशील हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था 04 ट्रिलियन डॉलर के नजदीक है। इसे 05 ट्रिलियन डॉलर पंहुचने में देर नहीं लगेगी। प्लाइवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि आज सरकार दरवाजे पर आई है। इसलिए उद्यमियों का समस्याओं का हल निश्चित तौर पर होगा। उन्होने सहारनपुर प्लाइवुड इण्डस्ट्री को विकसित करने के लिए उद्यमियों का प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को निदेशक आईआईटी रूडकी प्रो. के.के. पन्त ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर संयोजक प्रवीण सडाना, प्रमोद मिगलानी, ऋषभ अग्रवाल, अनूप खन्ना सहित कृषक बंधु, उद्यमी, निर्यातक उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाए समाज: नरेंद्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि समाज के लोग राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अपने गौरवशाली इतिहास को बनाये रखे।

नरेंद्र कश्यप आज महाराज सिंह कालेज मैदान पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजेंद्र कश्यप द्वारा आयोजित महर्षि कश्यप जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी योगी की सरकार में कश्यप समाज को पूरा सम्मान मिला है और कश्यप समाज ने भी भाजपा का डटकर साथ दिया। इसके अलावा मेयर डा.अजय कुमार सिंह, शहर विधायक राजीव गुंबर, गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, नकुड विधायक मुकेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.मांगेराम ने भी अपने विचार रखे और भाजपा सरकार के कार्यकाल की उपब्धियों से समाज को अवगत कराया। पूर्व जिलाध्यक्ष विजेंद्र कश्यप ने आये सभी अतिथियों का आभार जताया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय कश्यप महासंघ के जिलाध्यक्ष धनप्रकाश कश्यप, मास्टर मुकेश कश्यप, नीरज कश्यप, डॉक्टर आर कश्यप, विश्वास कश्यप, आजाद कश्यप, शुभम कश्यप, हिमांशु कश्यप, राहुल कश्यप, मदनपाल कश्यप, पंकज कश्यप, पंकज मधुकर, शीशपाल फखरेड़ा, राजपाल कश्यप, विजय कश्यप, प्रदीप कश्यप, जयपाल कश्यप, रवि कश्यप, सत्यपाल कश्यप, सतीश कश्यप, प्रधान रमेश कश्यप, प्रधान राजपाल कश्यप, प्रधान ब्रजेश कश्यप, डॉक्टर राजेंद्र कश्यप, प्रो. संदीप कश्यप, मनीष कश्यप, सौरभ कश्यप आदि हजारो की संख्या में कश्यप समाज के लोग उपस्थित रहे।

### धर्मेन्द्र देशवाल बसपा से निकष्कासित

**सहारनपुर।** बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने धर्मेंद्र देशवाल को संगठन विरोधी गति. विधियों में लिप्त पाए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने पार्टी सुप्रीमो के निर्देशानुसार धर्मेंद्र देशवाल को संगठन विरोधी कार्य करने में लिप्त पाए जाने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।

# भूसे से भरा ट्रक पलटा, मार्ग बाधित

**सरसावा।** पंचकूला रुड़की नेशनल हाई वे 344 ए पर झबीरण के समीप तेजी से जा रहे डंपर ने आगे चल रहे भुसा से भरे ट्रक मे पीछे से टक्कर मारी टक्कर लगते ही भुसे से भरा ट्रक सड़क पर पलट गया जिसके चलते कुछ देर के लिए मार्ग बाधित रहा।

रविवार सुबह करीब 10:00 नेशनल पर गांव झबीरण के समीप निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने आगे चल रहे भूसे से भरे ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे ट्रक हाईवे पर पलट गया।इस दुर्घटना मे डंपर चला रहे चालक कादिर पुत्र गुफरान व ट्रक चालक गुलरेज पुत्र कललू चोट लगने से घायल हो गए। मौके पर पहुंची मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी के सिपाहियों ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करा दोनों घायलों को ईलाज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जो खतरे से बाहर है इस दुर्घटना मे डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया समाचार लिखे जाने तक किसी की ओर से थाना मे कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

❑**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में कुलाधिपति के द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश पुस्तिका का विमोचन किया गया। कुलाधिपति ने कहा कि "शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह एक समग्र विकास की प्रक्रिया की ओर उन्नमुख हो"।

# खजूर रविवार पर इसाई समाज ने निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खजूर रविवार के मौके पर ईसाई समाज ने हाथ में खजूर की डाली लेकर जुलूस निकाला।

सीक्रेट हार्ट चर्च में प्रार्थना सभा के बाद फादर जोन व फादर मैथ्यू नरेश ने आर्शीवचन दिया। फादर मैथ्यू नरेश ने बताया आज के दिन यीशु मसीह को एक गधी पर बिठाकर जेरूसलम शहर में जब प्रवेश कर रहे थे तो वहां की जनता ने खजूर की डाली डालकर रास्ते में उनका स्वागत किया था और नारे लगाए थे होस्ना



होस्ना इसका मतलब होता है प्रभु हमारे गुनाह माफ कर दो और हमें पाप के रास्ते से बचा ले। जलूस में इसाई समाज के लोगों के हाथों में खजूर की पत्तियां लेकर हाथों में चल रहे थे और साथ में प्रार्थना भी कर रहे थे।

इस मौके पर सिस्टर प्रिंसिपल जरीन, सिस्टर प्रिंसिपल जीवन लता, सिस्टर प्रिंसिपल मेंवेल, अर्चना जॉय, लुईजा, एंजेला विक्टर, गुड्डू, एवलिन मेसी, माइकल सोलोमन, मास्टर अजय, अनस्ट मेसी, अलेक्स जॉय, ईवा, ज्योति मसीह, आकाश, नैना मसीह, प्रमिला, आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार पर जानलेवा हमला, खामोश पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बा अंबेहटा में दबंगों ने कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए एक पत्रकार के घेर में घुसकर न केवल खुलेआम चोरी की कोशिश की है, बल्कि विरोध करने पर जानलेवा हमला भी कर दिया।

पीड़ित पत्रकार आस मोहम्मद पुत्र सुलेमान एक दैनिक समाचार पत्र से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को कुछ दबंग उनके घर में घुस आए और दुधारू भैंस को चोरी करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दबंगो ने उनके साथ हाथापाई शुरू करदी। इस बाबत जब पत्रकार घटना की तहरीर देने चौकी परिसर पहुचे तों दबंगो ने चौकी परिसर के भीतर ही पत्रकार के साथ मारपीट शुरू करदी और वीडियो बना रहे पत्रकार का मोबाइल भी छीन कर फरार हो गये।

हमले में पत्रकार के साथ उनके भाई व अन्य परिजन घायल हो गए। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित द्वारा कोतवाली में लिखित तहरीर देने के बावजूद पुलिस प्रशासन ने प्रकरण में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह न प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करता है कि आखिर सहारनपुर में पत्रकार कितना सुरक्षित है। घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों व प्रेस क्लब ने इस कायराना हमले की तीखी निंदा की है और चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# मुख्य सचिव को सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त शिक्षक संघ ने शासन के मुख्य सचिव को निजी स्कूलों की समस्याओं के संबंध में दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक मलिक के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में बढ़ते भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त करते हुए भगवती देवी पब्लिक स्कूल लेबर कॉलोनी और बीडीएम पब्लिक स्कूल शांति नगर ब्राइट स्टार जूनियर हाई स्कूल एवं रिचर्चा पब्लिक स्कूल सहित एक दर्जन से अधिक स्कूलों के अभिभावकों की प्रोत्साहन राशि स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति व अभिभावकों का किताबो ड्रेसो का पैसा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी



के द्वारा प्रोत्साहन राशि एवं फीस प्रतिपूर्ति रोकने के आदेश भी जारी नहीं किया।

उधर स्कूल प्रबंधक डॉक्टर अशोक मलिक ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा भगवती देवी पब्लिक स्कूल लेबर कॉलोनी की शिकायतकर्ता ने शिकायत भी नहीं की और बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा 2016 से आरटीई के द्वारा निशुल्क बच्चों के प्रवेश दिए जा रहे थे जिनकी संख्या 2024 -25 में 84 बच्चों की थी जिसका जिला अधिकारी द्वारा गठित समिति ने 26 नवम्बर 2024 को सत्यापन खंड शिक्षा अधिकारी गंगोह ने किया था जिसमें 84 बच्चों में से 80 बच्चे उपस्थित पाए और चार बच्चे बीमारी के कारण अनुपस्थित रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए नोटिस में कहीं भी 84 बच्चों की जांच स्कूल के खिलाफ नहीं की गई इसके बावजूद भी 3 वर्षों का 13 लाख 1850 पैसा रोक दिया है।

इस अवसर पर अमजद अली एडवोकेट अनिल सचदेवा गययूर आलम अजय सिंह रावत प्रवीण गुप्ता केपी सिंह लक्ष्य मलिक आदि उपस्थित रहे।

### नशीली दवाआं का तस्कर दबोचा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने नशीली प्रतिबंधित दवाईयों की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

रविवार को थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपी नशा तस्कर साबिर पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम सालीरी थाना चिलकाना को फतेह के बाग के सामने खडन्जे पर जंगल ग्राम नाल्हेडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी का दूसरा साथी आलिम पुत्र नसीम निवासी ग्राम अम्बेहटा पीर थाना नकुड मौके से फरार हो गया था जिसकी तलाश करते हुए पुलिस टीम ने कुछ घण्टो बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी साबिर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### जन्मोत्सव मनाया

**सहारनपुर।** बेरीबाग स्थित गीता मंदिर की तत्ववावधान में विगत रात्रि हनुमान जी का जन्मोत्सव भजन कीर्तन के साथ मनाया गया।

देर रात्रि तक भक्तों की संख्या मंदिर में बढ़ती रही। मंदिर के कथा वाचक पंडित अरुण कौंडिण्य ने हनुमान जी के भजन वीर हनुमाना अति बलवाना के साथ बाबा हमको दिजिए जन्म जन्म का साथ और राम जी चले ना हनुमान के बिना भजन सुनाकर वातावरण भक्ति में कर दिया। इस पावन मौके पर रवि बख्शी ने हनुमान जी की रोचक बाते बताई। सभी ने खूब सराहा। सोनिया खेड़ा ने बधाई गीत गाया। आरती मैं मुख्य रूप से सुरिंदर क्वात्रा, रमेश चंद्र छबिला, राजू खेड़ा, बलदेव राज गाँधी, भूषण, पार्षद दीपक रहेजा, सरदार तेजेंद्र सिंह, नीरज कामरा, अजय छोकरा आदि उपस्थित रहे। महा आरती के बाद भंडारा वितारित किया गया।

# बिना सत्यापन बेच सकेंगे गेंहू: श्रीकृष्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संभागीय खाद्य विपणनन अधिकारी श्रीकृष्ण ने कहा कि सरकारी कय केन्द्रों पर अब किसान 100 कुन्तल से अधिक मात्रा का भी गेहू तहसील से सत्यापन कराये बिना ही बेंच सकते हैं। सत्यापन में हो रहे बिलम्ब की शिकायत प्राप्त होने पर यह निर्देश जारी किये गये है।

श्रीकृष्ण ने बताया कि अभी तक मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूँ खरीद में कृषक के पंजीकरण के बाद तहसील में खतौनी के अनुसार रकबे का सत्यापन करना पडता था। रकबे के अनुसार पैदावार का आकलन होने के बाद किसान अपनी सत्यापित मात्रा की ही उपज बेच सकते थे। मात्र 100 कु. से कम मात्रा की उपज बेचने पर सत्यापन नहीं कराना पडता था किन्तु इससे अधिक मात्रा की पैदावार

**सत्यापन में हो रहे विलंब की शिकायत पर जारी हुए निर्देश**

वाले किसान को उपज का सत्यापन होने के बाद ही सरकारी कय केन्द्रों पर खरीद हो सकती थी। ऐसे में बडे काश्तकार जिनकी पैदावार 100 कु. से अधिक थी उन्हें सत्यापन कराने में कठिनाईयों का समना करना पड रहा था एवं वे अपना गेहूँ मडाई होने के तुरन्त बाद नहीं बेच पा रहे थे क्योंकि सत्यापन में समय लग रहा था।

उन्होंने कहा कि 100 कु. से अधिक पैदावार वाले पंजीकृत कृषकों के सत्यापन में विभिन्न कारणों से बिलम्ब की शिकायत प्राप्त होने फलत: खरीद प्रभावित होने के दृष्टिगत इस कृषकों की उपज के सत्यापन से भी छुट प्रदान कर दी गई है। अब कोई भी कृषक बिना सत्यापन कराये अपनी उपज को सरकारी कय केन्द्रों पर बेच सकता है। यह सुविधा 15 मई या अग्रिम आदेश जारी होने तक के लिए ही की गयी है।

उन्होंने बताया कि जनपदों में गेहूँ के उत्पादकता में असमानता एवं अभिलेखों में त्रुटि आदि के दृष्टिगत कृषक हित में कय नीति में 300 प्रतिशत की सीमा तक गेहूँ विकय की अनुमति भी प्रदान की गयी है। सत्यापन कराने से छूट मिलने से किसानों को हो रही असुविधा समाप्त होगी और कोई भी कृषक मात्र पंजीकरण कराकर कय केन्द्रों पर गेहूँ विकय कर सकता है। उक्त छूट प्रदान किये जाने से अब बडे कृषक भी सरकारी कय केन्द्रों पर अपनी उपज बेंचेगें एवं सरकारी खरीद में तेजी आयेगी।

### हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाया

**गंगोह।** श्री बालाजी धाम में 21वां हनुमान जन्मोत्सव समारोह परम्परागत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पौ फटने तक श्रद्धालुजन भी भक्ति रस गंगा में गोते लगाते रहे। पूर्व सांसद, विधायक, राजनेता, अधिकारी, व्यापारी, किसान मजदूर कीर्तन का आनन्द लूटते दिखें।

श्री बालाजी संकट मोचन सेवा समिति द्वारा पवित्र कंकराली सरोवर में आयोजित जागरण से पहले महंत सुशील शर्मा ने सपत्नीक सुनीता शर्मा के साथ पं. रोहित शर्मा के पुरोहित्व में गणेशादि देवों का आहवान पूजन किया। कलश पूजन, धर्मध्वजा प्रतिष्ठापना व ज्योति प्रज्ज्वलित कुंवर शेखर विजेन्द्र, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक असंद हरियाणा योगेन्द्र राणा, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, मोल्ड़मल गर्ग, सुरेन्द्र कपिल ने की।

# उर्दू कवियों को पेश की खिराजे अकीदत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इस्लामिया डिग्री कालेज में उर्दू के मुख्य चार अंतर्राष्ट्रीय कवियों मीर तकी मीर, गालिब, मीन अनीस और अल्लामा इकबाल को खिराजे अकीदत पेश की गई।



कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रो.जलाल उमर ने गालिब की शायरी पर तकरीर की और प्रो. जमील मानवी ने अल्लामा इकबाल पर अपने ख्यालात का इजहार किया। प्रो.जी.ए.जैदी ने मीर अनीस को संसार का महान कवि बताया। प्रख्यात चिंतक व पत्रकार डा.शाहिद जुबैरी ने कवियों के व्यक्तित्व और उनकी शायरी के महत्व को बताया। काजी शौकत और डा.आर.के.शर्मा ने छात्र-छात्राओं की हौंसला अफजाई की।

नुसरत परवीन ने शायरी के महत्व और प्रभाव पर प्रकाश डाला। डा.कुदसिया अंजुम ने उर्दू साहित्य को बढावा देने और इस तरह के आयोजन कराने का आहवान किया। डा.गुलफशान ने इकबाल का तराना पेश किया। अब्दुर्रहमान ने भी अपने विचार रखे।

छात्रा सना सदीन ने निजामत की और नबिया, मरहबा ने लेख प्रस्तुत किये।

# निगम व आबकारी के प्रति जताया रोष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** होटल एसोसिएशन ने निगम द्वारा टेक्स बढ़ाने और आबकारी द्वारा बार पर एमआरपी बढाये जाने पर रोष व्यक्त किया।

रेलवे रोड स्थित एक होटल में आयोजित एसोसिएशन की बैठक में अध्यक्ष राकेश गंभीर ने कहा कि नगर निगम द्वारा होटल बिल्डिंग और बैंक्वेट हॉल पर लगाए गए अत्यधिक करों से व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले ही होटल उद्योग बड़ी विपत्ति में है,और इन करों को बढ़ाना उद्योग के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि इन करों को जल्द से जल्द वापस लिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त आबकारी विभाग के एमआरपी टैक्स पर चिंता व्यक्त कि गयी।

रमणदीप सिंह लकी, शारिक अहमद, अरविंदर सिंह बिट्टू, जॉइंट सेक्रेटरी मणिक ठकराल, जॉइंट ट्रेजरर लविश पोपली, मीडिया चेयरमैन करण बजाज ने भी अपने विचार रखे। एसोसिएशन ने योगी सरकार की नीति पर सवाल उठाया, जिसने निवेशक सम्मेलन में होटल उद्योग को सब्सिडी और राहत प्रदान करने की घोषणा की थी। लेकिन वर्तमान नीतियों ने होटल उद्योग को नुकसान की ओर धकेल दिया है। एसोसिएशन ने मांग की है कि सरकार अपनी नीतियों को पुन: समीक्षा करे और होटल उद्योग को राहत प्रदान करे। एसोसिएशन ने नगर निगम और आबकारी विभाग से मांग की है कि वे होटल उद्योग की समस्याओं को समझें और इन करों को वापस लें।

# धूमधाम से निकाली बालाजी शोभायात्रा

**सहारनपुर।** श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ 2025 के के उपलक्ष में आज मंगल कलश शोभायात्रा निकल गई जिसका विभिन्न स्थानों पर बाजारों में व्यापारियों ने स्वागत किया।

मोहल्ला चौंतला स्थित सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा मंदिर अधिष्ठाता प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा के साथ चल रहे श्री बालाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम में आज प्रात:काल श्री बालाजी महाराज को मंदिर अधिष्ठाता राकेश मोहन शर्मा सुरेंद्र मोहन शर्मा अजय शर्मा विजय शर्मा ने संयुक्त रूप से श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण कर और प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने श्री बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कर्मठ टेक आशीर्वाद



प्राप्त किया। देर शाम पूजा अर्चना के साथ मंगल कलश शोभायात्रा निकल गई जिसमें सौभाग्यशाली 101 महिलाओं ने मंगल कलश के साथ यात्रा में भाग लिया। मंगल कलश शोभा यात्रा आज मंदिर परिसर से आरंभ हुई जिसमें सबसे आगे एक युवा धर्म ध्वजा लिए चल रहा था नगर के प्रमुख प्रमुख बैण्ड धार्मिक धुन बजाकर वातावरण को राधिक भक्तिमय कर रहे थी। इनके अलावा विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां शोभायात्रा को अधिक आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा में मुकेश सिंघल उज्जवल मित्तल राकेश मित्तल पीयूष मित्तल श्री बालाजी महाराज के सारथी का दायित्व निभा रहे थे तो वहीं मणि गुप्ता श्री प्रेतराज सरकार एवं मुकेश चौरसिया कमल अरुण और नितिन श्री भैरव जी महाराज के रथ के सारथी का दायित्व निभा रहे थे। मंगल कलर शोभा यात्रा का बाजारों में व्यापारियाँ पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री संजय गर्ग पवन गोयल, मुकेश चौरसिया, दिनेश गर्ग, राजेश मिगलानी, अजय वर्मा, विजय सिंगल,राकेश मित्तल, मुकेश मित्तल, विजय गर्ग, सतीश सिंगल,सुनील कुमार,आशू रोहिल्ला, प्रवीण अरोड़ा,राकेश सिंगल, संदीप सिंगल संजय भारद्वाज आदि शामिल रहे।

### गांव चलो अभियान में किए बालाजी के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत विधानसभा के ग्राम खालिदपुर में पहुंचे विधायक किरतसिंह ने गांव में आयोजित हनुमान जयंती उत्सव में भाग लिया। बाबा के दर्शन कर उनसे गांव की खुशहाली व अमन चौन और आपसी प्रेम व भाईचारा बढाने की प्रार्थना की। इस शुभ अवसर पर आयोजित भंडारे में पहुंचकर सबके साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामवासियों से चाय पर चर्चा करके गांव की समस्याओं को जाना और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया।

# सुप्रीम फैसले पर टिप्पणी

बिलों को रोकने को लेकर राज्यपाल व राष्ट्रपति के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले के बाद देश में एक नई बहस शुरू हो गई है। केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ओवररीच बताया। ओवररीच का मतलब होता है कोर्ट का सीमा पार कर कार्यपालिका और विधायिका में दखल देना है। आर्लेकर यहां तक कह गए कि कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रह जाएगी। असल में देश की शीर्ष अदालत में आठ अप्रैल को तमिलनाडू सरकार और राज्यपाल के मामले में एतिहासिक फैसला सुनाया था जिस में स्पष्ट कहा था की राज्यपाल को विधानसभा की और से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया था। शनिवार को भी एक एतिहासिक फैसला सुप्रीम कोर्ट ने दिया जो राष्ट्रपति के संबंध में था। जिस में उसने कहा था कि राष्ट्रपति राज्यपाल द्वारा भेजे गए बिल को तीन महीने से अधिक समय तक नहीं रोक सकते और यदि वह रोकते है तो उन्हे इसका कारण बताना होगा। तमिलनाडू सरकार की तरह ही केरल की सरकार भी इस तरह के मामले में सुप्रीम कोर्ट गई है जिस पर 13 मई को सुनवाई होनी है। केरल के राज्यपाल सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से कुछ ज्यादा ही खफा दिखाई दे रहे है। तभी तो वह उसको उसकी हद तक बताते दिखाई दे रहे है। उनका कहना है कि संविधान में गवर्नर के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की कोई समय सीमा नहीं है। इस लिए कोर्ट द्वारा तीन महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन तय करने जैसा ही है। रविवार को दिए अपने बयान में उन्होंने यह तक कह डाला कि दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते और यह भी कि न्यायपालिका खुद कई मामलों को वर्षों तक लंबित रखती है ऐसे ही राज्यपाल के पास भी बिल को लंबित करने के कारण हो सकते है। उनका यह भी कहना था कि केरल राजभवन में कोई भी लंबित नहीं है। कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए। असल में देखने में आ रहा है कि कई राज्यों विशेषकर गैर भाजपा राज्य सरकारों में राज्यपाल व राज्य सरकारों के बीच जो बेहतर सरकार चलाने के लिए माहौल होना चाहिए वह नहीं बन पा रहा है। राज्य सरकारों का कहना रहा है कि राज्यपाल केंद्र के इशारों पर गैर भाजपा सरकारों को परेशान करते है। तमिलनाडू में भी हम देख रहे थे कि वहां के राज्यपाल आरएन रवि और मुख्यमंत्री स्टालिन के बीच छत्तीस का आंकड़ा चल रहा था। वहां जो बिल विधानसभा में पारित हो रहे थे उनपर राज्यपाल हस्ताक्षर नहीं कर रहे थे। इसी बात को लेकर तमिलनाडू सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। बात केवल तमिलनाडू तक ही नहीं है चाहे पश्चिम बंगाल हो या पंजाब या केरल जहां भी भाजपा की सरकारें नहीं है वहां राज्यपाल व सरकारों के बीच संबंध नाजुक दौर में है दिल्ली में भी हमने ऐसा ही नजारा आप की सरकार के समय में देखा था। केरल के राज्यपाल जो नाराजगी जता रहे है उसका कोई मतलब नहीं है, क्योंकि यह अब आम धारना बन चुकी है कि राज्यपाल केंद्र के इशारे पर काम करते हैं।

## संविधान में बिल पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं



कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रह जाएगी। संविधान में राज्यपालों के लिए विधायकों पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं है। कोर्ट द्वारा तीन महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन जैसा है। दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते। न्यायपालिका खुद मामलों को वर्षों तक लंबित रखती है ऐसे में राज्यपाल के पास भी कारण हो सकते है। जहां तक बात केरल राज्य की है। केरल राजभवन में कोई भी लंबित नहीं है कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए है। सुप्रीम कोर्ट का आया फैसला उनकी समस्या ज्यूडिशियल आवेररीच है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सीमा को लांघा है, जोकि ठीक नहीं है। इस तरह के दखल से बचा जाना चाहिए।

**राजेंद्र आर्लेकर**
**राज्यपाल, केरल**

---

**डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर विशेष**

## संघर्ष, साहस व सेवा का प्रतीक रहा अंबेडकर का संपूर्ण जीवन

# नया भारत गढ़ने वाले महापुरुष थे डा. अंबेडकर

**14 अप्रैल 1891 को एक गरीब दलित परिवार में जन्मे डा. भीमराव अंबेडकर एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल समाज के दलित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया बल्कि समूचे भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का भी संदेश दिया**



**श्वेता गोयल**

महाराष्ट्र के महू में 14 अप्रैल 1891 को एक गरीब दलित परिवार में जन्मे डा. भीमराव अंबेडकर एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल समाज के दलित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया बल्कि समूचे भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का भी संदेश दिया। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब भारतीय समाज में जाति-व्यवस्था के कारण दलितों को घोर अपमान और भेदभाव का सामना करना पड़ता था लेकिन उनके पिता ने उस दौर में भी शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को शिक्षित करने का हरसंभव प्रयास किया। डा. अंबेडकर की प्रारंभिक शिक्षा सतारा में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने बंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में डिग्री प्राप्त की।

तत्पश्चात उन्होंने अमेरिका के कोलंबिया विश्व. विद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा ग्रहण की, जहां उन्होंने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनकी शिक्षा ने उन्हें न केवल सामाजिक मुद्दों की गहराई से समझने की क्षमता प्रदान दी बल्कि समाज सुधार के लिए आवश्यक उपकरण भी प्रदान किए। डा. अंबेडकर भारतीय समाज के ऐसे शिल्पकार थे, जिन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक सुधार और समाज के दलित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

अछूतों के अधिकारों के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया और उन्हें समान अधिकार दिलाने के लिए कई आंदोलन भी चलाए, जिनमें महाड़ सत्याग्रह, मनुस्मृति दहन और पूना पैक्ट इत्यादि प्रमुख थे। 1927 में चलाया गया 'महाड़ सत्याग्रह' आंदोलन दलितों को सार्वजनिक जल स्रोतों का उपयोग करने के अधिकार के लिए था, जिसके जरिये अंबेडकर ने स्पष्ट किया था कि जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर किसी एक वर्ग का अधिकार नहीं हो सकता। 1927 में ही उन्होंने मनुस्मृति को जलाकर जातिवाद और भेदभाव के प्रतीक के रूप में इसका विरोध किया था। अंबेडकर का वह कदम जातिगत भेदभाव के खिलाफ एक साहसिक कदम था। महात्मा गांधी ने जब दलितों को अलग निर्वाचक मंडल देने के खिलाफ आमरण अनशन शुरू किया था, तब 1932 में अंबेडकर और गांधी जी के बीच 'पूना पैक्ट' समझौता हुआ था, जिसने दलितों को आरक्षित सीटों का अधिकार दिलाया। डा. अंबेडकर ने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा हथियार माना और उनका प्रसिद्ध नारा था 'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो'।

उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपनी स्थिति में सुधार कर सकता है और समाज में अपना स्थान बना सकता है। वह कहते थे कि हमें अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए और अपने अधिकारों के लिए यथासंभव संघर्ष करना चाहिए, इसलिए अपना आंदोलन जारी रखें और अपनी ताकतों को संगठित करें क्योंकि संघर्ष के माध्यम से ही शक्ति और प्रतिष्ठा आपके पास आएगी। उनका कहना था कि खोए हुए अधिकार कभी भी हड़पने वालों की अंतरात्मा की आवाज उठाने से वापस नहीं मिलते बल्कि अथक संघर्ष से मिलते हैं, बलि के लिए बकरियों का इस्तेमाल किया जाता है, शेरों का नहीं। डा. अंबेडकर का मानना था कि मनुष्य का जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। वह कहते थे कि जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक कानून द्वारा दी गई कोई भी स्वतंत्रता आपके लिए बेकार है। जिस व्यक्ति का मन स्वतंत्र नहीं है, भले ही वह जंजीरों में न हो, वह गुलाम है, स्वतंत्र व्यक्ति नहीं। समुदाय की प्रगति को लेकर डा. अंबेडकर का तर्क था कि वह किसी समुदाय की प्रगति को महिलाओं द्वारा हासिल की गई प्रगति के स्तर से मापते हैं। संविधान को लेकर अंबेडकर का कहना था कि संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं है बल्कि यह जीवन का वाहन है और इसकी भावना हमेशा युग की भावना है। भारतीय संविधान के निर्माता डा. अंबेडकर का कहना था कि समाज का विकास तभी संभव है, जब हर व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर मिले। उनका सबसे बड़ा योगदान भारतीय संविधान का निर्माण है। भारतीय संविधान को उन्होंने इस प्रकार बनाया कि यह भारत के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करे, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, लिंग अथवा वर्ग का हो। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समानता का अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, आरक्षण की नीति शामिल हैं। उन्होंने संविधान में हर नागरिक को समानता का अधिकार सुनिश्चित किया। यह अधिकार जाति, धर्म, लिंग अथवा क्षेत्र के आधार पर भेदभाव को समाप्त करता है। अल्पसंख्यक समुदायों को उनके सांस्कृतिक, शैक्षणिक और धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए भी उन्होंने संविधान में विशेष प्रावधान किए तथा अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए शिक्षा, नौकरियों और राजनीति में आरक्षण की व्यवस्था की ताकि समाज के इन वर्गों को मुख्यधारा में शामिल किया जा सके।

डा. अंबेडकर ने भारतीय समाज से जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उनका मानना था कि जाति व्यवस्था न केवल सामाजिक प्रगति में बाधक है बल्कि यह मानवीय मूल्यों के भी खिलाफ है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की भी वकालत की और उन्हें शिक्षा तथा रोजगार में समान अवसर दिलाने की दिशा में भी कार्य किया। डा. अंबेडकर ने मजदूरों के अधिकारों के लिए भी कई गंभीर प्रयास किए। उन्होंने 8 घंटे के कार्यदिवस की वकालत की और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कानून बनाए। वास्तव में डा. भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन संघर्ष, साहस और सेवा का प्रतीक रहा। अपने लेखन और भाषणों के माध्यम से उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर गहराई से अपने विचार प्रस्तुत किए। हमारे समाज में असमानता, जातिवाद और भेदभाव जैसी समस्याएं आज भी मौजूद हैं, ऐसे में डा. अंबेडकर के विचार और उनका जीवन हमें इन समस्याओं का समाधान खोजने की प्रेरणा देते हैं। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में डा. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया। दरअसल उनका मानना था कि बौद्ध धर्म के सिद्धांत समानता और करुणा पर आधारित हैं, जो जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।



---

# गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन बनाम ढाक के तीन पात

**2025 को संगठनात्मक पुनर्गठन के वर्ष के रूप में पहचान करते हुए कांग्रेस गुजरात पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए आक्रामक रुख अपना रही है, जो महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि है और जहां से उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी नरेंद्र मोदी आते हैं**



**अशोक भाटिया**

गुजरात में अधिवेशन कर कांग्रेस पार्टी लंबे समय से बीजेपी का गढ़ रहे राज्य में अपनी राजनीतिक ताकत को पुनर्जीवित करना चाहती थी। इसी के साथ कांग्रेस अपने जिला समितियों को भी उत्साहित करना चाहती थी थी कि आने वाले चुनावों को लेकर तैयार रहे। हाल ही में कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व दिल्ली में तीन बैचों में 862 जिला अध्यक्षों से मिल चुका है, जहां उन्हें मिलने वाले 'अभूतपूर्व अधिकार' के बारे में संकेत दिया गया था। जिला अध्यक्षों की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जिला अध्यक्षों से कहा था कि पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अहम है। साल 2025 को संगठनात्मक पुनर्गठन के वर्ष के रूप में पहचान करते हुए, कांग्रेस गुजरात पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए आक्रामक रुख अपना रही है, जो महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि है और जहां से उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी नरेंद्र मोदी आते हैं। गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन कर अपने कैडर को यह भी संदेश देना चाह रही थी कि वह प्रदेश में अपनी पहचान नहीं खोई है और वह मोदी और उनकी पार्टी बीजेपी से मुकाबले को तैयार है। अधिवेशन के लिए गुजरात के चुनाव पर वरिष्ठ पत्रकार मीनू जैन कहती हैं पिछले 10 साल से केंद्र में मोदी और अमित शाह काबिज हैं और दोनों ही गुजरात से आते हैं और कांग्रेस को वहां अपनी उपस्थिति दिखाना चाहती थी।

गौरतलब है कि 1960 में गुजरात राज्य के निर्माण के बाद 1961 में भावनगर में अखिल भारतीय कांग्रेस सम्मेलन आयोजित किया गया था। यह पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, मोरारजी देसाई, उच्छंगराय ढेबर की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। नीलम संजीव रेड्डी ने 1961 में कांग्रेस के 66वें सत्र की अध्यक्षता की थी। स्वागत समारोह था ठाकोरभाई देसाई। महासचिव जी. राजगोपालन, सादिक अली और महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण भी मौजूद थे। बलवंत राय मेहता खुद भावनगर में पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने पर जोर दे रहे थे। उस समय पंडित नेहरू की लो. कप्रियता काफी ज्यादा थी। चाचा नेहरू के दर्शन के लिए हजारों लोग भावनगर पहुंचे थे। भावनगर अधिवेशन में कांग्रेस ने राष्ट्रीय एकता समिति के गठन की घोषणा की और इंदिरा गांधी को समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नीलम संजीव रेड्डी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी में अनुशासन बनाए रखा जाना चाहिए और पार्टी कार्यकर्ताओं में मिशन की भावना पैदा की जानी चाहिए। अगले साल (1962) चुनाव होंगे, लोगों को आसानी से समझ लेना चाहिए कि हम क्यों खड़े हैं, हम चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बारी थी कि उन्होंने वही शब्द कहे जो नीलम संजीव रेड्डी ने 64 साल पहले अहमदाबाद में एक सम्मेलन में कहे थे। आजादी के बाद से देश और लगभग सभी राज्यों में कांग्रेस पार्टी सत्ता में थी। राष्ट्रीय स्तर पर कोई मजबूत और मजबूत विकल्प नहीं था जो कांग्रेस को चुनौती दे। कांग्रेस केंद्र में सत्ता में नहीं है। इनमें से दो कार्यकालों के लिए, 2014 से 2024 तक कांग्रेस लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद भी नहीं पा सकी क्योंकि उसके पास पर्याप्त संख्या नहीं थी। 10 साल के अंतराल के बाद पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में 100 सांसद चुने जाने के बाद कांग्रेस को विपक्ष के नेता का पद मिला है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्ष के नेता का पद कांग्रेस के पास है। चुनावी राजनीति में कांग्रेस असफल क्यों हो रही है? अहमदाबाद में कांग्रेस अधिवेशन में जब मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे, तब देश के कुछ पदाधिकारियों, विशेषकर महिलाओं ने कड़ा रुख अपनाया और कहा कि पार्टी की बार-बार विफलताओं के लिए पार्टी के कुछ नेता जिम्मेदार हैं।

राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक दो पदयात्राएं निकालीं। हजारों लोग उनके साथ चले। इसका स्वागत किया गया। तो कांग्रेस ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव क्यों नहीं जीते? सत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करता है, चुनाव के दौरान चौबीसों घंटे कोशिश करता है, लेकिन पार्टी में कुछ गद्दार कैसे ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे पार्टी हार जाएगी। राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकमात्र उम्मीद हैं। जब वह पार्टी में सक्रिय या सक्रिय होते हैं, तो पार्टी में कुछ न कुछ जान होती है, लेकिन इस बीच वह गायब हो जाते हैं, छुट्टी पर चले जाते हैं या विदेश चले जाते हैं। तो आपको किस पर भरोसा करना चाहिए? यह सवाल कार्यकर्ता पूछते हैं। कांग्रेस के पास राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नेतृत्व नहीं है जो कार्यकर्ताओं को ऊर्जा दे सके, राज्य में कार्यकर्ताओं को सक्रिय रख सके। पार्टी के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जो युवाओं को कांग्रेस की ओर आकर्षित करे। तो पार्टी का विकास कैसे होगा। अगर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का एक बेटा भाजपा में है और दूसरा क्षेत्रीय पार्टी में है, तो उन जिलाध्यक्षों पर कौन भरोसा करेगा। पार्टी को जुर्माना लगाना चाहिए कि प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष या नगर अध्यक्ष चुनाव न लड़ें। ऐसे पदों पर बैठे नेता पार्टी का नामांकन करवाते हैं और अपने दम पर चुनाव लड़ते हैं, इसलिए उन्हें पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के प्रचार पर ध्यान देने का समय नहीं मिलता है। अगर प्रदेश अध्यक्ष या जिलाध्यक्ष अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में फंस गए हैं तो पार्टी के अन्य उम्मीदवार कैसे चुने जाएंगे। उन्हें चुनाव साजो-सामान कौन मुहैया कराएगा। अहमदाबाद में सत्र में राहुल गांधी के भाषण में भी यही मुद्दे थे। उन्होंने संसद में वक्फ विधेयक पर बहस में भाग नहीं लिया। यदि विपक्ष के नेता संवे. दनशील मुद्दे पर नहीं बोलते हैं, तो विपक्षी बेंचों के सदस्यों को क्या संदेश जाएगा। जब इस मुद्दे पर चर्चा चल रही थी, तब प्रियंका गांधी वाड्रा संसद में भी नहीं आईं, इसलिए पार्टी को क्या सीखना चाहिए।

---

# लोकतांत्रिक भारत : हमारा कर्तव्य हमारी जिम्मेदारी



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

लोकतंत्र केवल अधिकारों का मंच नहीं, बल्कि नागरिकों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का साझेधार भी है। भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्हें न्याय, समानता, संवाद, स्वच्छता, कर भुगतान, और संस्थाओं के प्रति सम्मान जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। लो. कतंत्र की मजबूती सत्ता पर निगरानी, सूचनाओं की सत्यता, और सामाजिक सहभागिता से आती है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाते हैं, तब लो. कतंत्र केवल एक दिखावटी ढांचा रह जाता है। अत: लो. कतंत्र को जीवित, सशक्त और प्रासंगिक बनाए रखने के लिए हर नागरिक को आत्मनिरीक्षण करते हुए यह पूछना होगा: क्या मैं केवल अधिकार चाहता हूं या जिम्मेदार भी हूं।लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, एक जीवनशैली है। यह नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और न्याय का वादा करता है, लेकिन साथ ही उनसे सजगता, जागरूकता और जिम्मेदारी की अपेक्षा भी करता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, पर क्या हम इसके सबसे



### जनतंत्र की जान: सजग नागरिक और सतत भागीदारी

जिम्मेदार नागरिक भी हैं? क्या हमने लोकतंत्र को केवल एक वोट देने का औज़ार मान लिया है या फिर हम इसके गहरे मूल्यों और कर्तव्यों को समझते हैं।

### लोकतंत्र: अधिकार नहीं, दायित्व भी...

भारतीय संविधान ने हमें कई मौलिक अधिकार दिए हैं। बोलने की आज़ादी, धर्म की स्वतंत्रता, जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार। पर संविधान ने केवल अधिकार नहीं दिए, कर्तव्यों की भी नींव रखी। 1976 में 42वें संशोधन द्वारा संविधान में 11 मौलिक कर्तव्य जोड़े गए। इनमें राष्ट्र की अखंडता की रक्षा, संविधान का सम्मान, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना जैसे पहलू शामिल हैं। पर विडंबना यह है कि अधिकांश नागरिक अपने अधिकारों को लेकर सजग हैं, लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीन। सड़क पर गंदगी देखकर हम सरकार को कोसते हैं, पर खुद कचरा फेंकने से नहीं चूकते। टैक्स चोरी को 'चालाकी' समझते हैं, पर सरकार की नीतियों को 'भ्रष्ट' कहते हैं। यही वह मानसिकता है जो लोकतंत्र को खोखला करती है।

### लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका...

एक स्वस्थ लोकतंत्र तभी संभव है जब उसके नागरिक सक्रिय, जागरूक और नैतिक हों। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, चुनावों के बीच की जिम्मेदारियों से भी चलता है। नागरिकों को सरकार की नीतियों पर नजर रखनी चाहिए, मीडिया की सच्चाई को परखना चाहिए, और गलत को गलत कहने का साहस दिखाना चाहिए। आज जब सोशल मीडिया सूचनाओं का सबसे तेज़ माध्यम बन गया है, वहां झूठ और नफरत तेजी से फैल रही है। एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका है कि वह सूचना की सत्यता की जांच करे, नफरत की राजनीति का शिकार न बने और डिजिटल विवेक से कार्य करे।

### न्याय, समानता और संवाद की संस्कृति...

लोकतंत्र की बुनियाद न्याय और समानता पर टिकी होती है। लेकिन आज भी जाति, धर्म, वर्ग और भाषा के आधार पर भेदभाव जारी है। गांवों में दलितों को मंदिरों में प्रवेश से रोका जाता है, शहरों में मुस्लिमों को मकान नहीं दिया जाता, आदिवासियों की ज़मीनें छीनी जाती हैं। यह सब लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह समाज में समानता और सह-अस्तित्व की संस्कृति को बढ़ावा दे। मतभेद होना लोकतंत्र का सौंदर्य है, पर मतभेद को मनभेद में बदलना उसकी कमजोरी है। संवाद, सहिष्णुता और सहमति की भावना ही लोकतंत्र को जीवंत रखती है।

### सत्ता पर निगरानी और जवाबदेही...

लोकतंत्र में सत्ता की असली ताकत जनता के हाथों में होती है। लेकिन अगर जनता ही अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो जाए, तो सत्ता बेलगाम हो जाती है। आज हमें नेताओं से सवाल पूछने की जरूरत है। उनके वादों, कार्यों और नीतियों पर। लेकिन क्या हम ऐसा करते हैं, या फिर जाति, धर्म और व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार पर उन्हें आंख मूंदकर समर्थन देते हैं? एक लोकतांत्रिक नागरिक को न तो सत्ता से डरना चाहिए, न ही अंधभक्ति में डूबना चाहिए। जवाबदेही, पारदर्शिता और जनसुनवाई की मांग करना हर नागरिक का दायित्व है। लोकतंत्र में शासक नहीं, प्रतिनिधि होते हैं और प्रतिनिधि को जवाब देना होता है।

### सरकारी संस्थाओं और कानून का सम्मान...

लोकतंत्र की नींव उसकी संस्थाओं से मजबूत होती है कृ न्यायपालिका, संसद, चुनाव आयोग, सूचना आयोग, और स्वतंत्र मीडिया। लेकिन जब जनता ही इन संस्थाओं के प्रति सम्मान नहीं रखती, तो उनके निर्णयों का महत्व घटने लगता है।

कानून का पालन, न्यायिक फैसलों की गरिमा और चुनावी प्रक्रिया की शुचिता की रक्षा नागरिकों की जिम्मेदारी है। अगर हम खुद ही कानून तोड़ेंगे, रिश्वत देंगे, या कोर्ट के निर्णय को जातिगत चश्मे से देखेंगे, तो लोकतंत्र खोखला हो जाएगा।

### सामाजिक भागीदारी और राष्ट्र निर्माण...

लोकतंत्र का अर्थ केवल सरकार से अपेक्षा करना नहीं है, बल्कि खुद राष्ट्र निर्माण में योगदान देना भी है। स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों, गांवों में काम करने वाले स्वच्छता कर्मचारियों, पर्यावरण के लिए काम कर रहे युवाओं ये सभी लोकतंत्र के सच्चे स्तंभ हैं। हर नागरिक के छोटे-छोटे प्रयास, जैसे वोट देना, स्वच्छता में भागीदारी, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, या भाषाई सौहार्द बनाना कृ लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं।

### लोकतंत्र की चुनौतियां और हमारी भूमिका...

आज लोकतंत्र को कई मोर्चों पर खतरे हैं ध्रुवीकरण और नफरत की राजनीति, जनता में बढ़ती उदासीनता, सूचना के नाम पर दुष्प्रचार, स्वतंत्र मीडिया और न्यायपालिका पर दबाव। इन खतरों का सामना केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिकों से ही संभव है। जब हर व्यक्ति अपने दायित्व को समझेगा, तब ही लोकतंत्र स्वस्थ रहेगा।

---

## जयंती का शोर, विचारों से गैरहाज़िरी

हर चौक-चौराहे पर अब, सजती है एक माला
बाबा साहब की तस्वीरें, और सस्ती सी दीवाला
नेता भाषण झाड़ रहा है, मंच सजा है भारी
पर संविधान की आत्मा है, अब भी बहुत बेचारी
टोपियां नीली, झंडे ऊंचे, लगती क्रांति की टोली
लेकिन सवाल ये उठता है, कहां है वो भूली बोली
जो कहती थी 'हम सब एक हैं', जो गूंज थी अधिकारों की
आज दबा दिया है वो आवाज़ को नारों की
मूर्ति की पूजा होती है पर, विचार नहीं अपनाते
जिसने कड़वा सच लिखा था, उससे क्यों अब कतराते
जाति हटे न संसद से, न स्कूलों के गलियारों से
दलित आज भी खड़ा है, न्याय की लंबी क़तारों में
फ्री का राशन दे देकर, सम्मान को बेच रहे
सत्ता की कुर्सी पर बैठ, संविधान को खींच रहे
शब्द बड़े हैं भाषण में, कामों में है खोट
बाबा कहते 'समता दो', ये देते वोट की नोट
बाबा का सपना था हर जन पावे भाग
न कोई हो छोटा-बड़ा, न हो कोई परायापन का दाग
पर आज जयंती के दिन भी, वही दोहराव का गीत
पिछड़ा, दलित, वंचित वर्ग बस भाषणों की प्रीत
नेता वही जो हाथ में माला, मन में पाखंड लिए
बाबा के नाम पर चलते हैं, पर मन में कपट सिए
पुस्तकें धूल खा रहीं हैं, विचारों पर ताले
फिर भी कहते हमने श्रद्धा के फूल डाले
जातिगत गणना से डरते, प्रतिनिधित्व से भागते
उनके नाम पे शपथ तो लेते, पर राह नहीं अपनाते
जो कहे 'हम बाबा के चेले', उनसे मेरा एक सवाल
क्या संविधान को जीया तुमने, या बस किया इस्तेमाल
न बंदनवार, न भाषण चाहिए, न ही माला भारी
बाबा की असली श्रद्धांजलि है
न्याय की जिम्मेदारी
श्रद्धांजलि जब सच्ची होगी,
जब न्याय खड़ा होगा
बाबा का सपना तब ही,
साकार बड़ा होगा



**प्रियंका सौरभ**

परमाणु मुद्दे पर खेमेनेई की शर्त मानने को ट्रम्प तैयार

# ईरान के रुख के आगे नर्म पड़ा अमेरिका

## तेहरान, दोनों ने कहा-वार्ता का पहला दौर 'सकारात्मक रहा



**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच शनिवार से परमाणु मुद्दे और प्रतिबंध हटाने के लिए वार्ता शुरू हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस वार्ता का ऐलान करते हुए कहा था कि हम ईरान के साथ प्रत्यक्ष वार्ता चाहते हैं और शनिवार को होने वाले वार्ता प्रत्यक्ष होगी, लेकिन अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। ईरान के बयान से पता चला है कि यह वार्ता ईरान की शर्तों के हिसाब से अप्रत्यक्ष हो रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय का कहना है कि अगले हफ्ते अमेरिका के साथ होने वाली वार्ता ओमानी मध्यस्थता के साथ अप्रत्यक्ष रहेगी और सिर्फ परमाणु मुद्दे और प्रतिबंधों को हटाने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे साफ हो गया है कि ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की बात नहीं मानी है और वार्ता अपने हिसाब से ही शुरू की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने सरकारी टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि बातचीत अप्रत्यक्ष रूप से जारी रहेगी। ओमान मध्यस्थ बना रहेगा, लेकिन हम भविष्य की वार्ता की जगह पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वार्ता केवल परमाणु मुद्दे और प्रतिबंधों को हटाने पर केंद्रित होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वार्ता शुरू होने से पहले ईरान को धमकी दी थी कि अमेरिका ईरान के साथ डील चाहता हैं, ट्रम्प का कहना है कि हम चाहते हैं कि ईरान के परमाणु ताकत न हो अगर हम इस डील पर नहीं पहुंचते हैं, तो ईरान के लिए परिणाम बुरे होंगे। साथ ही उन्होंने ईरान पर हमले करने की धमकी दी, जिनका नेतृत्व इजरायल करेगा।

वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची से मुलाकात की और बहुत सकारात्मक और रचनात्मक चर्चा की। बयान में कहा गया कि विशेष दूत विटकॉफ ने डॉ. अराघची को बताया कि उन्हें राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रम्प से निर्देश मिले हैं कि यदि संभव हो तो बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हमारे दोनों देशों के मतभेदों को सुलझाया जाए। ये मुद्दे बहुत जटिल हैं और विशेष दूत विटकॉफ का आज सीधा संवाद पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त करने की दिशा में एक कदम आगे है। साथ ही कहा कि दोनों पक्ष अगले फिर से मिलने की योजना बना रहे हैं। शनिवार की शुरुआत में ईरानी मीडिया ने भी वार्ता को रचनात्मक बताया और अगले सप्ताह और अधिक चर्चाओं की योजना का खुलासा किया। यह बैठक पहली बार थी जब ट्रम्प के व्हाइट हाउस लौटने के बाद से अमेरिका और ईरान ने सीधे बातचीत की। ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि ईरान को जल्दी से एक ऐसे समझौते पर पहुंचना चाहिए जो यह सुनिश्चित करे कि वह परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता या उसे सैन्य हमलों की आशंका का सामना नही करना पड़ेगा। जबकि ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार ओमानी राजधानी मस्कट में शनिवार को रचनात्मक माहौल में दोनों पक्षों के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता संपन्न होने के बाद ईरान और अमेरिका 19 अप्रैल को वार्ता का दूसरा दौर आयोजित करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और मध्य पूर्व में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच ढाई घंटे की वार्ता तेहरान के परमाणु मुद्दे और प्रतिबंधों में राहत पर केंद्रित थी। इसमें कहा गया कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए। इस बीच वार्ता स्थल से निकलते समय, दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने ओमानी विदेश मंत्री की उपस्थिति में कुछ मिनटों के लिए बात की।

## अमेरिका में एक और विमान हादसा, छह यात्री थे सवार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ वाले मैदान में गिर गया। विमान 6 लोगों को ले जा रहा रही थी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि हादसे में कितने लोगों की मौत हुई है कोई बचा भी है या नहीं? दुर्घटनास्थल पर कीचड़ और बर्फ जमी हुई है, जांच दल के रात तक पहुंचने की उम्मीद है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में शनिवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ वाले मैदान में गिर गया।

संघीय उड्डयन प्रशासन और पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर न्यूयॉर्क राज्य की राजधानी अल्बानी से लगभग 80 किमी दक्षिण में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान 6 लोगों को ले जा रहा रही थी। अंडरशेरिफ जैकलीन साल्वेटोर के अनुसार, कोलंबिया काउंटी शेरिफ कार्यालय को दोपहर के समय दुर्घटना की सूचना मिली।

अप्रवासियों की अमेरिका में आफत

# सोते-जागते पास रखने होंगे कानूनी दस्तावेज

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के नए नियम से अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दरअसल अब सभी अप्रवासियों को 24 घंटे अपने कानूनी दस्तावेज और पहचान पत्र साथ रखने होंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प का नया कार्यकारी आदेश अतिक्रमण से अमेरिकी लोगों की सुरक्षा 11 अप्रैल से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य अमेरिका में रह रहे अवैध अप्रवासियों को पकड़ना और उन्हें निर्वासित करना है। अमेरिका में एलियन रजिस्ट्रेशन रिक्वायरमेंट कानून साल 1940 से मौजूद है, जिसके तहत अमेरिका में रहने वाले सभी अप्रवासियों को पंजीकरण कराना होता है, लेकिन अभी तक इस कानून का सख्ती से पालन नहीं हो रहा था। अब ट्रम्प के नए कार्यकारी आदेश के बाद इस कानून का सख्ती से पालन किया जाएगा। व्हाइट हाउस की सचिव कैरोलिन लेविट ने बयान जारी कर कहा है कि सभी अवैध अप्रवासी, जो 30 दिन से ज्यादा अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें खुद को संघीय सरकार के समक्ष पंजीकृत कराना होगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और जुर्माना लगाकर निर्वासित कर दिया जाएगा।

नियमों के तहत 14 साल से ज्यादा उम्र के सभी अप्रवासियों को सरकार के समक्ष पंजीकरण कराना होगा और 14 साल से कम उम्र के बच्चों का पंजीकरण उनके माता-पिता को कराना होगा। 11 अप्रैल के बाद अमेरिका में आने वाले सभी अप्रवासियों को 30 दिनों के भीतर खुद का पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने वालों को जुर्माने और जेल की सजा, दोनों का प्रावधान है। अगर कोई अप्रवासी अपना पता बदलता है तो इसकी भी जानकारी 10 दिनों के भीतर सरकार को देनी होगी। नए नियमों के बाद अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों को परेशानी होगी और उन पर निर्वासन की तलवार लटक जाएगी। उल्लेखनीय है कि कानूनी तौर पर अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों, ग्रीन कार्ड धारक, एच-1बी वीजा या अन्य वैध अप्रवासियों को भी पंजीकरण कराना होगा। अमेरिका में करीब 54 लाख भारतीय हैं, जिनमें से करीब दो लाख से ज्यादा लोग अवैध अप्रवासी हैं।

## गाजा में स्थाई युद्ध विराम की गारंटी देने वाला प्रस्ताव सकारात्मक : हमास

**गाजा।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम के किसी भी प्रस्ताव के बारे में सकारात्मक है, जो स्थाई युद्ध विराम की गारंटी देता है और गाजा पट्टी से इजरायली सेना की पूरी तरह वापसी की गारंटी देता है। हमास ने एक बयान में कहा कि इस तरह के प्रस्ताव में फिलिस्तीनी लोगों की पीड़ा को समाप्त करना भी सुनिश्चित करना चाहिए और इसमें कैदियों की अदला-बदली का गंभीर सौदा भी शामिल होना चाहिए। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल मिस्र के निमंत्रण पर काहिरा के लिए रवाना हुआ। इसमें कहा गया है कि काहिरा में वे कतर और म्रि के मध्यस्थों से मिलेंगे। जो गाजा में इजरायली हमलों को रोकने और एक समझौते पर पहुंचने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि 18 मार्च को गाजा पट्टी में इजरायल द्वारा फिर से गहन हमले शुरू करने के बाद से कम से कम 1,563 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, 4,004 घायल हुए हैं।

# बर्बरता और आत्मघाती हमले

### 1 रूस का यूक्रेन पर हमला, 21 की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले का वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में मारे गए लोगों के शव सड़क पर बिखरे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान एक शख्स दूसरे घायल शख्स को उठाकर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। यूक्रेन पर रूस का यह हमला तब हुआ है, जब 2 दिन पहले ही अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ सीजफायर पर बातचीत करने के लिए रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने पुतिन से बात भी की थी। यूक्रेन पर शनिवार को रूसी मिसाइल हमले में एक भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनी कुसुम के गोदाम में आग लग गई। भारत में स्थित यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि रूस ने जानबूझकर राजधानी कीव में भारतीय गोदाम को निशाना बनाया है। यूक्रेनी दूतावास ने कहा-आज रूस ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी कुसुम के गोदाम पर मिसाइल से हमला किया।

### 2 अर्द्धसैनिक बलों के हमलों में 114 से ज्यादा मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में पिछले दो दिनों में दो विस्थापन शिविरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमलों में 114 से अधिक नागरिक मारे गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह बात कही। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य प्राधिकरण के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने बताया, कल (शुक्रवार) ज़मज़म विस्थापन शिविर पर आरएसएफ मिलिशिया द्वारा किए गए क्रूर हमले के परिणामस्वरूप 100 से अधिक नागरिक मारे गए, जबकि दर्जनों घायल हुए। उन्होंने कहा, आज (शनिवार) अबू शौक विस्थापन शिविर पर एक और मिलिशिया हमले के कारण 14 नागरिक भी मारे गए, जबकि दर्जनों अन्य घायल हुए।

### 3 अमेरिकी सेना ने यमन पर किए नए हवाई हमले

**सना।** अमेरिकी सेना ने शनिवार देर रात उत्तरी यमन में कई स्थानों को निशाना बनाते हुए 10 हवाई हमले किए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार हमले उत्तरी सादा प्रांत के अल-सलेम जिले, पश्चिमी होदेइदा प्रांत के अल-मुनीरा जिले और मध्य अल-बायदा प्रांत के अल-सौमाह जिले के व्यावसायिक संस्थान पर हुए। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि हूती के खिलाफ उसका अभियान जारी है। अमेरिका ने 15 मार्च को हूती बलों के खिलाफ अपना हवाई अभियान फिर से शुरू किया, जिसमें कहा गया कि हमलों का उद्देश्य समूह को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी नौसैनिक संपत्तियों के खिलाफ हमले शुरू करने से रोकना है। उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने कहा कि यदि इजरायल गाजा में अपना आक्रमण बंद कर दे।

### 4 इजरायल ने मध्य गाजा में हवाई हमले किए, अस्पताल तबाह

**गाजा।** इजरायल ने शनिवार देर रात सेंट्रल गाजा में हवाई हमले किए है। इन हमलों की चपेट में स्थानीय अस्पताल भी आ गया। अल-अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल के कर्मचारियों के मुताबिक परिसर के भीतर एक बिल्डिंग पर दो मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में इमरजेंसी और रिसेप्शन डिपार्टमेंट पूरी तरह तबाह हो गया है। हमले में आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक हमले से कुछ देर पहले एक फोन काल आई थी। इसमें उनसे इमारत को तुरंत खाली करने के लिए कहा गया था। इसके तुरंत बाद यह हमला हुआ। हमले पर इजरायली सेना की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले इजरायल ने दावा किया था कि इस इलाके से उसके ऊपर रॉकेट दागा गया था। इजरायली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इजरायली डिफेंस फोर्स आईडीएफ ने मोराग कारिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है।

### 5 इजरायली अमेरिकी बंधक का वीडियो जारी

**गाजा।** हमास की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने 7 अक्टूबर, 2023 से गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर का एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में, अलेक्जेंडर शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रहा था। मैं यहां क्यों हूं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर क्यों नही हूं? उसने पूछा।

अलेक्जेंडर जो कैद में रहते हुए 21 साल का हो गया। उसका जन्म इजरायली शहर तेल अवीव में हुआ था और वह अमेरिकी राज्य न्यू जर्सी में बड़ा हुआ था। 2022 में हाई स्कूल से स्नातक होने के बाद, वह सेना में भर्ती होने के लिए इज़रायल लौट आया। 7 अक्टूबर, 2023 को, दक्षिणी इज़रायल पर उनके आश्चर्यजनक हमले के दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया था। वीडियो में अलेक्जेंडर ने अपने संघर्षों को साझा किया और गाजा में चल रहे इज़रायली सैन्य अभियानों के बीच अपनी सुरक्षा के बारे में चिता व्यक्त की। अपनी रिहाई सुनिश्चित करने में विफल रहने को इजरायल सरकार को भी दोषी ठहराया।

# म्यांमार व ताजिकिस्तान में भूकंप के झटके



## 28 मार्च के बाद सैकड़ों बार कांपी यहां की धरती

**बैंकाक।** म्यांमार के 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद से लगातार धरती कांव रही है। आए दिन ही यहां भूकंप के झटके लग रहे हैं। इस बीच मध्य म्यांमार के एक छोटे से शहर मीकटिला के पास रविवार सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप ऐसे समय में आया है, जब देश 15 दिन पहले मध्य क्षेत्र में आए 7.7 तीव्रता के बड़े भूकंप की तबाही से जूझ रहा है। आज भी राहत व बचाव कार्य जारी है। लापता लोगों की तलाश जारी है। कई जगह मलबा फैला हुआ है।

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक, ताजा भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले और राजधानी नेपीताव के बीच में था। यहां पिछले महीने आए भूकंप में भारी नुकसान हुआ था। हजारों लोग हताहत हुए थे। इस भूकंप में कई सरकारी कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गए थे। 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जा मिन टुन के मुताबिक, शुक्रवार तक 28 मार्च के भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,649 थी, जबकि 5,018 लोग घायल हुए थे।

म्यांमार के मौसम विभाग ने बताया कि रविवार का भूकंप मंडालय से 97 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण में वुंडविन टाउनशिप के क्षेत्र में 20 किलोमीटर (12 मील) की गहराई में आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गहराई 7.7 किलोमीटर (4.8 मील) होने का अनुमान लगाया। वुंडविन के लोगों ने बताया कि भूकंप इतना शक्तिशाली था कि लोग इमारतों से बाहर निकल आए।

**दुशांबे।** ताजिकिस्तान में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने बताया कि भूकंप रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 4:24 बजे खुजंद शहर से 170 किलोमीटर से अधिक दक्षिण-पूर्व की दूरी पर आया।

भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 16 किलोमीटर की गहराई पर स्थित रहा। अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। कुछ घंटे पहले मध्य म्यांमार और पापुआ न्यू गिनी के तट पर क्रमशः 5.5 और 5.7 तीव्रता के भूकंप आए थे।

# ट्रम्प की हत्या के लिए युवक ने मां-बाप को मारा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विस्कान्सिन राज्य में फेडरल अधिकारियों ने हाल ही में 17 साल के युवक को अपने माता-पिता के कत्ल के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक ने फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने के लिए यह कदम उठाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारियों ने कोर्ट में बताया कि निकिता कैसाप नाम का यह युवक राष्ट्रपति ट्रम्प की हत्या करना चाहता था, इसके लिए उसे पैसे और संसाधनों की जरूरत थी। जांच कर्ताओं को उसके पास से कुछ लिखित दस्तावेजों और टेक्स्ट मैसेज मिले हैं, जिनमें राष्ट्रपति की हत्या और अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकने के अपील की गई है। वाउकेशा काउंटी अदालत के अनुसार, कैसाप पर 9 आरोप हैं, जिनमें हत्या के दो मामले और शव छिपाने के दो मामले शामिल हैं।

इसके अलावा तीन मामले राष्ट्रपति की हत्या, षड्यंत्र और मास डिस्ट्रक्शन के हथियारों का इस्तेमाल करने की साजिश के हैं। अभी तक कैसाप के वकीलों ने इस मामले पर मीडिया से कोई बात नहीं की है। ट्रम्प की हत्या से जुड़ा लेटर और तस्वीरें मिलीं आरोपी की मां तातियाना कैसप और उनके सौतेले पिता डोनाल्ड मेयर अपने घर के अंदर गोली लगने से मृत पाए गए। अधिकारियों का मानना है कि उनकी हत्या 11 फरवरी को की गई थी। पुलिस ने शुरू में कैसाप को अपने सौतेले पिता की एसयूवी चुराने और बंदूक रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कैसाप के फोन पर द ऑर्डर आफ नाइन एंगल्स से जुड़ी सामग्री मिली है, जो हिटलर के नाजी विचारों से प्रेरित चरमपंथी विचार रखने वालों का एक नेटवर्क है। जांचकर्ताओं के मुताबिक, उन्हें राष्ट्रपति की हत्या, बम बनाने और आतंकवादी हमलों से जुड़ा एक लेटर और कुछ तस्वीरों भी मिली हैं।

## घर में गोली मारी, फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होना चाहता था, हिटलर से प्रेरित था










# हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने ट्रम्प पर केस दर्ज कराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया है। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया है कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट प्रथम संशोधन का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कालरशिप, और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। गाजा में जारी इजरायल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फलस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पालिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी। ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डालर के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर भी यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

## फंड रोकने की धमकी दी थी, आरोप-यहूदी विरोधी नफरत रोकने में नाकाम